पेज 12 | बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0612-2577643, फैक्स नं : 0612-2577644 | पेज 06

चोटिल मार्क वुड पाकिस्तान...

प्रकाशन का 70वां वर्ष एक अखबार संपूर्ण बिहार ॥ श्री हरि ॥

सन्मार्ग

मूल्य ₹ 3.00

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

पटना, रविवार 08 सितंबर 2024 वर्ष : 19 । अंक : 235 । पृष्ठ : 12 Website : www.pmedia.in | E-mail : www.sanmargbiharnews@gmail.com शिकायत या सुझाव के लिए directorsanmarg@gmail.com पर मेल करें

मणिपुर के जरीबाम में हिंसा पांच लोगों की मौत

एजेंसी/इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक व्यक्ति अपने घर पर ही मारा गया और ग्रामीणों की रखवाली कर रहा एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया। इन दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। गांव के रक्षकों ने एकजुट होकर उग्रवादियों का पीछा किया और उनमें से तीन को गोली मार दी। कुकी उग्रवादी एक सितंबर से लोगों पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिये गये हैं। कुकी उग्रवादियों के ताजा हमलों का मैतेई समुदाय की एक महिला समेत पांच लोग और दो युवा लड़कियों समेत 16 लोग शिकार बन चुके हैं।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन की अंतिम तिथि 15 तक

एजेंसी/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के नामांकन तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, उत्साह और जोश का सम्मान करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए बच्चा भारतीय नागरिक होना चाहिए और भारत में रहता हो। उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

देश में टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर हुई 57 : भूपेंद्र

एजेंसी/नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि वर्तमान में टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर 57 हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार की देर शाम को चार दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'एटीआर थ्रू द लेंस' के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने यह बात कही। प्रदर्शनी सात- 10 सितंबर तक आयोजित की गयी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री यादव, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति टीएस ठाकुर, एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ रमाकांत पांडा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी सरकार लॉयन, चीता, हाथी और डॉल्फिन सहित कई प्रोजेक्ट चला रही है। देश में 33 ऐलिफेन्ट रिजर्व भी हैं और चीतों की कुल संख्या 26 हो गयी है। हमारे देश में फॉरेस्ट स्ट्रेंजर्स और विभिन्न राज्यों के लोकल ट्रायब्स जंगलों को बचाने के लिए कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत करते हैं। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर आरजू खुराना ने कहा, मैं इस प्रदर्शनी के माध्यम से आप सभी के सामने अपनी एक अनूठी फोटोग्राफिक यात्रा को दिखा रही हूं।

देश में 33 ऐलिफैंट रिजर्व भी हैं

मुख्यमंत्री ने गया में की पितृपक्ष मेले की तैयारियों की समीक्षा

श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखें ख्याल : नीतीश

असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर

साफ-सफाई और स्वच्छता का रखें पूरा प्रबंध

संवाददाता/गया। पितृपक्ष मेले में आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सरकार तत्पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री बड़ी संख्या में श्रद्धाभाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्षभूमि आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें। इसका ख्याल रखें कि आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस बात को नहीं भूल सकता हूं कि एक बार मुझे एक महिला श्रद्धालु ने बताया था कि यहां पिंडदानियों को काफी दिक्कत होती है। जब से हमें काम करने का मौका मिला, हमने पिंडदानियों की सुविधाओं को लेकर कई काम किये। हर वर्ष पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं और यहां आनेवाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेले में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। यह राजकीय मेला **शेष पेज 11 पर**

गयाजी डैम के जल को रखें स्वच्छ

पिंडदानियों की सहूलियत के लिए गयाजी डैम का कराया निर्माण

संवाददाता/गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि फल्गु नदी में निरंतर जलस्तर संधारण के लिए गयाजी डैम का निर्माण कराया गया है ताकि पिंडदानियों को तर्पण करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। यहां के जल को स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि गंगा का जल, **शेष पेज 11 पर**

'पिंडदान गया मोबाइल एप' से मिलेगी श्रद्धालुओं को जानकारी

संवाददाता/गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन 17 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। सभी महत्वपूर्ण वेदियों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी और सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। कार्य समितियों का गठन कर पदाधिकारियों **शेष पेज 11 पर**

सीएम ने विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ व एकीकृत जलनिकासी कार्य का किया उद्घाटन

विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

संवाददाता/गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फल्गु नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया। यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। साथ ही यह पथ विष्णुपद मंदिर को सीधे एनएच-82 से जोड़ेगा, जिससे संकीर्ण मार्ग से घूमकर मंदिर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस पथ से **शेष पेज 11 पर**

अत्याधुनिक सुविधा से लैस है सुपर स्पेशलिटी अस्पताल : जेपी नड्डा

मिथिलांचल ब्यूरो/दरभंगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बने 210 शैय्या वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। वही, उन्होंने शोभन में प्रस्तावित एम्स स्थल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि आज इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल समर्पित करता हूं, आपने आशीर्वाद दिया, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और मैं दूसरी बार स्वास्थ्य मंत्री बना, यह ताकत आपके पास है। उन्होंने कहा कि आपने हमें मौका दिया, हमने 60,000 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया। हम नीति निर्धारक हैं, लेकिन फैसला करनेवाले मालिक आप हैं। पहले इलाज के लिए आपको राज्य के बाहर जाना पड़ता था। 2014 में हमारी सरकार आयी। अब यहीं इलाज होता है।

विस्तार से पेज 04 पर

रैयतों की समस्याओं के समाधान को सरकार तत्पर : दिलीप

35 हजार गांवों के खतियान और 16 करोड़ दस्तावेज हुए ऑनलाइन

खुद बनाएं वंशावली, किसी से सत्यापन की जरूरत नहीं

स्व-घोषणा के लिए कट ऑफ डेट निर्धारित नहीं

पटना/विशेष संवादाता। पूरे बिहार में भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू हो चुका है। आमलोग सहित रैयत अपनी-अपनी जमीन के सर्वे के लिए परेशान हैं। कोई तहकीकात में जुटा है, तो कई लोग कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। विशेष भूमि सर्वेक्षण शुरू होने से लोगों में भागदौड़ मची हुई है। स्थिति यह है कि राहत पाने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से भी लोगों के मिलने-जुलने का सिलसिला जारी है। रैयतों ने इस सिलसिले में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल मिला। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने रैयतों से मिलने के बाद स्पष्ट कहा कि भूमि सर्वेक्षण का काम चल रहा है, तो इससे चिंतित होने और घबराने की कोई बात नहीं है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग रैयतों की समस्याओं से अवगत है और उनके समाधान के लिए पूरी तरह सजग और तत्पर है। उन्होंने कहा कि खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान रसीद जैसे राजस्व अभिलेख तथा दस्तावेज सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध हैं। मोबाइल या लैपटॉप से विभाग के वेबसाइट पर आसानी से सभी प्रकार के दस्तावेज देखा जा सकता है। उन्होंने रैयतों से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वेबसाइट से प्रिंट निकालने और स्व-घोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की अपील की। श्री जायसवाल ने रैयतों की परेशानी के मद्देनजर कहा कि अगर आपके पास कागजात कम हैं या आधे-अधूरे हैं तो भी स्व-घोषणा करें और इसमें न चूकें। कहा कि स्व-घोषणा के लिए अभी कोई कट ऑफ डेट निर्धारित नहीं किया गया है। राजस्व मंत्री ने कहा कि विभाग ने करीब 16 करोड़ राजस्व दस्तावेजों को डिजिटाइज करा कर ऑनलाइन कर दिया है। इसमें करीब 35 हजार गांवों का खतियान भी शामिल हैं। इससे पूर्वजों की जमीन के बारे में आसानी से जानकारी मिल जायेगी। ये सभी मुफ्त में ऑनलाइन उपलब्ध है। भूमि सर्वे के लिए लगान रसीद भी ऑनलाइन या अद्यतन होना आवश्यक नहीं **शेष पेज 11 पर**

12 जिलों के डीएम बदले गये

42 आईएएस व पांच विप्रसे के अधिकारियों का तबादला

वैभव श्रीवास्तव बने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक

भोजपुर के डीएम राजकुमार को बनाया गया कंफेड का प्रबंध निदेशक

पटना/विशेष संवाददाता। सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने 42 आईएएस और बिहार प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके तहत 12 जिले अरवल, अररिया, जमुई, भोजपुर, लखीसराय, रोहतास, समस्तीपुर, बेगूसराय, मधेपुरा, किशनगंज, शेखपुरा , शिवहर के डीएम भी बदले गये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार कुमार गौरव को अरवल, अनिल कुमार को अररिया, अभिलाषा शर्मा को जमुई,मिथिलेश मिश्र को लखीसराय, उदिता सिंह को रोहतास, रौशन कुशवाहा को समस्तीपुर, तुषार सिंगला को बेगूसराय, तनय सुलतानिया को भोजपुर, तरनजोत सिंह को मधेपुरा, विशाल राज को किशनगंज, आरिफ अहसन को शेखपुरा, विवेक रंजन मैत्रेय को शिवहर का डीएम बनाया गया है। जारी सूची के अनुसार वैभव श्रीवास्तव को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का निदेशक बनाया गया है। वही, भोजपुर के डीएम राजकुमार को अब कंफेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार को राजकुमार को कम्फेड का एमडी पंकज कुमार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक, नैय्यर इकबाल को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण का विशेष सचिव, राकेश कुमार को निदेशक चकबंदी, नवीन कुमार को राज्य परिवहन आयुक्त, इनायत खान को निबंधक सहायोग समितियां, सुनील कुमार यादव को श्रम संसाधन विभाग का अपर सचिव, योगेंद्र सिंह को माध्यमिक शिक्षा निदेशक, आनंद शर्मा को पंचायतीराज निदेशक, जितेंद्र गुप्ता को बिहार राज्य योजना पर्षद का संयुक्त सचिव, विद्यानंद सिंह को निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी योजना एवं विकास बनाया गया है।

लैंड फॉर जॉब मामला

लालू-तेजस्वी को जारी नहीं हुआ समन, फैसला टला

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब 13 को होगी सुनवाई

एजेंसी/नयी दिल्ली। 'लैंड फॉर जॉब' मामले में शनिवार को लालू प्रसाद और उनके पुत्र तेजस्वी यादव को फिलहाल राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी करने पर आदेश टाल दिया। मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। इस मामले में एक आरोपी ललन चौधरी की इस दौरान हुई मौत को लेकर कोर्ट ने आरोपी का डेथ सर्टिफिकेट जमा करने को कहा, तो ईडी ने आरोपी ललन चौधरी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अदालत को सौंप दी। इस मामले में ईडी ने कुल 11 आरोपी बनाये थे। सुनवाई के दौरान अबतक तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि सीबीआई ने 7 जून 2024 को रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अंतिम आरोपपत्र दाखिल किया था। इसमें बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद व 78 लोगों के नाम शामिल हैं।

विदिशा में भीषण सड़क हादसा, चार श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी/विदिशा। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के लटेरी के पास शनिवार को तड़के अज्ञात वाहन की टक्कर से राजस्थान के निवासी कार सवार चार यात्रियों की मौत हो गयी और लगभग छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के झालावाड़ क्षेत्र के यात्री एक कार से धार्मिक यात्रा से लौट रहे थे। तड़के लटेरी के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गयी। इस भीषण टक्कर में कार सवार चार यात्रियों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। घायलों को लटेरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि शवों को कार से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। कार को टक्कर मारने वाले वाहन के बारे **शेष पेज 11 पर**

विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : मोदी

विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कार देकर सामर्थ्यवान बनाएं शिक्षक

एजेंसी/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शिक्षक वर्ग का आह्वान किया है कि वे अपने विद्यार्थियों को शिक्षण-प्रशिक्षण, संस्कार-सुधार करके उनको इस तरह सामर्थ्यवान बनाएं, ताकि वह आनेवाले समय में विकसित भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने में समर्थवान हों। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य सबकी जिम्मेदारी है, जिसमें शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्कूलों की तुलना शिक्षक की प्रयोगशाला और बच्चों की तुलना कच्चे माल से की। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षण पुरस्कार से सम्मानित देश भर के शिक्षकों से शनिवार को संवाद कर रहे थे। यह कार्यक्रम विडियो कांफ्रेंसिंग और साक्षात, मिले जुले तरीके से आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा,जिसको (जिन विद्यार्थियों को) आज आप तैयार कर रहे हैं, वो उस विकसित भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला एक सामर्थ्यवान व्यक्तित्व बननेवाला है। यानी आपके पास कितनी बड़ी जिम्मेदारी है, ये विकसित भारत, ये कोई सिर्फ मोदी का कार्यक्रम नहीं है। पीएम मोदी ने कक्षाओं की तुलना मानव संसाधन विकास की **शेष पेज 11 पर**

सेवा से बर्खास्त हुईं विवादित आईएएस पूजा खेडकर

एजेंसी/नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने विवादों में घिरी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की 2023 के महाराष्ट्र कैडर की अधिकारी पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। खेडकर पर धोखाधड़ी करने और सेवा में अपना चयन सुनिश्चित करने के लिये अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विकलांगता कोटा लाभों का गलत तरीके से लाभ उठाने का आरोप था, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया था। केंद्र ने छह सितंबर के आदेश के तहत आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत खेडकर को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सुश्री खेडकर, **शेष पेज 11 पर**

सुनीता विलियम्स के बिना धरती पर उतरा अंतरिक्ष यान स्टारलाइनर

तकनीकी खराबी के कारण अगले साल तक अंतरिक्ष में रहेंगी बुच विल्मोर व सुनीता विलियम्स

एजेंसी/न्यूयॉर्क। बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से लगभग छह घंटे की यात्रा के बाद शनिवार तड़के अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में उतरा। इस अंतरिक्ष यान में कोई यात्री सवार नहीं था, क्योंकि दो अंतरिक्ष यात्रियों को तकनीकी खराबी के कारण अगले साल तक अंतरिक्ष में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बिना चालक दल का अंतरिक्ष यान शुक्रवार को पूर्वी समय के अनुसार लगभग 6:04 बजे पर स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग हो गया और पूर्वी समय के अनुसार शनिवार को लगभग 12:01 बजे न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर में उतरा। गौरतलब है कि पांच जून को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से प्रक्षेपित स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स सवार थीं। स्टारलाइनर के परिक्रमा प्रयोगशाला के पास पहुंचने के दौरान नासा और बोइंग ने हीलियम लीक की पहचान की और अंतरिक्ष यान के रिएक्शन कंट्रोल थ्रस्टर्स के साथ समस्याओं का सामना किया। शुरू में, अंतरिक्ष यात्री जोड़ी को **शेष पेज 11 पर**

विकसित भारत के लिए हर व्यक्ति को देना होगा योगदान : उपराष्ट्रपति

पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक फलक पर भारत की बनी सशक्त पहचान

एजेंसी/गोरखपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'वर्ष 2047 तक विकसित भारत' की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए आज कहा कि विकसित भारत के हवन में प्रत्येक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है। उपराष्ट्रपति ने शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आये बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने '2047 तक विकसित भारत' की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील की। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रहीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आये परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। उन्होंने कई पहलुओं पर योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे यह विश्वास भी था। सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश के स्वर्णकोष पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां धारा 370 समाप्त होने के बाद दो.तीन वर्ष **शेष पेज 11 पर**

02_02.qxd 9/7/2024 10:48 PM Page 1

कांग्रेस ने दलितों को कभी नहीं दिया हक : नड्डा

एनडीए ने देश को, तो विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

भाजपा समान अवसर और अधिकार देनेवाली पार्टी

पटना/विशेष संवाददाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दलितों से सिर्फ वोट लिया, लेकिन दलितों को हक कभी नहीं दिया। कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को लोकसभा पहुंचने में भी अड़ंगा खड़ा किया। भाजपा के सहयोग से चल रही केंद्र की तत्कालीन वीपी सिंह की सरकार ने ही बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित किया। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद ही संविधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस ने सिर्फ दलित वोटबैंक की राजनीति की, लेकिन उपेक्षित तबके विकास की कभी चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां सबको समान अवसर और अधिकार मिलता है। भाजपा में ही यह संभव है कि एक कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बन सकता है, नरेंद्र मोदी इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में एक अदना सा कार्यकर्ता अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन अन्य दलों में खास परिवार और विशेष जाति का ही कोई व्यक्ति अध्यक्ष बन सकता है। कहा कि एनडीए सरकार ने देश को आगे बढ़ाया, जबकि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा पटना सिटी में खाजेकलां घाट के निकट दलित बस्ती में आयोजित सदस्यता अभियान को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, उपमुख्यमंत्रीद्वय सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री नड्डा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लोकसभा का पहला दलित अध्यक्ष बनाया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार में आज भाजपा के 71 मंत्रियों में 10 दलित, 27 पिछड़ा वर्ग से और 5 आदिवासी समुदाय के मंत्री हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 4 करोड़ आवास में 1.77 करोड़ आवास दलित और आदिवासी समुदाय के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा गांव, गरीब, वंचित, दलित, शोषित, किसान, युवा और महिला सशक्तिकरण की पार्टी है। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा ने दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें सवा करोड़ सदस्य बनाये जा चुके हैं। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां छह वर्ष पर प्रधानमंत्री से लेकर मंडल अध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारियों की सदस्यता का नवीकरण किया जाता है, जबकि अन्य पार्टियां जाति, क्षेत्र और परिवार पर आधारित हैं।

जेपी नड्डा ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को सदस्यता अभियान में भाग लेने से पहले पटनासिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा गये। उन्होंने पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन किया और मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा के प्रबंधक कमिटी ने मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सरोपा भेंटकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार जायसवाल, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन किया और मत्था टेका।

बिहार में एनडीए शासन में हुआ बदलाव : विजय

समेकित और टिकाऊ विकास सरकार की प्राथमिकता

परिवारवादी पार्टियों को रास नहीं आ रहा बदलता बिहार

पटना/विशेष संवाददाता। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दावा करते हुए कहा कि डेढ़ दशक के एनडीए शासन में ही बिहार में बदलाव हुआ है। डबल इंजन सरकार में बिहार लगातार बढ़ भी रहा है और बदल भी रहा है। 2005 से लेकर अब तक राज्य में करीब 14 साल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार रही है। इस दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था ने लगातार दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की है। जातीय उन्माद और महिला उत्पीड़न से जुड़ी हिंसा के कलंक को मिटा कर एनडीए सरकार ने न्याय के साथ समेकित विकास को सुनिश्चित किया है। पंचायती राज में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण, सरकारी सेवाओं में एक तिहाई से अधिक महिला आरक्षण का प्रावधान तथा जीविका जैसी पहल के कारण आज प्रदेश में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का वातावरण बना है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में भौतिक अवसंरचना के क्षेत्र में व्यापक प्रगति हुई है। पिछले एक दशक में निर्माण क्षेत्र से जुड़े सरकारी व्यय में डेढ़ गुणा, जबकि परिवहन, भंडारण और संचार के क्षेत्र के व्यय में लगभग ढाई गुना बढ़ोतरी हुई है। श्री सिन्हा ने दावा किया कि निर्माण, परिवहन, संचार, व्यापार तथा होटल सेक्टर में प्रदेश राष्ट्रीय औसत से भी अधिक गति से आगे बढ़ रहा है। 2005 से 2024 के बीच ग्रामीण पथ नेटवर्क सहित सड़कों और पुलों पर 1 लाख 54 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सड़क गड्ढे में अथवा गड्ढे में सड़क है, यह कह कर बिहार का उपहास उड़ाया जाता था, लेकिन बिहार आज विश्वस्तरीय अवसंरचना से लैस हो चुका है। कहा कि लालटेन युग में जीने को अभिशप्त बिहार में आज शत-प्रतिशत घरों तक बिजली पहुंच चुकी है। श्री सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार की प्राथमिकता केवल निर्माण और विकास नहीं है, बल्कि सतत और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना लक्ष्य है। कहा कि हालात बदल चुके हैं, हम सड़क निर्माण के साथ उसका अनुरक्षण पर भी बल दे रहे हैं। बिहार में खनन उद्योग को अवैध और आपराधिक परिपाटियों से मुक्त कर रोजगार और राजस्व का लाभकारी जरिया बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार ने वृहत खनन के क्षेत्र में प्रवेश किया है। हमारी नई पर्यटन और फिल्म प्रोत्साहन नीतियों के कारण निवेशकों में उत्साह का माहौल है ।श्री सिन्हा ने कहा विद्वेष और विभाजन को हवा देकर अपने परिवार की सत्ता सुरक्षित करने में जुटी ताकतों को यह बढ़ता और बदलता बिहार रास नहीं आ रहा ।

वियतनाम में महर्षि ज्ञानरत्न अवार्ड व इंटरनेशनल गोल्ड स्टार अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ राजनाथ झा

पटना/का.सं। इंटरनेशनल वैदिक एस्ट्रोलॉजी फेडरेशन अमेरिका द्वारा हनोई, वियतनाम में 1 से 5 सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में 2 सितंबर को ज्योतिर्वेद विज्ञान संस्थान, पटना के निदेशक बिहार के यशस्वी युवा ज्योतिषी डॉ राजनाथ झा ने ज्योतिष के मौलिक सिद्धांत पर आधारित व्याख्यान में वैदिक शास्त्रे में महिला सशक्तिकरण निर्धारित विषय पर भास्कराचार्य की पुत्री लीलावती ग्रन्थ पे अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।सारगर्भित व्याख्यान के लिए फेडरेशन की ओर से डॉ राजनाथ झा को महर्षि ज्ञानरत्न अवार्ड व इंटरनेशनल गोल्ड स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया । उन्होंने कहा जब सम्पूर्ण यूरोप गणति का क ख ग नही जानता था उस समय भारत मे लीलावती भारत मे महान गणितज्ञ थी बीज गणित से लेकर पार्ट गणित व खगोल को जानने के लिए भास्कराचार्य लीलावती के पिता का ग्रन्थ 11 वी सदी में रचा गया जो आज भी उपलब्ध है। हम भारतीयों का गणति विषय का ज्ञान अति प्राचीन काल से है गणति शास्त्र सम्पूर्ण विश्व को भारतीयों ने ही सिखाया शोध पत्र में डॉ झा ने ये बातें प्रमाणिक रूप से कही।

दुनिया में पीएम मोदी ने भारत का नाम ऊंचा किया : महाचंद्र

पटना/का.सं। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के बयान पर बीजेपी के नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में दुनिया के देशों के साथ भारत के रिश्तों में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। भारत कई मामलों में आज दुनिया के देशों की अगुवाई कर रहा है। मोदी सरकार की सशक्त विदेश नीति का ही नतीजा है कि दुनिया के कई देश बहुत सारे क्षेत्रों में भारत की अगुवाई को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन का यह बयान यूक्रेन में शांति के लिए भारत, चीन और ब्राजील को मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। ये साबित करता है कि विश्व के शक्तिशाली देशों में पीएम मोदी की स्वीकार्यता बढ़ी है। पूरी दुनिया में पीएम मोदी ने भारत को का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

अपने गुनाहों की सजा से बच नहीं सकते लालू-तेजस्वी : प्रभाकर

पटना/का.सं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने लालू और तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि लालू-तेजस्वी को अपने गुनाहों की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी। 'जैसी करनी -वैसी भरनी' तो विधि का विधान हैं। लालू और तेजस्वी जितना हाथ-पैर मार लें, उन्हें अपने कर्म का फल भोगना ही होगा। श्री मिश्र ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 'लैंड फॉर जॉब' मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू-तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन पर आदेश शनिवार को भले ही टाल दिया है, लेकिन लालू और उनके परिजन अपने गुनाहों की सजा से बच नहीं सकते। कोर्ट से सिर्फ सप्ताह भर की राहत मिली है। समन जारी करने को लेकर 13 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। लालू और उनके संगी-साथियों को जेल जाना तय है। श्री मिश्र ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी का राजनीतिक कैरियर उदय होने के पहले ही अस्त होने की ढलान पर है।

सांसद ने दिया सड़क मरम्मत की राशि की स्वीकृति पर सीएम को धन्यवाद

पटना/विशेष संवाददाता। पटना साहिब के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राजधानी पटना की सड़कों की मरम्मत के लिए 124 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन को धन्यवाद दिया है। श्री प्रसाद ने कहा कि पटना की सड़कों की मरम्मत, सुधार और नवीकरण के लिए स्थानीय सांसद होने के नाते राज्य सरकार से आग्रह करते रहें है।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंसः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर कार्यक्रम

पटना/का.सं। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, बिहार प्रांत शाखा और लोक प्रशासन विभाग, एएन कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्वनाथ प्रसाद मेमोरियल लेक्चर के तहत 'बिहार गवर्नेंस में आर्टिफिशल इंटेलिजेंसः संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें आमंत्रित वक्ताओं ने अपनी राय रखी। प्रथम वक्ता के तौर पर भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, दिल्ली के महानिदेशक और सेवानिवृत आईएएस एसएन त्रिपाठी ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आज की माँग है। डिजिटल क्रांति के बाद यह और आवश्यक हो गया है। यह उत्पादकता में वृद्धि करने के साथ शिक्षा -स्वास्थ्य को सुलभ और लचीला बनाता है। वहीं आईआईपीए, बिहार प्रांत के अध्यक्ष और सेवानिवृत आईएएस विजय प्रकाश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस वैश्विक स्तर पर उभर रहा है, किसी भी राज्य और देश को इससे कदम-से -कदम मिलाकर चलने होंगे। जबतक हम इससे अपडेटेट नहीं होंगे, कहीं-न -कहीं राज्य और देश में पिछड़ेपन और कमजोरी आएगी, हालांकि इसकी चुनौतियों से भी सावधान रहने की जरूरत है।वहीं इस संस्थान के कुलसचिव ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस एक ओर नौकरी और बेरोजगारी की समस्याएं बढ़ा रहा है,वहीं दूसरी ओर यह नौकरी के नए दरवाजा खोल रहा है. जो इसमें रूचि लेकर इसे अपना रहे हैं , वे इस क्षेत्र में अच्छा जॉब भी कर रहे हैं, उन्हें इसमें नौकरियों की अपार सम्भावनाएं दिख रही हैं। गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अपनी बात रखी। एएन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने भी अपनी बातें रखीं और कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस नई नौकरियों के द्वार खोल रहा है।

पिता का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं : चिराग

हाजीपुर/रंजेश। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के नाम की नेमप्लेट का गलत इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। इसके बाद केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस मामले को लेकर आपत्ति जतायी है एवं जिला प्रशासन से इसे लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मीडिया और पत्रकार साथियों के माध्यम से यह सूचना प्राप्त हुई कि हाजीपुर में मेरे नेता, मेरे पिता के नाम की नेमप्लेट का गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया, जो की अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस विषय के संज्ञान में आने के बाद मैंने तुरंत कार्रवाई के लिए स्थानीय जिला प्रशासन और सिपेट संस्थान के अधिकारियों से बात की। मैंने निर्देश दिया कि नेमप्लेट को पुनः सम्मानजनक स्थान पर लगाया जाए और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मेरे नेता का अपमान किसी भी स्थिति में मुझे कतई बर्दाश्त नहीं है और इस घटना में जो भी दोषी होगा, उस पर हर हाल में कार्रवाई की जाएगी।

गणेश चतुर्थी : लालू- राबड़ी व तेजस्वी ने दी बधाई

पटना/का.प्र। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचन्द्र राम ,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने राज्यवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

भाजपा नेता ने चलाया सदस्यता अभियान

पटना/का.सं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा सलारपुर की दलित बस्ती में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गयी। भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार शाह, रणविजय सिंह, मनोज मोलदियार, सुजीत कान्त, पासवान, बलराम पासवान, गुंजन पासवान, कंचन वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कुंवर विजय पासवान ने कहा कि सदस्यता समावेशी और सर्वस्पर्शी होगी। पूरे बिहार में 15 लाख अनुसूचित जाति समाज के लोग पाटी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। आज मोर्चा ने शुरुआत में 101 दलितों को एक बूथ पर सदस्य बनाया गया है।

बिहार में भाजपा-जदयू की लहर नहीं : कांग्रेस

पटना/का.सं। बिहार में विकास का दावा करने वाले डबल इंजन की सरकार असल में विनाश के राह पर बिहार को ले जा रही है। ये भाजपा जदयू की लहर नहीं बल्कि बिहार के लिए कहर काल चल रहा है जहां कानून व्यवस्था से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पंगु हो चुकी है। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में न शासन है न प्रशासन है और जिसको इसे व्यवस्थित करना है वो रोज अपने गठबंधन को बचाने की कवायद में सुबह शाम कसमें वादे निभाते हुए सार्वजनिक मंचों पर दिख रहे हैं। ये बताने को काफी है कि बिहार की

नड्डा के आने से दूर हुआ दरभंगा एम्स को लेकर कनफ्यूजन : संजय झा

पटना/दरभंगा/का.सं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा दी गई भूमि का स्थल निरीक्षण किया। साथ ही डीएमसीएच परिसर में नवनिर्मित 210 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा जी के खुद दरभंगा आकर एम्स के लिए राज्य सरकार द्वारा दी गई जमीन का स्थल निरीक्षण करने से दरभंगा एम्स को लेकर हर तरह का कन्फ्यूजन दूर हो गया है। जेपी नड्डा जी ने स्पष्ट कहा है कि दरभंगा एम्स देश के बेहतरीन एम्स में से एक होगा। संजय कुमार झा ने बिहार को दूसरा एम्स देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यह दूसरा एम्स दरभंगा को देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार देश का दूसरा राज्य है, जिसे दो एम्स मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जब बिहार को दूसरा एम्स दिया, तब इसकी मांग कई शहरों से हो रही थी। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने तय किया कि पीएमसीएच के बाद बिहार का दूसरा सबसे पुराना अस्पताल डीएमसीएच है, इसलिए दूसरा एम्स भी दरभंगा में ही बनेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बार-बार यह भी स्पष्ट किया है कि दरभंगा एम्स तक फोरलेन कनेक्टिविटी देने के साथ-साथ और जो भी जरूरत होगी, राज्य सरकार अपने स्तर से कराएगी। संजय कुमार झा ने कहा कि दरभंगा एम्स मिथिला के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगा। प्रदेश में अब सड़क संपर्कता इतनी अच्छी है कि उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों के साथ-साथ नेपाल तक से लोग दरभंगा एम्स में आकर इलाज करा सकेंगे। आनेवाले वर्षों में दरभंगा इलाज का एक बड़ा केंद्र बनेगा और क्षेत्र में रोजगार के नये-नये अवसर पैदा होंगे।

भाजपा परिवार का हो रहा लगातार विस्तार : दिलीप

दलित समुदाय के भारी संख्या में लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

पटना/विशेष संवाददाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में शनिवार को खाजेकलां घाट के निकट दलित बस्ती में सदस्यता अभियान चलाया गया। भाजपा नेताओं ने श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेकने के बाद पार्टी के कार्यक्रमों की शुरुआत की। सदस्यता अभियान के दौरान भारी संख्या में दलित समुदाय के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी नेताओं के साथ कार्यकर्ता कमलेश पासवान के घर जाकर कुल्हड़ में चाय की चुस्की ली। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि भाजपा परिवार का लगातार विस्तार हो रहा है, जो हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है। कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने भारी संख्या में अनुसूचित जाति के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलायी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही राष्ट्रहित की बात करने और सोचने वाली पार्टी है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ दो सितंबर को हुआ था। पूरे देश के में छह वर्ष पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही पार्टी के राष्ट्रवादी मिशन से जुड़ने के इच्छुक लोग भी इसका हिस्सा बनते हैं।

मुकेश सहनी ने गणेश चतुर्थी पर सपरिवार की गणपति की पूजा

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। पूर्व मंत्री और विकासशील इंसान पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी अपने मुम्बई स्थित आवास पर गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सिद्धिविनायक गणपति बप्पा की सपरिवार पूजा-अर्चना की। श्री सहनी विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणपति बप्पा से जनमानस के सुख, शांति व समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। श्री सहनी ने शनिवार को मुंबई स्थित आवास पर भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित कर सपरिवार पूजा अर्चना की। सुबह पूर्व मंत्री के परिजनों द्वारा बप्पा का स्वागत किया गया । पूजा के दौरान भगवान गणपति को लड्डू का भोग लगाया गया और आरती उतारी गई। पार्टी के प्रमुख सहनी ने कहा कि आज प्रथम देवाधिदेव गणेशजी चतुर्थी है। उन्होंने गणेश चतुर्थी पर लोगों को शुभकमना देते हुए कहा कि विघ्नकर्ता गणपति सभी लोगों के जीवन से विघ्नों को दूर कर मंगल करें। गणपति जनमानस को सुख, शांति व समृद्धि तथा खुशहाली दें, यही कामना है।

शपथ पत्र

मैं, मुनेश्वर प्रसाद पुत्र स्व. गोखल प्रसाद साकिन बानुछापुर वार्ड नं. 12 थाना बानुछापुर जिला प. चम्पारण का स्थायी निवासी हूं। मेरे एल. आई. सी. पॉलिसी नम्बर 534600824 में मेरा नाम भुवनेश्वर प्रसाद अंकित है और मेरे अन्य कागजात बैंक खाता इत्यादि में मेरा नाम मुनेश्वर प्रसाद अंकित है। मुनेश्वर प्रसाद उर्फ भुवनेश्वर प्रसाद मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं, उक्त दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है, जो मैं स्वयं हूं। **शपथ पत्र सं. 15397 दिनांक 12.08.24**

AFFIDAVIT

I, AAYUSH KUMAR S/o Rajeev Ranjan R/0 Shubhagaya Sharma Path, Behind Sai Corporate Park, Bailey Road, Rukanpura, Patna 800014, Bihar. My correct name is AAYUSH KUMAR. By mistake my name is registered AAYUSH in place of AAYUSH KUMAR in policy of Tata AIA Life Insurance Company Vide Policy No.-C240069788.

Affidavit No. 38 Date 7.09.24.

शपथ पत्र

मैं राज गोपाल कुमार, पिता राज नन्दन शर्मा, पता [illegible], पो. जैतपुर, थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद, पिनकोड 824114 मेरी माताजी का नाम MALTI DEVI है, जो आधार से आधारित है एवं सही है। मेरे [illegible] में मेरे माताजी का नाम MALTIE DEVI अंकित है, जो गलत है। मेरे [illegible] में अंकित नाम को सुधार किया जावे, इसी आशय का मैं यह शपथ कर रहा हूं। शपथ पत्र नं०. 3920, दिनांक 24.08.2024

राजद ने बनाया 45 जिला प्रभारी

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। राजद पूरी तरह से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना शुरु कर दिया है। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजद में 45 जिला प्रभारी बनाए हैं। राजद कार्यालय में जिला प्रभारियों की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। दरअसल तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' को लेकर प्रदेश कार्यालय में जिला प्रभारियों की मीटिंग हुई। इसमें राजद ने 45 जिला प्रभारी बनाए हैं। कई जिलों को दो भागों में बांट कर प्रभारी बनाए गए हैं। अभी तक आरजेडी की तरफ से जिला प्रभारियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर भी फैसले लिए गए हैं। 2025 में विधानसभा चुनाव है। बूथ लेवल पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। इसको लेकर फिडबैक भी लिया है।

पीएम के सिंगापुर दौरे से दोनों देशों के आपसी संबंधों को मिलेगी नई ऊंचाई : डॉ कन्हैया

पटना/का.सं। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ कन्हैया सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया चुनेई और सिंगापुर दौर पर कहा कि इससे दोनों देशो के आपसी संबंधों को नयी ऊंचाई मिलेगी। इस दौरे से एक बार फिर यह साबित होता है कि भारत के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया कितनी अहमियत रखता है।इससे पहले वियतनाम और मलेशिया के शासनाध्यक्ष भी हाल-फिलहाल नई दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। जाहिर है, पिछले कुछ हफ्तों को यह गहमागहमी संकेत है कि दक्षिण-पूर्व एशिया को लेकर हमारा कूटनीतिक रुझान बदला है। हम 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' पर शिद्दत से आगे बढ़ रहे हैं और पहले जहां इस क्षेत्र को भारत आर्थिक नजरिये से ही देखा करता था, वहीं अब सामरिक संबंधों के लिहाज से भी इसकी अहमियत समझी जाने लगी है। डॉ सिंह ने कहा कि आसियान को लेकर भी इन दिनों अलग तरह का तनाव बना हुआ है, क्योंकि पहले यह एक प्रभावी संगठन माना जाता था, लेकिन अब काफी हद तक बंटा हुआ दिखता है। चीन के दखल ने इसे इस कदर विभाजित कर दिया है कि इसके सदस्य देश अलग-अलग नीतियों को आगे बढ़ाते दिखते हैं। वे क्षेत्रीय मसलों पर भी आम राय नहीं बना पा रहे। ऐसे में, यहां के देशों की मंशा भारत के साथ रिश्ते बेहतर बनाने की है, क्योंकि हम किसी गुट के सदस्य नहीं हैं और हमारी बढ़ती आर्थिक ताकत उनके लिए कई नए अवसर पैदा कर सकती है।इस दौरे से निस्संदेह सिंगापुर का स्थान सबसे ऊपर है, क्योंकि यह बहुत पहले से भारत का सहयोगी रहा है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के दौर से लेकर अब तक सिंगापुर और भारत के आपसी रिश्ते लगातार आगे बढ़े हैं। वहां जाने वाले भारतवंशियों ने भी इस संबंध को काफी निखारा है। यही कारण है कि सिंगापुर हमेशा यह बकालत करता रहा है कि दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत बड़ी भूमिका निभाए। अमेरिका और चीन के तनाव से जो समस्याएं इस क्षेत्र में पैदा हो रही हैं, उनसे पार पाने में भी भारत की मदद की बात वह बार-बार दोहराता रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के यहां कई तरह के निवेश कर रहे हैं। अब कौशल विकास, बानी स्किल डेवलपमेंट पर जोर देने पर सहमति बनी है।

बिहार में संगठन को खड़ा करने में केसरी का महत्वपूर्ण योगदान : शुक्ल

पटना/का.सं। विद्यार्थी विकास परिषद, पटना महानगर के द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बिहार प्रांत के प्रथम संगठन मंत्री रविंद्र केसरी शिक्षक सम्मान समारोह ए. एन. कॉलेज, पटना के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय एवं मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा प्रा केसरी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के द्वारा सभी प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। विदित हो की प्रोफेसर रविंद्र केसरी का जन्म मुंगेर जिला में हुआ था। उनकी शिक्षा पीएचडी बॉटनी से हुई थी। 1959 में पटना साइंस कॉलेज के प्रोफेसर बने। सन् 1972 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् बिहार प्रदेश के प्रथम संगठन मंत्री बने। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि प्रा केसरी के अंदर बाल्य-काल से ही देश सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। वे कर्मठ एवं कुशल प्रशासक थे। जब बिहार प्रदेश में उन दिनों अभाविप के गिने-चुने कार्यकर्ता हुआ करते थे, उस विषम परिस्थितियों में भी कठिन परिश्रम और लगन से संगठन को खड़ा करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका संपूर्ण जीवन बिहार एवं संगठन के लिए समर्पित रहा है। श्री शुक्ला ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान का ऐतिहासिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का योगदान साम्राज्य स्थापना से लेकर रामराज्य की संकल्पना एवं सिकंदर की शक्ति को पराजित करने तक रही है। गुरु एवं शिष्य के एक साथ आने से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। गुरु एवं शिष्य का मार्ग एकात्म का मार्ग है। उन्होंने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती रही है, हमारे गुरुओं ने इसे अपने तप, त्याग एवं दीक्षा से सींचा है। हमें इस आधारशिला पर निर्माण करने की आवश्यकता है तथा हमें अपनी बिहारी पहचान पर गौरव करने की आवश्यकता है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने समाज को जोड़ने में अभाविप के राष्ट्रीय योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि वे राष्ट्रवादी छात्र संगठन अभाविप से जुड़े और देश को पुनः विभाजित करने की मंशा रखने वाले छद्म भेषियों से सतर्क रहने का आगाह किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कहानी उन्हीं की लिखी जाएगी, जो अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति से ही राष्ट्र शक्ति संभव है, तभी जाकर भारत विकसित एवं विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि आज के भारत में क्रांति लाल सलाम से नहीं, अपितु छात्रों के अंदर वैज्ञानिक ललक से उत्पन्न होगी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र चेतना के प्रजवल्लन में विवेकानंद का अहम योगदान रहा है। स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था, और आज के भारत में भी नरेंद्र नाम का प्रधानमंत्री भारत एवं भारतीयता का बीजारोपण कर रहा है। समाज में शिक्षकों के योगदान को उन्होंने नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि वो ज्यादा से ज्यादा छात्रों में गुणवत्ता की बीज बोएं और छात्रों का दायित्व है कि वे अधिक से अधिक अपने शिक्षकों से ग्रहण करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप के प्रान्त संगठन मंत्री रौशन सिंह, सदस्य प्रतिभा कुमारी, महानगर अध्यक्ष डा मुकेश झा, महानगर संगठन मंत्री प्रशांत गौतम, महानगर मंत्री प्रियरंजन सिंह , आलोक तिवारी,पप्पू वर्मा ,रजनीश कुमार,मोनालिशा घोष, शशि कुमार ,अजय पटेल, हरेराम कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष डा बैकुंठ रॉय ने किया।

दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

मुआवजा भुगतान के साथ कार्यों में लाएं तेजी

कन्हौली बस टर्मिनल के भू-अर्जन कार्यों का भी लिया जायजा

घनश्याम बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, खगौल के कुछ अंश कॉरिडोर में आने पर हुई समीक्षा

पटना/संवाददाता। दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य तथा कन्हौली बस टर्मिनल के भू-अर्जन कार्यों का जिलाधिकारी, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को एलिवेटेड कॉरिडोर के मार्ग में आ रही संरचनाओं का नियमानुसार स्थानांतरण करने, विद्यालयों के लिए उपयुक्त विकल्प खोजने, विधिपूर्वक अतिक्रमण हटाने, मुआवजा भुगतान में तेजी लाने तथा निर्माण कार्यों में प्रगति लाने का निदेश दिया। डीएम ने कहा कि कार्यों में अच्छी प्रगति है। जो भी छोटी-मोटी समस्याएं आ रही हैं उसका क्षेत्रीय पदाधिकारी तत्परतापूर्वक समाधान कर रहे हैं। अनुमंडलाधिकारी को अतिक्रमण उन्मूलन, भू-अर्जन, संरचनाओं का स्थानान्तरण, विद्यालयों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तथा निर्माण कार्यों में प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया है। डीएम सबसे पहले घनश्याम बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, खगौल पहुंचे। एनएचएआई द्वारा बताया गया है कि इस विद्यालय का कुछ अंश दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के मार्गरेखन में आता है। लगभग 3 फ्लोर पर स्थित 6 कमरा को तोड़ना पड़ सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विद्यालय है। अगल-बगल के क्षेत्रों नेउरा, खगौल एवं सदिसोपुर से लगभग 1400 बच्चियां यहां पढ़ती हैं। अधिकारियों को निदेश दिया गया है कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य इस प्रकार किया जाए कि बालिकाओं के पठन-पाठन पर कोई प्रभाव न पड़े। साथ ही एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का कार्य भी न रूके। अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर को सभी विकल्पों को तलाशने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय का निर्माण कराने हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित करने का भी निदेश अंचलाधिकारी, दानापुर को दिया गया। जिलाधिकारी ने इसके लिए आज स्वयं विद्यालय के पीछे स्थित खाली फील्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद्, खगौल के परित्यक्त भवन को एक सप्ताह के अंदर खाली करने का निदेश नगर कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। अनुमंडल पदाधिकारी को संरचना को ध्वस्त कराने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर जनहित की एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे पटना-बिहटा का आवागमन काफी सुगम हो जाएगा। दो साल में परियोजना को पूर्ण किया जाना है।

निर्माण कार्यों में प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण करें

बिहटा/संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य तथा कन्हौली बस टर्मिनल के भू-अर्जन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को एलिवेटेड कॉरिडोर मार्ग में आ रही संरचनाओं का नियमानुसार स्थानांतरण करने, विद्यालयों के लिए उपयुक्त विकल्प खोजने, विधिपूर्वक अतिक्रमण हटाने, मुआवजा भुगतान में तेजी लाने तथा निर्माण कार्यों में प्रगति लाने का निदेश दिया। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि कार्यों में अच्छी प्रगति है। जो भी छोटी-मोटी समस्याएँ आ रही है उसका क्षेत्रीय पदाधिकारी तत्परतापूर्वक समाधान कर रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर को अतिक्रमण उन्मूलन, भू-अर्जन, संरचनाओं का स्थानान्तरण, विद्यालयों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तथा निर्माण कार्यों में प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया। वही बस अड्डा निर्माण का जायजा लेते हुए अधिकारी को कई दिशा निर्देश दिया।

पीएमसीएच के सेवानिवृत डॉ आरपी सिन्हा सम्मानित

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु रोग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो डॉ आरकेपी सिन्हा समेत सात चिकित्सकों को महावीर आरोग्य संस्थान में सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महावीर आरोग्य संस्थान में समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महावीर आरोग्य संस्थान के प्रभारी निदेशक और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ राजीव रंजन प्रसाद ने पीएमसीएच के पूर्व प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष प्रो सिन्हा को सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि शिक्षक समाज का आधार स्तंभ होता है। किसी भी व्यक्ति के निर्माण में शिक्षक की महती भूमिका होती है।

लेमन ट्री प्रीमियर मे मनाया गया पंजाबी फूड फेस्टिवल

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। लेमन ट्री प्रीमियर में पंजाबी फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। यह फेस्टिवल 8 सितंबर से 15 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान पंजाब के विभिन्न प्रकार के व्यजनों की प्रदर्शनी होगी। इसके तहत, छोले कुलचे, सरसो का साग, अमृतसरी फिश, चिकेन बटर मसाला, सब्ज बिरयानी, पाया सोरबा, पटियाला मुर्ग, ढाबा सब्ज कीम, कुक्कड का कुकू, पेशावरी मुर्गा टीका, दाल लंगर वाला, राजमा चावल, पंजाबी कड़ी चावल, छोले चावल सहित अनेक व्यंजनों का लुफ्त उठा सकते हैं।

लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट गणपति पूजा की धूम

पटना/का.सं। गणेश चतुर्थी पर लर्निंग स्कूल आफ क्रिकेट, श्रीराम खेल मैदान, सुल्तानपुर मठ दानापुर में भव्य रूप से गणपति बप्पा की पूज की गई। भगवान गणेश की प्रतिमा के पास विशेष रूप से क्रिकेट प्रशिक्षुओं ने ट्रॉफी, मेडल बैट बल्ला रखकर बिहार क्रिकेट की स्थिति में सुधार लाने की मन्नत मांगी। वहीं पूजा में लर्निंग स्कूल के निदेशक सह प्रशिक्षक नवीन कुमार जजमान रहे, जबकि पुरोहित भोला बाबा रहे।

पूर्व मुखिया को जेडीयू ने दी श्रद्धांजलि

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। फुलवारी शरीफ नोहसा पंचायत के बोचा चक के पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार सिंह का बीमारी के कारण निधन हो गया। सूचना मिलते ही जेडीयू ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि देने पहुंचे नेताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वर्गीय मिथिलेश कुमार सिंह ने आजीवन गरीबों की मदद की और उनके उत्थान में लगे रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री नीरज कुमार, राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व विधायक अरुण मांझी, बिहार राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष अंजुम आरा, पूर्व मुखिया शैलेंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, शत्रुघन पासवान, सच्चिदानंद फुद्दू सिंह सहित पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार सिंह के पुत्र राहुल व नीतीश सहित सैकड़ो की संख्या में जदयू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

माफिया रंजीत को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। जिले के रानी तालाब थाने के गेट पर गोली मारकर हत्या करने वाले माफिया रंजीत चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने उत्तराखंड के ऋषिकेश से गुरुवार को रंजीत की गिरफ्तारी हुई है।। बालू माफिया रंजीत पर 2 लाख का इनाम था। बता दें कि भोजपुर, पटना, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में रंजीत पर हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला समेत 27 केस दर्ज हैं। बता दें कि बीते वर्ष 6 नवंबर 2023 को कार सवार बदमाशों ने बालू ठेकेदार देवराज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पटना के रानीतालाब थाने के गेट पर ही वारदात को अंजाम दिया गया था। इस दौरान देवराज का निजी बॉडीगार्ड भी लाइसेंसी हथियार के साथ मौजूद था, फिर भी उसकी जान नहीं बच सकी थी।

भारत विकास परिषद द्वारा समूह गान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

पटना/का.सं। भारत विकास परिषद, सत्यम शाखा एवं मैत्री शाखा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन प्रेमचंद रंगशाला में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इसमें पटना के 14 चयनित विद्यालयों से लगभग 150 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लियो इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश प्रेम की भावना को जगाना एवं अपने संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह , प्रांतीय सचिव अभिषेक कुमार एवं अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया प्रांतीय संगठन सचिव मुन्ना प्रसाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

गोबिंदपुर गांव की सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

खुसरूपुर/संवाददाता। थाना क्षेत्र के बैकठपुर पंचायत के गोबिंदपुर गांव जाने वाली सड़क से शनिवार को अतिक्रमण हटाया गया।गांव के कुछ लोगों द्वारा दुहः साहस करते हुए सड़क पर अतिक्रमण कर मकान का पिलर खड़ा कर दिया था।इससे गांव में आने जाने वाले लोगों के समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी।सड़क पर अतिक्रमण को लेकर गांव में काफी तनाव व्याप्त था।लंबी सुनवाई के बाद अतिक्रमित सड़क को अंचलाधिकारी उत्तम राहुल द्वारा मुक्त कराया गया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मेयर ने किया खादिम का उद्घाटन

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। नाला रोड खादिम अब नए रूप नए अंदाज में अपने ग्राहकों की सेवा के लिए तत्पर है जिसका उद्घाटन पटना मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, खादिम इंडिया के एजीएम कौशिक दत्ता, सीनियर मैनेजर कृष्णेंदु चटर्जी एवं फ्रेंचाइजी पार्टनर सरोज कुमार, शिशिर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि वैसे तो नाला रोड खादिम वर्षों से अपने ग्राहकों की सेवा दे रहा है लेकिन अब यह शोरूम आधुनिक संरचना के साथ बनाया गया है। फ्रेंचाइजी ऑनर सरोज कुमार ने बताया कि यह शोरूम में फुटवियर के अलावा स्कूल बैग, लेडीज बैग, पर्स, बेल्ट, मौजा एवं शु ब्रश, शू पॉलिश का विशाल संग्रह उपलब्ध है।

आईपीएस नयर हसनैन खान बने एसएसबी के आईजी

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। बिहार से एक और आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। राज्य सरकार के एनओसी के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें जिम्मेदारी भी सौंप दी है। आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान को एसएसबी का आईजी बनाया गया है। गृह मंत्रालय ने पत्र जारी किया है। मंत्रालय ने बिहार सरकार के चीफ सेक्रेटरी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के लेवल 14 पे मैट्रिक्स पर ज्वाइन करेंगे। प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद दिया गया है। वह अगले 5 साल तक या फिर अगले आदेश तक डेपुटेशन पर रहेंगे। गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव से कहा है कि नैयर हसनैन खान को जल्द बिहार से रिलीव करने को कहा है।

प्रोसो प्यारे रेस्टुरेंट में लें लजीज व्यंजन का स्वाद

पटन/कार्यालय प्रतिनिधि। प्रोसो प्यारे रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट का शुभारंभ दानापुर-खगौल रोड में स्थित रुद्राक्ष एंड केशरी कॉम्प्लेक्स में किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन भभुआ जिला के पूर्व जिलाधीश आरपी सिंह व रेस्टोरेंट के प्रबंध निदेशक मनीष कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर आरपी सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उक्त रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट आसपास के लोगों को एक बेहतरीन स्वाद से रूबरू कराएगा। वहीं निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि यहां किसी भी तरह के इवेंट, पार्टी, बर्थडे, एनिवर्सरी आदि को होस्ट करने के लिए 15 टेबल की कैपेसिटी के साथ रेस्टोरेंट और 200 लोगों की क्षमता के साथ बैंक्वेट में काफी उत्तम व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट में आपको इंडियन, चाइनीज, मुगलई, कॉन्टिनेंटल और भी कई तरह के पकवानों का लुत्फ उठाने का आनंद मिलेगा।

श्री दादीजी सेवा समिति का 36 वां स्थापना दिवस मना

पटना/का.सं। बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में आज श्री दादीजी सेवा समिति का 36 वां स्थापना दिवस गणेश चतुर्थी के दिन धूमधाम से मनाया गया। मौके पर दादीजी मंदिर को खूब अच्छी तरह देशी विदेशी फूलों से सजाया गया। मौके पर गणेशजी की पूजन की गयी तथा 108 किलो लड्डू का भोग चढ़ाया गया। मुख्य यजमान के रूप में सूर्य नारायण एवं बबिता नारायण ने पूजा अर्चना की। मौके पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलायें एवं पुरुषों ने गणेश वंदना की। भक्तजन भक्ति में नाचते झूमते गा रहे थे। मौके पर दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 36 वर्ष पूर्व 1989 में दादीजी सेवा समिति की स्थापना एक बहुत ही छोटे रूप में की गयी थी जो भक्तों के सहयोग से आज वट वृक्ष की तरह बढ़ गया है और समाज में सेवा का कार्य कर रहा है।

महावीर मन्दिर में विधि-विधान से गणेश पूजन संपन्न

पटना/का.सं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पटना के प्रसिद्ध महावीर मन्दिर में गणेश पूजन किया गया। महावीर मन्दिर के दक्षिणी भाग में स्थित भगवान गणेश की दिव्य प्रतिमा के समक्ष सुबह 7 बजे पूजन प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व गणपति की प्रतिमा को नये वस्त्र पहनाए गये। उन्हें फूल-माला से सुशोभित किया गया। महावीर मन्दिर के पुरोहित पंडित गजानन जोशी ने वैदिक विधि-विधान से गणेश पूजन संपन्न कराया। पूजा पर महावीर मन्दिर के वैदिक पुरोहित ओंकार नाथ बैठे थे। पूजन के बाद गणेश जी की आरती की गई। उसके बाद वहां उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता माना जाता है।

फुलवारी में मारपीट व पथराव मामले में 31 लोग भेजे गये जेल

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। फुलवारीशरीफ संगत पर गौशाला में प्रशासन द्वारा जिम्मेनामा पर रखे गए पशुओं को बिना पुलिस को सूचना दिए दूसरे जगह शिफ्ट करने के बाद हुए दो गुटों में मारपीट पथराव मामले में जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने लोगों से शांति बहाल रखने की अपील करते हुए कहा कि कानून अपने हाथ में नहीं लें। लोग गुप्त तरीके से प्रशासन पुलिस को सहयोग करें। इस मामले में अपने से ही निबटाने में नहीं लग जांए। मारपीट व पथराव मामले में दोनों तरफ से कुल 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी लोगों को जेल भेज दिया है। इस संबंध में फुलवारी थाने में 31 नामजद एवं 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। थाना अध्यक्ष मशहूद अहमद हैदरी ने बताया कि शांति भंग करने समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।. फिलहाल संगतपर चौराहा टमटम पड़ाव और आसपास के इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि हालत ना बिगड़े।

भगवान गणेश को 30 लाख का मुकुट पहनाया गया

राम मंदिर की तर्ज पर बना पंडाल

पटना/कार्यालय संवाददाता। राजधानी में भी महाराष्ट्र मंडल की ओर से गणेश चतुर्थी पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। भगवान की प्रतिमा को 30 लाख रुपए से बने सोने और हीरा जड़ित मुकुट पहनाया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान श्री गणेश की भव्य आरती गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के पूरा पंडाल गूंज उठा। पुरुष हो या महिलाएं, पूजा के मौके पर हर कोई मराठी लुक में नजर आए। महाराष्ट्र मंडल के सचिव संजय भोंसले ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। हर साल की तरह ही इस बार भी भगवान की प्रतिमा मुंबई से मंगाई गई। इस बार गणेश की प्रतिमा 6 फीट की है। संजय भोसले ने आगे बताया कि भगवान को हर दिन 101 किलो मोदक का भोग लगाया जाएगा। 12 सितंबर को राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर खुद यहां आकर भगवान की पूजा करेंगे। इस बार राम मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। संजय भोंसले ने बताया कि मुकुट को मुंबई के कारीगरों ने तैयार किया है, जिसके बाद इसे पटना लाया गया है। इसमें 18 कैरेट का सोना है। मुकुट में 5 कैरेट का हीरा भी लगाया गया है। जिसमें छोटे-बड़े हीरे की संख्या 50 से अधिक है। इस मुकुट का वजन 190 ग्राम है। इसकी चमक दूर से दिखती है। सांगली से पगड़ी बांधने के लिए कलाकारों को बुलाया गया है। आज के पूजा में संस्था के अध्यक्ष जयचंद पंवार, सचिव संजय भोंसले आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

कार्यकर्ता एकजुट होकर अधिक सदस्य बनाएं : ज्ञानू

बाढ़/संवाददाता। बाढ़ विधान सभा क्षेत्र से टिकट और उम्मीदवारी को लेकर कार्यकर्ता पूरी तरह से आश्वस्त रहें तथा किसी के बहकावे में आकर भ्रम में नही पड़ें। टिकट में कहीं कोई अगर - मगर नही है और भाजपा हमारी पार्टी भी है और भाजपा में मेरी अच्छी खासी पहचान भी है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पुराना व्यक्तिगत तथा पारिवारिक संबधं रहा है और आज भी है,यही वजह है कि बाढ़ विधान सभा क्षेत्र के बारे में सोंचने एवं मुंह खोलने तथा खुद ही चुनावी घोषणा करने बाले की मुंह तुरन्त बंद हो गयी।यह बातें भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू ने अथमलगोला बाजार में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुये कही।

विशेष कैंप का डीएम ने किया निरीक्षण

हाजीपुर/संवाददाता। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने शनिवार को भारतमाला परियोजना के तहत अदलबारी-मानिकपुर एनएच 139 डब्लू के निर्माण के लिए भूअर्जन कार्य में तेजी लाने तथा रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए वैशाली अंचल में आयोजित विशेष शिविरों का निरीक्षण किया और पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। वे वैशाली अंचल में आयोजित तीनों कैम्प यथा पंचायत भवन, भगवानपुर रत्ती, मध्य विद्यालय, मानपुरा तथा एमटीएस हाई स्कूल, वैशाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने वैशाली के अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया कि वे कल रैयतों से आवेदन प्राप्त करने के लिए डोर टू डोर कम्पेन चलाएं तथा भगवानपुर रत्ती पंचायत में पुनः कैंप आयोजित करें। मालूम हो कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर इस कार्य हेतु लालगल अंचल में 4 और 5 सितंबर को तथा वैशाली अंचल में 6 और 7 सितंबर को विशेष कैंप आयोजित किया गया था। पिछले चार दिनों में करीब 18 करोड़ राशि की मुआवजे के लिए लगभग 400 से अधिक आवेदन विशेष कैंप में प्राप्त हुए हैं।

एयरपोर्ट रनवे विस्तार के लिए पश्चिमी छोर पर सर्वे का काम शुरू

बिहटा/सं। पिछले तीन दिनों से बिहटा एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए पश्चिमी छोर पर बाधित सर्वे का काम दानापुर एसडीओ दिव्य शक्ति के आश्वासन पर आखिरकार शुरू हो गया। ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रकट करते हुए इस सर्वे कार्य करने को प्रशासन को अनुमति दे दी कि अगर रिपोर्ट पूरा आने के बाद उनके साथ ज्यादती हुई तो आगे वह किसी प्रकार का काम नहीं करने देंगे। गौरतलब है कि बिहटा एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार के लिए सरकार को बिहटा में 190.50 एकड़ जमीन अधिग्रहण करना है। इसके लिए पूर्वी एवं पश्चिमी छोर दोनों ही तरफ प्रशासन की ओर से सर्वे का काम कराया जा रहा है। पूरी छोर पर प्रशासन ने 90 पक्का एवं 40 कच्चा मकान होने का दावा किया है। इसी प्रकार पश्चिमी छोर पर भी सर्वे का काम कराया जा रहा है। जिसकी कार्रवाई पूरी होने के बाद दोनों ही रिपोर्ट बिहार सरकार को भेजी जाएगी। पिछले तीन दिन से पश्चिम छोर पर सर्वे के काम को लेकर विवाद चल रहा था। यहां रहने वाले कोरहर, गोकुलपुर एवं मठिया तथा देवकुली गांव के कुछ भाग में रहने वाले ग्रामीणों को लग रहा था की पिछले कई दिनों से लगातार पूरी छोर पर रनवे विस्तार की सूचना आ रही थी।

पिता, पुत्र व पुत्री का सिर फोड़ा

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। फुलवारी शरीफ पर राष्ट्रीय गंज मोहल्ले में घर के आगे बाइक लगाने के मामूली विवाद में एक घर में घुसकर पूरे परिवार को लाठी-डंडे व रॉड से पीट कर जख्मी कर दिया गया। मारपीट में होटल संचालक संजय कुमार पंडित, पुत्र अनिकेत कुमार एवं पुत्री कोमल कुमारी का सिर फट गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुलवारीशरीफ में इलाज कराया गया। होटल संचालक की पत्नी रीता देवी ने बताया कि स्थानीय थाने में नामजदों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज होने के बावजूद किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मारपीट आपस के रिश्तेदारों हैं और वे फरार हैं।

एआईईईएसई ने की छात्रवृति देने की घोषणा

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। एआईईईएसई ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट उम्मीदवार 2025 के लिए परीक्षा की तिथि की घोषणा की है। उक्त परीक्षा अगले साल अप्रैल में देश भर के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार उक्त परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा मान्यता प्राप्त कॉलेजों में प्रवेश के अवसर प्रदान करने के साथ कोर्स फीस तक की छात्रवृत्ति देती है। उक्त जानकारी एआईईईएसई के जेनरल मैनेजर इम्तियाज अंजुम ने दी है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग व जेईई उम्मीदवारों के लिए एआईईईएसई प्राईमरी परीक्षा पूरी कोर्स फीस तक की छात्रवृत्ति देती है। वहीं एआईईईएसई सेकेंडरी परीक्षा उन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है जो आईआईटी, एनआईटी या ट्रीपल आईटी में सीटें सुरक्षित करते हैं।

लोगों को रुला रही जर्जर सड़क

जलजमाव ने स्कूली बच्चों के स्कूल जाने पर लगाया ब्रेक

दानापुर/संवाददाता। एक ऐसी सड़क जिस पर नहीं चाहने के बावजूद लोगों का जाना मजबूरी बन जाती है। उन्हें भय सताता है कि कहां पानी भरा गड्ढा आ जाये और वे कहीं उसमें गिर न जायें। यह सोचकर ही वे सहम जाते हैं। उनका सोचना भी लाजिमी है। क्योंकि, इस सड़क पर अक्सर स्कूली बच्चे, बाइक व साइकिल सवार गिरते रहते हैं। बात हो रही है त्रिभुवन स्कूल के पश्चिमी गेट के सामने आशोपुर विलेज रोड, खगौल की। यह पिच रोड है, बावजूद इसकी हालत इतनी जर्जर है कि गड्ढे में सड़क है या फिर सड़क में गड्ढे, सोचने को आप मजबूर हो जायेंगे। इस सड़क के किनारे करीब 10 हजार की आबादी बसी हुई है। उनलोगों का आने-जाने का एक यही रास्ता है। इस रोड के आसपास करीब एक दर्जन स्कूल जैसे (त्रिभुवन स्कूल, होली क्रॉस, गोविंदा इंटरनेशनल स्कूल इत्यादि हैं)। बावजूद, नगर परिषद दानापुर का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। मुहल्ले के लोग करीब पांच वर्षों से सड़क के खास्ता हाल के बारे में संबंधित अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं, लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। बारिश के इस मौसम में हरदम रोड पर पानी जमा रहने से बच्चे स्कूल जाने के नाम पर ही सहम जाते हैं। मुहल्ले में एक बड़ा नर्सिंग होम भी है, जहां अक्सर मरीज व उनके परिजन आते-जाते रहते हैं। लेकिन, सड़क की जर्जरता मरीजों को क्लीनिक में जाने पर ब्रेक लगा देती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब पांच वर्षों से हमलोग जिल्लत की जिंदगी जी रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो वह समय दूर नहीं कि हमलोग मजबूर होकर अपना मकान-फ्लैट बेचकर कहीं अन्यत्र नहीं चले जायें।

MSME
भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-विकास कार्यालय
पाटलीपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना-800013

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत
प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला

दिनांक: 13 से 15 सितम्बर, 2024 स्थान: गाँधी मैदान, पटना, बिहार

"प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का उद्देश्य"
अपने उत्पादों और कौशल को व्यापक स्तर पर दर्शकों के सामने प्रदर्शित करना।
संभावित ग्राहकों और खरीदारों से जुड़ना।
साथी लाभार्थियों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ नेटवर्क बनाना।
अपने उत्पादों और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिक्रिया और मार्गदर्शन प्राप्त करना।

लाभार्थी कारीगर
* बढ़ई * सुनार *गुड़िया एवं खिलौना निर्माता
* नाव निमार्ता *कुम्हार *मछली पकड़ने का जाल निर्माता
* मालाकार * लोहार * मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला)
* धोबी *राजमिस्त्री *मोची (चर्मकार) / जूता कारीगर
* नाई * दर्जी * ताला बनाने वाला
*अस्त्रकार *हथौड़ा, टूल किट निर्माता
*टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता बुनकर

इस प्रदर्शनी में आपके उत्पादों का बृहद स्तर पर प्रदर्शन कर बाजार को विस्तार प्रदान किया जायेगा।

इच्छुक पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी जिनके पास पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी पहचान पत्र है, वे प्रतिभागी का नाम, पीएम विश्वकर्मा ट्रेड, पता, मोबाईल नम्बर, ईमेल आईडी, उत्पाद (प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित किये जाने वाले), पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी पहचान पत्र, पंजीकरण संख्या, पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र, श्रेणी आदि विवरण के साथ सादा कागज पर लिख कर दिनांक 11 सितम्बर 2024 तक व्यक्तिगत अथवा ईमेल आईडी dcdi-patna@dcmsme.gov.in पर जमा कर सकते हैं। प्रदर्शकों का चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे:
निदेशक
एमएसएमई-विकास कार्यालय, पटना
पाटलीपुत्र औद्योगिक प्रांगण, पटना-800013
Email: dcdi-patna@dcmsme.gov.in Web: dcmsme.gov.in
0612-2262186, 2262568

CBC 25113/12/0063/2425

अत्याधुनिक सुविधा से लैस है सुपर स्पेशलिटी अस्पताल : जेपी नड्डा

डीएमसीएच में केन्द्रीय मंत्री ने किया 210 शैय्या वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन

शोभन में प्रस्तावित एम्स स्थल का किया निरीक्षण

मिथिलांचल ब्यूरो/दरभंगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बने 210 शैय्या वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने शोभन में प्रस्तावित एम्स स्थल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि आज इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल समर्पित करता हूं, आपने आशीर्वाद दिया, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और मैं दूसरी बार स्वास्थ्य मंत्री बना, यह ताकत आपके पास है। उन्होंने कहा कि आपने हमें मौका दिया, हमने 60000 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज दिया। हम नीति निर्धारक हैं, लेकिन फैसला करने वाले मालिक आप हैं। पहले ईलाज के लिए आपको राज्य के बाहर जाना पड़ता था। 2014 में हमारी सरकार आई। अब यहीं ईलाज होता है। 2014 के पहले गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए बिहार के बाहर जाना पड़ता था। अब नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी हो इन सब का ईलाज दरभंगा में ही किया जाएगा। गंभीर बीमारी के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। अब डीएमसीएच एवं दरभंगा में एम्स बन जाने से जल्द ही ईलाज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 190 करोड़ रुपए का ऑप्थोमोलॉजी डिपार्मेंट को खड़ा किया गया है, जहां 1000 से ज्यादा कार्निया का ट्रांसप्लांट हुआ है, आज अत्याधुनिक चक्षु चिकित्सा सुविधा के दृष्टिकोण से आईजीआईएमएस को खड़ा किया जा रहा है, उसका भी शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आंखों के ईलाज के लिए अब किसी भी व्यक्ति को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा, उसका ईलाज पटना में ही हो जाएगा। पटना में आई बैंक की स्थापना की गई है, अब दरभंगा में प्रधानमंत्री द्वारा एम्स बनवाया जा रहा है। अब दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, पटना, बक्सर और भागलपुर में विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, आज 731 मेडिकल कॉलेज है। 157 जिला में मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है, बिहार भी कभी पीछे नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार के सहयोग से पूर्णिया, सारण, समस्तीपुर, सिवान बक्सर, झंझारपुर, जमुई आदि जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला गया है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में 35 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। पहले मेडिकल में यूजीसी की सीट 51 हजार थी, आज 01 लाख 12 हजार 112 हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि 75000 और सीटें बढ़ाई जाएगी। बिहार में चिकित्सा की एवं पीजी पढ़ाई के लिए सीटें बढ़ाई बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना से 12 करोड़ 74 लाख परिवार अच्छादित हो रहे हैं, जो गरीब तबके और रोजमर्रे के काम करने वाले गरीब लोग हैं, जिन्हें हर वर्ष 5 लाख रुपए की ईलाज की सुविधा मिल रहा है। अब तक इस पर 836 लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार में हर जगह राष्ट्रीय राजमार्ग और नदी पर पुल दिख रहे हैं। बिहार को कभी बीमारू राज्य कहा जाता था। आज बिहार बीमारू राज्य नहीं है बल्कि अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। यह सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त है। इसमें मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर लगाए गए हैं।

गलत बटन दबता है तो मुरेठा बांध कर दिनदहाड़े गुंडई शुरू हो जाती है : नड्डा

ग्रामीण संवाददाता/दरभंगा। भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दरभंगा पहुंचे जहाँ उन्होंने डीएमसीएच परिसर में 150 करोड़ के लागत से 210 बेड का बनकर तैयार सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। वहीं मेडिकल कालेज एडीटोरियम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप के हाथ मे ताकत है, अगर तागत सही से उपयोग में होती है, तो आपके उपयोग में आती है। अगर वह गलत ढ़ंग से उपयोग होती है। तो वे तकलीफ देह साबित होती है। उन्होंने कांग्रेस और राजद के नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि आज से पहले किसी मंत्री ने ये क्यो नहीं कहा कि एम्स खोलेंगे, नीति निर्धारकों का विचार जिस गहराई से सोचने की आवश्यकता थी। वहीं हमारी गहराई नही है। आप के उंगली सही बटन दबाती है तो एम्स आती है। अगर गलत बटन दबती है, तो मुरेठा बांध कर दिन दहाड़े गुंडई शुरू होता है। नीतिनिर्धारण से फर्क ये पड़ा है कि अब गाँव के स्कूल के बच्चे डॉक्टर बन रहे है। इससे पूर्व उन्होंने शोभन स्थित बिहार का दूसरा एम्स के प्रस्तावित भूमि का अवलोकन भी किया। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री मंगल पांडेय, हरि सहनी, सांसद, विधायक आदि मौजूद थे।

गणेश पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा

समस्तीपुर/शिवाजीनगर/सं। प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत के शिवरामा गांव , बल्लीपुर एवं बेला में शनिवार को गणेश पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। डुमरा मोहन पंचायत के शिवरामा गांव में गणेश पूजनोत्सव को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गणेश चतुर्थी पर आयोजित यह पूजा अनुष्ठान नौ दिनों तक जारी रहेगी। शनिवार की सुबह गांव के डिहवाड़ स्थान मंदिर परिसर से 51 कुमारी कन्याओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए करेह नदी से कलश में जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में गाजे बाजे के साथ बडी.संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु पैदल चल रहे थे। इससे पूरे गांव एवं आसपास वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर परिसर आने पर विधि विधान से कलश की स्थापना की गई।

न्यायाधीशों का मैके है वार एसोसिएशन : वर्मा

विधि संवाददाता/दरभंगा। बिहार स्टेट बार काउंसिल, पटना के सदस्य सह पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील योगेश चन्द्र वर्मा ने शनिवार को अधिवक्ताओं से मिलकर अपने अनुभवों को साझा किया। दरभंगा बार एसोसियेशन भवन में मौजूद अधिवक्ताओं से श्री वर्मा ने मिलकर अभिवादन स्वीकार किया। वे वकीलों से मिले। उन्होंने न्यायालय में हो रहे न्यायिक कार्यों और उसमें वकीलों की महती कानूनी भूमिका को रेखांकित किया। वार और बेंच न्याय निर्णय की मजबूत प्रतिष्ठान। न्यायाधीशों का मैके तो बार एसोसिएशन ही है। सभी न्यायिक पदाधिकारी तो पहले वकील ही होते हैं। न्यायिक सेवा के बाद वे वकालत करते हैं और गर्व से कहते हैं कि वे वकील हैं। सभी युवा वकीलों से अनुरोध है कि वे पूरी लगन और मेहनत से से वकालत करें। बरिष्ठ वकील श्री वर्मा से नव आगंतुक वकीलों को वकालत के प्रति समर्पण का आश जगा।

आइसक्रीम फैक्ट्री में मिला नाबालिग लड़के का शव

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

समस्तीपुर/रोसडा/सं। थाना अंतर्गत पांचोपुर नीतीश आइसक्रीम फैक्ट्री में शनिवार सुबह एक नाबालिग युवक का शव मिला।युवक उसी फैक्ट्री में काम करता था। आइसक्रीम फैक्ट्री के मालिक पर ही हत्या का आरोप परिजनों के द्वारा लगाया जा रहा है। मृतक नाबालिग युवक की पहचान गोविंदपुर गांव के वार्ड 6 निवासी स्व बिजली राम के 17 वर्षीय पुत्र पप्पू राम के रूप में हुई है। इधर घटना से गुस्साए परिजनों ने रोसडा.सिंघिया मुख्य पथ एनएच 88 पांचोपुर में बांस बल्ला लगाकर आवागमन पूर्ण रूप से बाधित कर दिया। करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों के द्वारा जाम स्थल पर वरीय पुलिस पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे एवं हत्यारे की गिरफ्तारी का मांग कर रहे थे, रोसडा. पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। लोगों का कहना था कि आए दिन रोसडा. शहर एवं ग्रामीण इलाका में हत्या लूट चोरी जैसी वारदात हो रही है जैसे कि पुलिस का डर खत्म हो गया हो। मृतक नाबालिग लड़का पप्पू राम करीब 6 माह से नीतीश आइसक्रीम फैक्ट्री में काम कर रहा था। सभी दिन आइसक्रीम लेकर बाजार या गांव में जाकर बेचा करता था। परिजनों के द्वारा हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी परिजनों को आइसक्रीम फैक्ट्री के मालिक एवं मजदूरों के द्वारा दिया गया। मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही रोसड़ा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और लोगों को आश्वासन दिया कि हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द ही कर लिया जायेगा। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी देखा गया है । पुलिस एवं जनप्रतिनिधि के समझाने के बाद जाम समाप्त कर सुचारू रूप से आवागमन शुरू किया गया ।जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया ।

संदिग्ध हालत में नवविवाहिता का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

समस्तीपुर/उजियारपुर/सं। थाना क्षेत्र के प्रेम ब्रह्मडा गांव में शनिवार की सुबह एक नवविवाहिता का शव उसके ही घर से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। इधर सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची उजियारपुर थाने की पुलिस आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज मामले की छानबीन में जुट गयी है। मृत महिला की पहचान थाना क्षेत्र के प्रेम ब्रह्मडा वार्ड 9 निवासी, मोहम्मद अमजद की 25 वर्षीया पत्नी रूखसार परवीण के रूप में की गयी है। घटना के बाद मृतका के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। मृतका का पति दुसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। घटना के संबंध में मृतका के भाई का कहना है कि उन्होंने करीब 10 माह पूर्व अपनी बहन की शादी उजियारपुर थाना क्षेत्र के प्रेम ब्रह्मडा वार्ड 9 निवासी, मोहम्मद अमजद के साथ काफी धूमधाम से किया था। आज सुबह उनकी बहन के सास का कॉल आया कि उनकी बहन जिस रूम में सोयी है आवाज लगाने पर भी वह उस कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। सूचना मिलने के बाद जब वह अपनी बहन के ससुराल ब्रह्मडा गांव पहुंचे तो देखा कि जिस रूम में उसकी बहन का शव पड़ा हुआ था, उस कमरे का दरवाजा अंदर से नही बल्कि बाहर से बंद था। जिसके बाद उन्होंने उजियारपुर थाना को इसकी सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची उजियारपुर पुलिस ने मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। मृतका के भाई ने यह भी आशंका व्यक्त किया है कि उनकी बहन की हत्या कर शव को लटका दिया गया है। वहीं स्थानीय लोग इस घटना को लेकर तरह तरह की बातें कर रहे हैं।

भूमि विवाद में एक मौत, एक जख्मी

खुटौना/सं। ललमनियां थाना क्षेत्र के बाड़ापट्टी गांव के वार्ड संख्या-01 में शनिवार को खेत के मेड़ को लेकर हुए विवाद में एक वृद्ध की कुदाल के बेंट से पीट-पीट कर हत्या कर दिया गया। जबकि एक अन्य व्यक्ति को हंसुआ से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। विवाद में जख्मी झोली यादव ने बताया कि खुटौना थाना क्षेत्र निवासी रामदेव यादव अपने खेत में धान काट रहे थे, तभी उसी गांव के रामउदगार यादव ने अपने हिस्से की जमीन बताकर धान काट रहे रामदेव को रोकते हुए उस पर जबरदस्ती मेड़ बनाने की कोशिश करने लगे। जिस पर रामदेव ने अमीन बुला जमीन मापने की बात कही। परंतु बात बढ़कर विवाद का रूप ले लिया। फिर खूनी हिंसक में बदल गया। बीच-बचाव करने गए 70 वर्षीय रामलखन यादव के सर के पिछले हिस्से में रामउदगार ने कुदाल के बेंट से हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। उसके बाद रामउदगार की बेटी चांदनी कुमारी ने बीच-बचाव कर रहे झोली यादव को धारदार हथियार से उसके हाथ पर दे मारी। जिससे वह बूरी तरह से जख्मी हो गए। घटना की खबर मिलते ही पंहुची पुलिस ने सर्वप्रथम घटना में शामिल दो महिला समेत एक पुरुष को हिरासत में लिया है। तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। जख्मी झोली यादव को इलाज हेतु खुटौना सीएचसी में भर्ती कराया। घटना के बाद से लोगों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। फुलपरास एसडीपीओ सुधीर कुमार ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

तीज में ससुराल जा रहे चाय दुकानदार की सड़क दुर्घटना में मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

समस्तीपुर/विद्यापतिनगर/सं। थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर बोचंहा पेट्रोल पंप के समीप एनएच-122बी पर शुक्रवार की देर शाम हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदबोचहा निवासी देवेंद्र राय के पुत्र गौतम कुमार (26) के रूप में की गई। मौत की सूचना से जहां घर में कोहराम मच गया। वहीं घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह मृतक के शव को सड़क पर रख हाजीपुर बछवाड़ा एनएच 122बी को हरपुर बोचहा पेट्रोल पंप के समीप जाम करते हुए सड़क पर आगजनी कर प्रशासन विरोधी जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि शुक्रवार की देर शाम गौतम तीज पर्व को लेकर अपनी पैसन प्रो बाइक से बछवाड़ा थाना के समसीपुर लोदियाही स्थित ससुराल जा रहा था। इस दरम्यान हरपुरबोचहा पेट्रोल पंप के समीप एनएच-122 बी पर रखे गिट्टी की ढेर से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह काफी दूर तक सिर के बल सड़क पर घसीटते रह गया। तेज आवाज सुन स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम उक्त जख्मी को पीएचसी विद्यापतिनगर ले गई। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार गौतम चकजोहरा बाजार में चाय का दुकान चलाता था। जो शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर ससुराल जा रहा था। गौतम को एक वर्ष का लड़का अमित व पत्नी कंचन देवी है। उधर थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु समस्तीपुर भेजा गया है।

शराब के दो कारोबारी गिरफ्तार

समस्तीपुर/शिवाजीनगर/सं। थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से 170 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त करते हुए दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि राजौर गांव निवासी पवन कुमार मंडल के दुकान पर शराब देने के लिए कार से दो युवक आये हुए हैं।सूचना मिलते ही एएसआई राजेश कुमार पुलिस बल के साथ संबंधित जगहों पर पहुंचे।जहा छापेमारी के दौरान दो सगे भाई चारों गांव थाना वारिसनगर निवासी कुंदन कुमार एवं कमलेश कुमार को 170 बोतल 30 लीटर 180 एमएल के साथ गिरफ्तार किया गया। एक कार भी जब्त किया गया है। वहीं पवन कुमार मंडल के झोपड़ी से दो कार्टन शराब जब्त किया गया । पुलिस को देखते ही पवन कुमार मंडल वहां से निकल गया।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने कहा कि शराब देने आए दो कारोबारी को अल्टो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया।

डीएम की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वादों की हुई समीक्षा

समस्तीपुर/सं। समाहरणालय में जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता के द्वारा नीलाम पत्रों से संबंधित विभिन्न जानकारियां संबंधित अधिकारियों से साझा की गई। अधिकारियों को नीलम पत्र वादों के निष्पादन की पूरी प्रक्रिया समझते हुए अपर समाहर्ता ने बताया की संबंधित अधिकारियों को सुनवाई एवं वसूली करना होगा । इसके अलावा अपर समाहर्ता ने संबंधित अधिकारियों को नीलाम पत्र संबंधित अभिलेख खोलने एवं उसे अद्यतन करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने भी कई दिशा निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को राशि के संदर्भ में शीर्ष 5 मामलों और निचले 5 मामलों की पहचान करने का निर्देश देते हुए, उच्चतम राशि और न्यूनतम राशि वाले मामलों के निपटाने के लिए अलग-अलग कार्य योजना विकसित करने को कहा। इसी प्रकार जिला पदाधिकारी ने सबसे पुराने वादों की पहचान कर उनका त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए सभी को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। बैठक के क्रम में अपन समाहर्ता आपदा ने सुझाव दिया की इस बात की संभावना है कि कई अधिकारियों को नीलाम पत्र वाद के निष्पादन हेतु आवश्यक जानकारी का अभाव हो, अतः इस दिशा में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन करवाया जाए। जिला पदाधिकारी ने सुझाव पर हामी भरते हुए जल्द से जल्द विशेष कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, समाहर्ता (आपदा), सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

माले का स्वास्थ्य बचाओ-अस्पताल बचाओ धरना

वरीय संवाददाता/दरभंगा। स्वास्थ्य मद में 10% बजट देने, एम्स निर्माण में निगरानी समिति गठित करने, डीएमसीएच में बंद एक्सरे मशीन, ऑक्सीजन प्लांट चालू करने, गंदा पानी बहाव पर रोक लगाने, ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर, स्टाफ नर्स, जरूरी दबा और भवन निर्माण कर चालू करने, डीएमसीएच में खाली पदों पर बहाली करने, डीएमसीएच को जल जमाव से मुक्त करने सहित अन्य मांग कों लेकर आज केंद्रीय व राज्य स्वास्थ्य मंत्री के दरभंगा आगमन पर भाकपा (माले) का एक-एक दिवसीय धरना का आयोजन मेडिकल चौक पर किया गया। धरना स्थल पर सभा की अध्यक्षता माले नेता कामेश्वर पासवान ने किया। कल्याणपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत राम ने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य केंद्र की हालत जर्जर है। स्टाफ और नर्स की घोर आभाव है। गांवों में अस्पताल व्यवस्था सुदृढ़ होने से बड़े अस्पतालों में भीड़ कम होगी। उन्होंने सरकार से गांव में बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र व उप केंद्र को चालू करवाने की मांग की। इस मौके पर हरि पासवान, रिजवान आजाद, विनोद सिंह, गंगा मंडल, कामेश्वर पासवान, धनराज साह, अवधेश सिंह, सुनीता देवी, विक्की कुमार, प्रिंस राज आदि शामिल थे।

गर्भवती महिलाओं में जागरुकता हेतु गोदभराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समस्तीपुर/खानपुर/सं। प्रखंड अंतर्गत खानपुर उतरी पंचायत के रंजीतपुर गांव में पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओं में जागरुकता हेतु गोदभराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अरुण कुमार सिंह ने की। उपस्थित सभी गर्भवती माता की गोद भराई रस्म करने के उपरांत स्वास्थ्य एवं पोषण गर्भावस्था के दौरान देखभाल पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में गोद भराई दिवस आयोजन करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राणा नितेश सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं में जागरूकता हेतु मनाया जाता है।

15 सौ बोतल शराब के साथ चालक गिरफ्तार

लदनियां/सं। लदनियां थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि गस्ती के दौरान गजहरा नवटोली गांव के मंडल टोली में चालक सहित शराब लदे चार चकिया वाहन पकड़े गये। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात अपर थानाध्यक्ष कार्तिक भगत दलबल के साथ रात्रि गस्ती में गया था।

सौ वर्षों से अधिक पुरानी है दरभंगा में गणेश पूजनोत्सव की परंपरा

वरीय संवाददाता/दरभंगा। गणेश चौठ के अवसर पर दरभंगा में एक ओर जहां परंपरागत रूप से गणेश पूजनोत्सव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं शहरी क्षेत्र खास कर सार्वजनिक रूप से गणपति गजानन की मूर्ति बैठाकर पूजा-अर्चना की गई। दरभंगा शहर के जुरावन सिंह मुहल्ला स्थित गणेश मंदिर में विगत 100 वर्षों से अधिक परंपरा के अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर मुहल्ला जुरावन सिंह, हसनचक, बड़ा बाजार, लालबाग आदि के भक्तजन पूरे दिन उपस्थित होकर श्रद्धा निवेदित करते देखे गए। वहीं खेड़िया परिवार द्वारा 87वां गणपति पूजनोत्सव बंगलागढ़ स्थित आवास पर किया गया। पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया और पूर्व महापौर वैजंती खेड़िया ने विधि-विधान से गणपति की षोडशोपचार पूजा-अर्चना की। पं. महेश ठाकुर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम 6 दिनों तक चलता है। दरभंगा में गणपति पूजन का प्रारंभ दरभंगा महाराज द्वारा किया गया था। कालांतर में मुहल्ला जुरावन सिंह में गणेश पूजनोत्सव शुरू किया गया। वर्तमान समय में अब यह सार्वजनिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में छोटे और बड़े स्तर पर लगभग एक दर्जन से अधिक जगहों पर गणपति की प्रतिमा बैठाई गई है। वैसे सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार किसी भी पूजन का प्रारंभ भगवान गणेश के पूजन से ही किया जाता है। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी के एक दिन पूर्व तृतिया तिथि को सुहागिन महिलाओं द्वारा हरितालिका व्रत के अवसर पर देवो के देव महादेव, माता गौड़ी और कीर्तिमुख की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यदि इतिहास के पन्नों में देखा जाय, तो महान स्वतंत्रता सेनानी पं. बाल गंगाधर तिलक ने स्वतंत्रता आंदोलन के क्रम में महाराष्ट्र में लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए गणपति पूजनोत्सव की शुरूआत की थी। यह महाराष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन की बुनियाद बनी और वहां स्वतंत्रता आंदोलन संगठित रूप से आगे बढ़ा। धीरे-धीरे यह धार्मिक रूप ले लिया।

डीसीई और पीटीसी के बीच ऐतिहासिक समझौता

कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण के लिए नई पहल

वरीय संवाददाता/दरभंगा। दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (डीसीई) और पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर (पीटीसी) दरभंगा के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच संसाधनों और सुविधाओं का साझा उपयोग करते हुए, शिक्षक विकास, कौशल उन्नयन और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डीसीई दरभंगा में फैकल्टी विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पीटीसी दरभंगा के निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पवन कुमार ने अपने विचार-विमर्श में डाक विभाग की अद्वितीय भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह विभाग न केवल देश के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़ता है, बल्कि आधुनिक सेवाएँ जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड बनाना और केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाना सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पीटीसी दरभंगा की सभी सुविधाएँ, जैसे खेल परिसर, स्विमिंग पूल, जिम्नेजियम, आदि डीसीई के शिक्षकों और छात्रों के लिए उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग शिक्षकों और कर्मचारियों के विकास के लिए एक अनूठा अवसर है। श्री कुमार ने यह भी कहा कि पीटीसी और डीसीई को एक साथ मिलकर चलना चाहिए।

डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर बीडीओ को किया सम्मानित

समस्तीपुर/खानपुर/सं। बीडीओ विजय कुमार चंद को उनके दायित्व के कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए जिला अधिकारी योगेंद्र सिंह ने सम्मानित किया है। उन्हें शनिवार को जिला समाहरणालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सराहनीय कार्य के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी समस्तीपुर योगेंद्र सिंह के द्वारा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चार दिवसीय गणपति पूजनोत्सव को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

संवाददाता/जाले। प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न पंचायतों में चार दिवसीय गणपति पूजा को लेकर शनिवार को कलश शोभा यात्रा निकला गया। जाले नगर परिषद के शंकर चौक स्थित गणेश मंदिर से अध्यक्ष हितेश कुमार साह की अध्यक्षता में सचिव सोनू कुमार श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष राजीव कुमार की उपस्थिति में जलाधिवास के लिए 221 कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकली गई। वहीं रतनपुर पंचायत के वार्ड-14 के सुखरामपुर से लालबाबू सहनी की अध्यक्षता में 151 कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली, पूजास्थल से चलकर कन्याओं ने गंगेश्वर स्थान स्थित पवित्र सरोवर से पंडित सतीशचंद्र कुंवर ने जल, थल आदि का अधिवास वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया।

एक झलक

वीरपुर थाने में लगा जनता दरबार, भूमि विवाद के दो मामले निष्पादित

वीरपुर/बेगूसराय/सं.। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर थाना के प्रतीक्षालय भवन में भूमि विवाद का निपटारा हेतु जनता दरबार लगाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के सीओ भाई विरेन्द्र ने बताया कि जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े कुल 34 मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें पूर्व का 29 व 5 नये आवेदन शामिल हैं। जिसमें से कुल दो मामलों का निष्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि शेष मामलों की आगे की तिथि हेतु दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर दी गई है।मौके पर वीरपुर थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार, राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार, आपरेटर राजेश कुमार सहित अंचल क्षेत्र के कई फरियादी मौजूद थे।इस दौरान लगी जनता दरबार में फरियादों की भीड़ उमड़ी रही।

चार फ्रूटी पैकेट के साथ एक गिरफ्तार

बीहट/बेगूसराय/सं.। बरौनी थाना पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर रात्रि गश्ती के दौरान थाना के सीमा क्षेत्र बथौली से एक होम डिलीवरी शराब कारोबारी को 180 एमएल की 4 फ्रूटी पैकेट के साथ गिरफ्तार कर लिया।वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बरौनी रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक बाल कृष्ण अत्री ने रात्रि गश्ती के दौरान बीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बखतपूर गांव निवासी सुधीर महतो के पुत्र अमित कुमार को थाना के सीमा क्षेत्र बथौली से गिरफ्तार कर लिया। जिस आलोक में थाना कांड संख्या-232/24 दर्ज कर अग्रेत्तर कारवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक के बारे में बतलाया जाता है कि वह आमतौर पर आस-पास में होम डिलीवरी कर अक्सर शराब पहुंचाया करता है।

बालक का सिर काट कर नृशंस हत्या

बेगूसराय/सं.। मंसूरचक थाना क्षेत्र के बरकुरवा द्वारिकापुर साठा गांव के बहियार में एक 9 वर्षीय बालक का सिर काटकर बदमाशों ने मार डाला। उक्त बालक की पहचान अनिल कुमार महतो के 9 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक गांव के ग्रामीण विजय महतो ने ही मेरे पुत्र को गरासा से सिर को काट कर मार डाला। जब ग्रामीण उसे पकड़ने के लिए गई तो उसके पिता अनिल कुमार महतो पर भी गरासा से हमला कर उसे भी लहू लहान कर दिया है। ग्रामीणों ने विजय महतो को पकडकर मंसूरचक पुलिस के हवाले कर दिया है। वही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

जनता दरबार में एक भी मामले का निष्पादन नही

भगवानपुर/बेगूसराय/सं.। भगवानपुर थाना परिसर में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में शनिवार को एक भी मामला का निष्पादन नहीं हुआ। उक्त मामले में थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व से लंबित तीन मामलों में एक भी मामला का निष्पादन नहीं हुआ वहीं एक नया मामला भी जनता दरबार में आया।कुल चार मामले पर अगले सप्ताह आयोजित होने वाले जनता दरबार में विचार किया जायेगा।जनता दरबार थानाध्यक्ष पवन कुमार व अंचलाधिकारी रानू कुमार के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किए गए। मौके पर थाना कर्मी, अंचल कर्मी सहित मामले से संबंधित लोग उपस्थित थे।

चार दिवसीय गणेश मेला का शुभारंभ

बखरी/बेगूसराय/स.। बखरी में चार दिवसीय गणेश मेला का शुभारंभ शनिवार को हुआ।जिससे बखरी क्षेत्र भक्तिमय में बना हुआ है।बाबा गरीब नाथ मंदिर परिसर स्थित गणेश मेला के प्रथम दिन भव्य गणेश मंगल यात्रा निकाला गया। जो गणेश मंदिर से निकलकर मुख्य बाजार के अंबेडकर चौक कपूरी चौक महादेव स्थान चौक होते हुए प्रतिमा स्थल तक पहुंचा। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में गणेश फताका लिए भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया, जय गणेश के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना दिया। बाबा गरीब नाथ स्थित गणेश मेला समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर प्रसाद के इंतजाम किए गए थे।

बकरी चोरी का आरोप मनगढ़ंत

प्रेम प्रसंग में हुई थी मोहित की हत्या, मृतक के स्वजनों ने प्रेम प्रसंग से किया इनकार

- सरपंच राजाराम पासवान समेत 6 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- गिरफ्तारी के विरोध में वीरपुर थाने का घेराव

वीरपुर /बेगूसराय/संवाददाता। शुक्रवार को वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव में बकरी चोरी के आरोप में एक युवक की हुई बर्बर पिटाई से मौत मामले में प्रेम प्रसंग का एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस अनुसंधान के क्रम में जानकारी मिली है कि मृतक मोहित का भवानंदपुर के एक जनप्रतिनिधि के भतीजी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रात्रि में वह अपनी प्रेमिका को लेकर बरैपुरा गांव गया था। सुबह उसे अपनी प्रेमिका को छोड़ने भवानंदपुर पंहुचा, जहां पुलिया के समीप लोगों ने पकड़कर लाठी डंडे व लोहे के रॉड से पिटाई कर दी। पुलिस को दिग्भ्रमित करने के लिए लोगों ने दोनों घायलों को बगल के पेड़ में रस्सी से बांध दिया और पुलिस को बताया कि दोनों बकरी चुरा रहे थे। स्थानीय लोगों द्वारा बकरी चोर का हल्ला करने पर वह सरौंजा की तरफ भागे। भागने के क्रम में तेज बाइक पुलिया से टकरा गयी और दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। वहीं क्षेत्र में लोग दबी जुबान बता रहे हैं कि मृतक युवक से नहीं, बल्कि इलाजरत युवक से जनप्रतिनिधि के भतीजी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक मोहित के स्वजन भी किसी लड़की से मोहित के प्रेम प्रसंग से इनकार कर रहे हैं। बर्बरता पूर्ण पिटाई से युवक की मौत के बाद पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस ने घटना में आरोपित करते हुए दस ज्ञात समेत 70 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज. कर लिया है। वहीं घटना के करीब 24 घंटे के अंदर पुलिस ने जगह जगह दबिश देकर भवानंदपुर पंचायत के सरपंच राजाराम पासवान, सरपंच का भतीजा दीपक पासवान, दुलार पासवान के पुत्र संजय पासवान, बबलू राय के पुत्र पुरुषोत्तम राय, रामाधार पासवान के पुत्र संदीप पासवान और खोने पासवान के पुत्र अरविंद पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इधर शनिवार की सुबह सरपंच समेत अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के विरोध में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने वीरपुर थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि गिरफ्तार लोगों को पुलिस रिहा करे। लोगों का कहना था कि युवक की मौत बकरी चुराकर भागने के क्रम में पुलिया से बाइक टकराने से घायल होने के बाद हुई है। पुलिस ने निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पदाधिकरी के समझाने-बुझाने के बाद करीब 4 घंटे से चल रहा थाना का घेराव लोगों ने समाप्त किया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड में थी। वरीय पदाधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। पुलिस मृतक मोहित का शव अंत्यपरीक्षण के बाद स्वजनों को सौंप दिया। जहां स्वजनों ने शनिवार को शव का अंतिम संस्कार सिमरिया गंगा घाट में किया। इधर मोहित की हत्या के बाद वीरपुर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है । वहीं मृतक की मां सीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है वह अपने पुत्र की हत्या के दोषी को फांसी की सजा देने की मांग कर रही हैं।वहीं घायल युवक राहुल का इलाज सदर अस्पताल में चल रही है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

12 वर्षीय बच्चे की गला रेतकर निर्मम हत्या

मंसूरचक/बेगूसराय/संवाददात। प्रखंड क्षेत्र के साठा पंचायत के वार्ड नंबर -7 बरकुरवा गाँव आम के बगीचा मे 12 वर्षीय बालक की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दिया गया है।मृतक की पहचान बरकुरवा गाँव निवासी अनिल कुमार महतो का पुत्र अंकुश कुमार के रूप मे की गई है। घटना लगभग दोपहर 1 बजे की है। जब बच्चा स्कूल ड्रेस सिलाने के लिए नाप देकर दूकान से लौट रहा था उसी वक्त उसे आम के बगीचे मे पकर कर धारदार हथियार से निर्मम तरीके से गला रेत कर हत्या कर दिया। घटना के वक्त कोई वहां मौजूद नहीं था। एक बच्चा खेलते खेलते गाछी मे आया तो देखा की वहां शव परी हुए है तो दौर कर गाँव मे गया और सभी को बुला कर लाया। तो देखा की अंकुश की सर धर से अलग था। जब ग्रामीणों ने लाश के सर को खोजना शुरू किया उसी क्रम मे जंगल मे आरोपी बिलट महतो का 35 वर्षीय पुत्र विजय कुमार महतो उसी जंगल मे हथियार के साथ छिपा हुआ था। जिसे ग्रामीणों ने पकर कर पीटना शुरू किया। तब पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बीच बचाव करके पुलिस आरोपी को अपने गिरफ्त मे लेकर थाने ले गई। घटना का अभी तक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक दो भाई और एक बहन था। मृतक सबसे बड़ा भाई था।तेघड़ा एसडीपीओ रविंद्र मोहन प्रसाद घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायेजा लिया। शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया।घटना स्थल पर अमीनुद्दीन मंसूरचक मुखिया प्रतिनिधि अरमान कुरैसी, रंजीत महतो, बालेश्वर महतो अन्य हजारों की संख्या मे भीड़ उपस्थित थी।

वार्ड सदस्यों की रिफ्रेशर प्रशिक्षण में अधिकांश कुर्सियां रही खाली

- वार्ड सदस्यों ने एकदिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का किया बहिष्कार, अधिकांश वार्ड सदस्य नहीं हुए शामिल

वीरपुर/बेगूसराय/संवाददाता। प्रखंड के किसान भवन में संपन्न वीरपुर प्रखंड के वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का वार्ड सदस्य संघ ने वहिष्कार किया है।जारी रोस्टर के अनुसार शुक्रवार को प्रखंड के डीहपर, भवानंदपुर, गेन्हरपुर व पर्रा पंचायत के वार्ड सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई थी।इसमें उक्त सभी पंचायतों के अधिकांश वार्ड सदस्य शामिल नहीं हुए।वहीं शनिवार को भी नौला,वीरपुर पूर्वी, वीरपुर पश्चिमी व जगदर पंचायतों के अधिकांश वार्ड सदस्य शामिल नहीं हुए।जिससे किसान भवन में अधिकांश कुर्सियां खाली रही।हालांकि इस दौरान विभाग द्वारा वार्ड सदस्यों की इस प्रशिक्षण में विभागीय स्तर पर भोजन नाश्ता का प्रबंध किया गया था।इससे भोजन नाश्ता धरा ही रह गया।इस संबंध में वार्ड सदस्य के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की सरकार व विभाग की उदासीन रवैया से वार्ड सदस्यों में नाराजगी व्याप्त है।सरकार व विभाग द्वारा किसी भी काम में वार्ड सदस्यों का कोई अधिकार नहीं दिया गया है। जिससे जनता की लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है।इससे वार्ड सदस्य अपने आपको को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इन्हीं सभी कारणों से इस एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का बहिष्कार किया गया है।प्रखंड अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया किसी भी वार्ड सदस्य को लिखित सूचना नहीं दी गई।

थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन

नावकोठी/बेगूसराय/सं.। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न राजस्व गांवों में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे को लेकर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।आयोजित जनता दरबार में दो मामले का निष्पादन किया गया जिसमें महेंद्र प्रसाद सिंह पिता स्व० रामखेलावन प्रसाद सिंह बनाम कुमोद सिंह पिता स्व योगेंद्र प्रसाद सिंह ग्राम नावकोठी व रेणु देवी पति अशोक सहनी बनाम तारा देवी पति स्व रामदेव सहनी ग्राम सैदपुर का मामला शामिल है।वहीं एक नया मामला दर्ज किया गया जिसमें शिव शंकर पोद्दार पिता स्व मणिलाल पोद्दार बनाम विक्रम कुमार पिता राजकुमार ग्राम चक्का का रैयती भूमि संबंधी मामला शामिल है।निपटारा के लिए छः मामले पेंडिंग रह गये जिसकी सुनवाई की गई।मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार,एसआई अरविंद शुक्ला,सीआई अखिलेश्वर राम, कार्यालय सहायक अमरजीत कुमार व फरियादी मौजूद थे।

एनटीपीसी बरौनी ने शुरू किया 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान

बीहट/बेगूसराय/संवाददाता। एनटीपीसी बरौनी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत एक व्यापक पोधारोपण अभियान शुरू किया है। एनटीपीसी बरौनी के परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने एक पौधा लगाकर इस अभियान का नेतृत्व किया और कर्मचारियों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।यह कार्यक्रम 7 सितंबर 2024 को साइलो गेट और मुख्य गेट के बीच हरित पट्टी क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें एनटीपीसी कर्मचारियों और सीआईएसएफ स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और एनटीपीसी कर्मचारियों के बीच पौधारोपण को प्रोत्साहित करना है। यह पहल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर, देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए एक बड़े प्रयास का हिस्सा है।जहां उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पौधा लगाया था। एनटीपीसी ने अगले तीन महीनों अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2024 के लिए हर महीने अपनी परियोजनाओं और समीपवर्ती क्षेत्रों मे एक लाख पेड़ लगाने का संकल्प लिया है।उल्लेखनीय है की एनटीपीसी बरौनी अपनी सामुदायिक गतिविधियों के तहत जल जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत लगभग 76000 पेड़ लगाये हैं।यह सामूहिक प्रयास एनटीपीसी बरौनी की एक हरित और अधिक स्थायी पर्यावरण बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।निकट भविष्य मे भी हरीतिमा की वृद्धि के लिए लगभग 25000 पेड़ लगाने की योजना है।

प्रधानाध्यापक के प्रभार में नियोजित पर बीपीएससी शिक्षकों की वरीयता

संवाददाता

भगवानपुर /बेगूसराय। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक का प्रभार देने में पुराने वेतनमान वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी।शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर प्रभारी प्रधानाध्यापक घोषित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया है।नियमित प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति तक यदि किसी माध्यमिक,उच्च माध्यमिक स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं के पुराने वेतनमान के प्रधानाध्यापक पदस्थापित हैं,साथ ही बीपीएससी और स्थानीय निकाय शिक्षक भी पदस्थापित हैं,तो कक्षा एक से आठवीं के पुराने वेतनमान के प्रधानाध्यापक को वित्तीय प्रभारी घोषित किया जा सकता है।इसके अलावा यदि किसी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में पुराने वेतनमान के माध्यमिक कक्षा के सहायक शिक्षक के साथ स्थानीय निकाय और बीपीएससी के शिक्षक पदस्थापित हैं,तो पुराने वेतनमान के सहायक शिक्षक प्रभारी होंगे। जिस स्कूल में शतप्रतिशत शिक्षक बीपीएससी से चयनित हैं,तो वहां उन्हीं में से प्रभारी बनाया जा सकता है।यदि किसी विद्यालय में बीपीएससी से नियुक्त विद्यालय अध्यापक और स्थानीय निकाय शिक्षक पदस्थापित हैं तो बीपीएससी से नियुक्त विद्यालय अध्यापकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक घोषित किया जाएगा।यदि किसी विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं के पुराने वेतनमान के सहायक शिक्षक पदस्थापित हैं. उनके साथ स्थानीय निकाय व बीपीएससी की तरफ से चयनित शिक्षक भी पदस्थापित हैं, तो कक्षा एक से आठ के पुराने वेतनमान के सहायक शिक्षक को वित्तीय प्रभारी घोषित किया जा सकता है।यह व्यवस्था प्रधानाध्यापक की पोस्टिंग तक ही रहेगी।

जीडी कॉलेज के छात्रों ने दिया एक दिवसीय धरना

बेगूसराय/सं.। बेगूसराय में जीडी कॉलेज के छात्रों ने एक दिवसीय धरना दिया गया।एक दिवसीय धरना का नेतृत्व कॉलेज के छात्र नेता श्याम सुन्दर कुमार ने किया। धरना के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए श्याम सुन्दर कुमार ने कहा कि पीजी फोर्थ सेमेस्टर, यूजी सेकेंड सेमेस्टर के परीक्षा फोर्म भरने में आ रहे समस्या को यथाशीघ्र समाधान मंगलवार तक किया जाए अन्यथा कॉलेज परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे। श्याम सुन्दर ने कहा कि जीडी कॉलेज मे आए दिनों दलालों की संख्या बढ़ती जा रही है इस पर कॉलेज प्रशासन का कोई लगाम नहीं है। उन्होंने कहाँ कि छात्रों के समस्याओं के समाधान हेतु श्याम हमेशा संघर्षरत था हैं और आगे भी रहेगा। वही अमित कुमार ने कहा कि बीते दिनों पहले आए परीक्षा परिणाम में जानबूझकर की गई गडबडी का जांच कर यथोचित कावाही करें और वैसे विधार्थियो का परीक्षा परिणाम जल्द प्रकाशित किया जाए।इस मौके पर कॉलेज के शिवम कुमार, दिलखूश कुमार, सपना कुमारी, जुही कुमारी,मनीषा कुमार,पूर्णिमा कुमारी,सत्यम कुमार,गोलू कुमार, रणवीर कुमार,धीरज कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद थे ।

नियोजित शिक्षकों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

बेगूसराय/संवाददाता। सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित हुए छह माह से अधिक समय बीत चुका।विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के तहत सूबे के नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाना है।लगातार विलंब को लेकर शिक्षकों में आक्रोश गहरा रहा है।सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की अविलंब पोस्टिंग,वरीयता निर्धारण में पारदर्शिता, भेदभावमुक्त पदस्थापना और स्थानांतरण नीति,शिक्षा विभाग में हुए महाघोटाला की सीबीआई जांच करने,जांच के नाम पर शिक्षकों के अपमान आदि मांगों को लेकर शिक्षकों ने जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय के समक्ष शिक्षामंत्री सुनील कुमार का पुतला फूंका।पुतला दहन के उपरांत आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ गोपगुट के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र ने कहा कि सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों के स्थानान्तरण और पदस्थापना के मसले? पर विभागीय रवैया टाल मटोल का है।यह परीक्षा में शामिल और उत्तीर्ण शिक्षकों की सरेआम हकमारी है।विभाग सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की कांउसेलिंग प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींच रही है।स्थानान्तरण और पदस्थापना के मसले पर बनी कमिटी तय समय बीत जाने के बावजूद न तो समेकित प्रस्ताव दे सकी है और न ही कोई नीति बना सकी है।पदस्थापना और स्थानांतरण के नाम पर साफ्टवेयर और कमेटी का झुनझुना बजाया जा रहा है। दूसरी तरफ शिक्षक भर्ती प्रक्रिया एवं विद्यालयों के आधारभूत संरचना संबंधित बेंच डेस्क , समरसेबल समेत विद्यालय विकास मद में बड़े पैमाने पर अराजकता व्याप्त है।विद्यालयों को भेंडरों के हवाले कर दिया गया है।विद्यालय शिक्षा समिति के कानूनी हक मारकर मनमाने ढ़ंग से विद्यालय विकास मद की राशि में पदाधिकारियों के संरक्षण में भेंडरों ने लूट मचा रखी है।विरोध दबाने के लिए शिक्षकों के लोकतांत्रिक हकों को दबाया जा रहा है।उत्तीर्णता तिथि से शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक घोषित करते हुए राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाय।जिले के शिक्षक इस मसले पर लामबंद हो रहे हैं। शिक्षक इस मसले पर चुप नही बैठेंगे।मौके पर जिला उपाध्यक्ष नीतेश रंजन और अभिनंदन कुमार "सोनूदेव" ने कहा कि शिक्षा विभाग जानबूझकर शिक्षकों के वेतन वृद्धि में कटौती के लिए काउंसिलिंग को लंबा खींचते हुए पोस्टिंग में देरी कर रहा है।विद्यालयों में शिक्षकों की पदरिक्तियों के संबंध में विभाग के पास पर्याप्त जानकारी उपलब्ध है।स्थानांतरण को लेकर कमिटी गठन के दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इस मसले पर जारी विभागीय चुप्पी शिक्षकों में संशय पैदा कर रही है। विशिष्ट शिक्षकों के वरीयता निर्धारण में भी पारदर्शिता का अभाव है।विभागीय पदाधिकारी शिक्षकों के ऐच्छिक स्थानान्तरण के बजाय अनर्गल अलोकतांत्रिक बयानबाजी में जुटे हैं।जिले के सक्षमता उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक इसे कत्तई बर्दाश्त नही करेंगे। शिक्षक संघ गोपगुट शिक्षा विभाग से अविलंब सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों के पदस्थापना की मांग करती है।अन्यथा की स्थिति में, सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की कांउसिलिंग पूर्ण करते हुए अविलंब विद्यालय आवंटन करने और सक्षमता उत्तीर्णता तिथि से शिक्षकों को राज्यकर्मी घोषित करने की मांग पर शिक्षक लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए विवश होंगे।कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष धर्मांशु झा जिला कोषाध्यक्ष रवि कुमार,जिला सचिव सुमित कुमार, रौशन यादव, विकास कुमार सिंह, प्रशांत झा,घनश्याम कुमार, संतोष कुमार सहनी, नीरज नयन, विपुल विक्रम, अजय कुमार साह, जयशंकर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संतोष चौरसिया, निर्दोष कुमार,गौरव कुमार, मुकेश कुमार मिश्र, रामकुमार शर्मा, अभिलाष कुमार, विक्रांत कुमार, जौरेज आलम,राहुल विकास समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे ।

केंद्रयी मंत्री गिरिराज सिंह की पहल से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

बेगूसराय/संवाददाता। बेगूसराय के चतुर्दिक विकास को और अधिक गति देने के लिए निरन्तर प्रयासरत बेगूसराय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की पहल जनाकांक्षाओं को पूर्ण कर रही है। बीहट फ्लाई ओवर के निर्माण की दिशा में उनके सार्थक पहल से स्थानीय लोगों की मांग पर उसके डिजाइन में परिवर्तन अब जल्द मूर्त स्वरुप लेगा व अक्टूबर माह तक टेंडर की प्रकिया में चला जाएगा। साथ ही बेगूसराय शहर के बीचों-बीच गुजरने वाले एलिवेटेड फ्लाईओवर की लंबाई को आम जनमानस की मांग पर बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, निमार्णाधीन इस फ्लाईओवर की लंबाई को 900 मीटर तक बढ़ाते हुए जेल गेट तक विस्तारित करने से इसकी

जनोपयोगिता और अधिक बढ़ जायेगी। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने बताते हुए कहा कि बीहट तथा कपस्या फ्लाई ओवर के स्वरुप व संरचना में हो रहे परिवर्तन को अक्टूबर माह तक अंतिम स्वरुप मिल जाएगा तथा यह टेंडर की प्रकिया में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बेगूसराय के लोगों ने जिस किसी प्रकार की मांग को गंभीरता से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा है उन्होंने उसके तुरंत निष्पादन के हर संभव प्रयास किए हैं और उसके सार्थक परिणाम भी लोगों को देखने को मिल रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जिस प्रकार से बेगूसराय विकास के साथ कदमताल कर रहा है उसे दिशा में और अधिक सार्थक प्रयास से बेगूसराय को नई ऊंचाई पर ले जाने हेतु मंत्री निरंतर प्रयासरत है ताकि आम जनजीवन सहज सरल व सुगम हो सके।इस मौके पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र की सरकार ने पिछले दस वर्षों में बेगुसराय की पौराणिक छवि को सुदृढ़ता प्रदान की और यह कड़ी निरन्तर जारी रहेगी जिससे बेगूसराय न केवल औधोगिक राजधानी के अपने स्वरूप को प्राप्त करेगा बल्कि यहां हर क्षेत्र से संबंधित रोजगार व्यापार को गति मिलेगी। बेगूसराय विधायक कुन्दन कुमार ने कहा कि बेगूसराय फ्लाई ओवर के विस्तारीकरण की मांग यहां के आम जनमानस की थी व आज जब उसकी सार्थकता सिद्ध हो रही है तो यह बेगूसराय वासियों के लिए हर्ष का विषय है। मौके पर लोकसभा संयोजक कृष्णमोहन पप्पू, जिला महामंत्री राकेश पांडेय, कुंदन भारती, रामप्रवेश सहनी, जिला उपाध्यक्ष रौनक कुमार, विकास कुमार, मृत्युंजय वीरेश, अमित देव, जिला प्रवक्ता शुभम कुमार, सुमित सन्नी, अर्पिता प्रीतम, संजना जायसवाल, सरोजनी भारती सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं अपने लोकप्रिय सांसद को धन्यवाद दिया।

बच्चों के बीच पाठ्यक्रम का वितरण

बेगूसराय/सं.। बेगूसराय के युवा नेता ब्रजेश कुमार के जन्मदिन समारोह के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह में 100 बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री और बिस्किट दिया गया। उक्त वितरण अमरौर कीरतपुर के रिवोल्यूशन फाउंडेशन में पढ़ रहे बच्चो के बीच किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में टीम के 4 सुमित कुमार, पल्लव कुमार प्रशांत कुमार,सौरभ कुमार सिप्पी, मनीष भारद्वाज, रिवोल्यूशन फाउंडेशन के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, गुलशन कुमार, विकास कुमार समेत कई लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।सौरभ कुमार सिप्पी ने कहा कि ब्रजेश कुमार समाज के हर तबके के लोगों के लिए किसी भी समस्या में खरे रहते हैं।

वीरपुर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पदों के लिए 21 सितंबर को होगा चुनाव

वीरपुर/बेगूसराय/संवाददाता। वीरपुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख के रिक्त पदों के लिए चुनाव इसी माह 21 सितंबर को होगा।राज्य निर्वाचन आयोग ने इस आशय की अधिसूचना जारी करते हुए बेगूसराय डीएम सह जिला निवार्ची पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।प्रखंड के सभी सभी पंसस को 13 सितंबर तक निर्वाचन के लिए विशेष बैठक की तिथि,स्थान व समय की सूचना दे दी जाएगी।निर्वाचन संपन्न होने के तुरंत बाद उसी दिन नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख को शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा।बताते चलें कि निर्वतमान प्रखंड प्रमुख मीना देवी व निवर्तमान उप प्रमुख सुबोध पासवान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ । प्रखंड प्रमुख मीना देवी के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 7 व विरोध में 3 मत पड़े थे । मीना देवी प्रखंड प्रमुख की कुर्सी बचाने में असफल रही थी। वहीं उप प्रमुख सुबोध पासवान के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन में सुबोध पासवान के पक्ष में 4 और विरोध में 6 मत पड़े थे।पर्रा पंचायत समिति सदस्य नवीन कुमार सिंह ने विशेष बैठक में हिस्सा नहीं लिया था।प्रखण्ड प्रमुख व उपप्रमुख दोनों की कुर्सी गिरने के बाद पिछले करीब पांच माह से दोनों पद रिक्त है। जिससे प्रखंड का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।निर्वाचन की तिथि घोषित होने से प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। पंचायत समिति सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए संपर्क अभियान तेज हो गई है।

सामाजिक दायरे में कई लोग रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे लोग होते हैं, जिन्हें हम पंसद नहीं करते। लेकिन इसके बावजूद हमें उनकी मेजबानी करनी पड़ती है। क्योंकि इनकी मेजबानी करना जरूरी हो जाता है या हम 'ना' नहीं कह पाते, इसलिए हमें इसकी मेजबानी करनी पड़ती है. चाणक्य ऐसे लोगों के बारे में बताते हैं, इनका बहुत अधिक मान-सम्मान या सत्कार करने से बचना चाहिए।

चाणक्य

सन्मार्ग
पटना, रविवार 08 सितंबर 2024
www.live7tv.com

मानसिक सेहत के प्रति सजगता रोकेगी आत्महत्याएं

रंजीत पवार

दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी। यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोजगारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं। इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस। भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए। विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है। तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है- युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है। 15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी। गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है। नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम। लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं। रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं। बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं। आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है। इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की। अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं। नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3,094 रुपये और 4,963 रुपये है। ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70-100 रुपये है। इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है। आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं। चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं। महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक-मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है। खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं। शहरीकरण तनावों को बढ़ाता है- जीवनयापन की उच्च लागत, जिंदगी की तेज रफ्तार, सफलता प्राप्ति का दबाव और दुनिया में पैर जमाने का संघर्ष। परिवार और समुदाय की सुरक्षा छतरी सिर पर नहीं रहने से व्यक्ति में असुरक्षा बोध पैदा होता है। असफल होने वाले बहुत से लोग वहीं फंसकर रह जाते हैं, गांव वे लौटना नहीं चाहते, और शहर में कुछ पल्ले नहीं पड़ता।दरअसल, हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, केवल 51.25 प्रतिशत युवा ही रोजगार के लायक माने जाते हैं। यानी दो में से एक युवा अभी भी कॉलेज से सीधे कार्यबल की योग्यता लायक तैयार नहीं है। उच्च शिक्षा में दाखिला बढ़ा है, लेकिन अधिकांश छात्रों में आलोचनात्मक सोच, दृढ़ता आदि की कमी है। नशे की लत, हिंसा, अपराध, अवसाद और आत्महत्या अधिकतर बेरोजगारी के कारण पैदा हुई निराशा के परिणामवश है। रोजाना 100 रुपये से कम पर गुजारा करने वाले संघर्षशील युवा के लिए सोशल मीडिया अमीरों की दुनिया में झांकने का मौका देता है, जिससे उनके अंदर भी शानदार कारें और महंगे फोन की ख्वाहिशें जगती हैं। आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, लेकिन नौकरियां और अवसर कम हैं। हसरतों और हकीकत के बीच का अंतर संभालना मानव मस्तिष्क के लिए बहुत मुश्किल बन जाता है। ऐसे देश में जहां चोटी के एक प्रतिशत अमीरों के पास कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हो और निचले तबके के आधों के पास कुल संपत्ति का महज 3 फीसदी हिस्सा, वहां संसाधनों तक पहुंच में चौंका देने वाला अंतर स्पष्ट है। भारत में आत्महत्या रूपी महामारी से निपटने हेतु उपाय खोजने की फौरी जरूरत है। इसका हल केवल सतही उपाय करने में निहित नहीं है। हमारी व्यवस्था में व्याप्त दोषों को ठीक करने के लिए बहुआयामी और वास्तविक प्रयास जरूरी हैं, इससे नीचे कुछ भी कीमती जानें नहीं बचा सकता। ऐसे देश में जहां बड़ी संख्या में लोग अभी भी देसी उपचारों से अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करने की कोशिश करते हैं, वहां मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे व्यक्ति के लिए मनोचिकित्सक से परामर्श पाने की संभावना नगण्य है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता का अभाव, अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं और ऐसी समस्याओं से जुड़ी सामाजिक कलंक की सोच एक भंवर बना देते हैं। इन मुद्दों का हल निकालना आत्महत्याएं रोकने में पहला कदम हो सकता है, इसके बाद आता है सबसे अधिक जोखिम वाले वर्ग की ओर ध्यान केंद्रित करना।

मुफ्त की राजनीति का हश्र

धीरे-धीरे पंजाब व हिमाचल सरकारों के मुखियाओं को अहसास होने लगा है कि वित्तीय संकट दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। लगातार बढ़ते राजस्व घाटे व बड़ी होती देनदारियों से सत्ता में बैठे राजनेताओं को बखूबी पता चल रहा है कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये मुफ्त का जो चंदन घिसा जा रहा था, वह राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किल आ रही है। गाल बजाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने वाले राजनेता तनख्वाह व पेंशन की तारीख आगे बढ़ाकर दावा कर रहे हैं कि इससे राज्य को आर्थिक बचत होने वाली है। संवेदनहीन राजनेताओं को इस बात का अहसास नहीं है कि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई समय पर चुकानी होती है। जिसको लेकर बैंक कोई रहम नहीं दिखाते हैं। राजनेताओं के आय के तमाम वैध-अवैध स्रोत होते हैं, कर्मचारी तो इकलौती तनख्वाह के भरोसे जीवन-यापन करता है। बहरहाल, चुनाव से पूर्व मुफ्त प्रलोभनों की तमाम घोषणाएं करने वाले राजनेताओं को अहसास हो चला है कि राज्य के खजाने में उनकी राजनीतिक विलासिता का बोझ ढोने का दमखम नहीं बचा है। विभिन्न दलों की शाहखर्ची ने राज्यों की आर्थिकी की हालत पहले ही पस्त कर रखी है। राजनेताओं ने कभी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक आप सरकारों ने तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसकी आर्थिकी कभी नहीं संभल पाती। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। जाहिरा बात है कि मुफ्त में कुछ नहीं मिलता। मुफ्त की राजनीति के चलते इन महकमों के विस्तार व विकास पर ब्रेक लग जाता है। बहरहाल, पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर की ओर इशारा करती है। बीते वित्तीय वर्ष की आर्थिक बदहाली को दर्शाती कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में चला जा रहा है। यह भी चिंताजनक है कि राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है।

बया का घोंसला अद्भुत इंजीनियरिंग का उदाहरण

अनु

शिल्प कौशल, इंजीनियरिंग और वास्तुकला की मिसाल देते चिड़िया के घोंसले अक्सर नदी नहर के किनारे पेड़ों की शाखाओं पर लटकते देखने को मिल जाते हैं। ये घोंसले बया पक्षी के होते हैं जो कि अपने घोंसले के निर्माण कौशल के लिए प्रसिद्ध है। यह पक्षी एक बल्बनुमा कक्ष जैसा घोंसला बनाते हैं, जो देखने में लालटेन जैसे लगते हैं जिन्हे घास, पत्तियों और टहनियों का उपयोग करके बनाया जाता है। ये घोंसले मजबूत होते हैं और पक्षियों और उनके अंडों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। बया का घोंसला अद्भुत इंजीनियरिंग का उदाहरण है, इसके निर्माण के लिए, मरम्मती धागों का उपयोग करते हुए यह पक्षी घोसलों को डिजाइन करती है जो खुद को मजबूती से बांध लेता है। इस तरह के घोसलों ने बया वीवर को उनके इंजीनियरिंग कौशल के लिए मशहूर बना दिया है। ये घोसले नर पक्षी द्वारा बनाए जाते हैं जिसे वो मादा बया पक्षी को रिझाने और आकर्षित करने के लिए बनाते हैं। प्रजनन के मौसम के दौरान, नर बया मादाओं को आकर्षित करने के लिए अपने घोंसले बनाने के कौशल का प्रदर्शन करते हैं। संभावित साथी को प्रभावित करने की उम्मीद में, वे सावधानी से अपने घोंसले बुनते और सजाते हैं। जब घोंसले निर्माण पूरा होता है, तब मादा उसे मान्यता देती है या छोड़ देती है और यह इस पर निर्भर करता है कि कितनी सुंदरता और मजबूती से घोंसला बनाया गया है। बया एक पोलीगेमी पक्षी है जिसका अर्थ है कि नर एक से ज्यादा मादा के साथ मेटिंग करता है जबकि मादा सिर्फ एक नर के साथ ही मेटिंग करती है। कुशल वास्तुकारों की तरह बया भी विभिन्न आकृतियों और आकारों में अपने घोसलों का निर्माण करते हैं। कुछ घोंसले पेड़ की शाखाओं से लटकते हैं, जबकि अन्य लंबी घास के बीच बने होते हैं। यह एक सामाजिक पक्षी है और अक्सर कॉलोनियों में अपना घोंसला बनाते हैं। वे निर्माण प्रक्रिया में एक दूसरे की मदद करते हुए सद्भाव में एक साथ काम करते हैं। ये पक्षी अक्सर तीन साधनो को प्राथमिकता देते है जिनमे शामिल है खाना, पानी, और सुरक्षा। ये पक्षी किसानों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे कीड़ों और कीटों को खाते हैं, जिससे उनकी आबादी को स्वाभाविक रूप से नियंत्रित करने में मदद मिलती है। बया निवासी पक्षी है, जिसका अर्थ है कि वे लंबी दूरी तय नहीं करते हैं। वे आमतौर पर सालभर अपने पसंदीदा आवास में रहते हैं, और भारतीय जलवायु की गर्माहट का आनंद लेते हैं। बया पक्षी वास्तव में प्रकृति के कलाकार हैं, जो अपने शानदार घोंसलों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हैं। बया एक आदर्श प्राकृतिक निर्माता है जो अपने घोंसलों को सुंदरता और सुरक्षा से भर देती है। इसकी खूबसूरती और अनोखापन को देखकर हम सभी को प्रेरित होना चाहिए कि हम भी अपने कौशल और विचारशीलता का उपयोग कर-के अपने जीवन को सुंदर बनाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

सर्पदंश: तुरंत उपचार और सावधानी में ही बचाव

जयसिंह रावत

बरसात के इन दिनों में धान आदि की खेती का मौसम होता है, और यही समय सर्पदंश के लिए सबसे अधिक जोखिमपूर्ण होता है। सांप के काटने की घटनाएं अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं, जिससे स्त्री-पुरुष किसान, कृषि श्रमिक, और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। सर्पदंश के परिणामस्वरूप कुछ ही समय में मौत, लकवा, सांस लेने में कठिनाई, रक्तस्राव संबंधी विकार, किडनी फेल्योर, स्थायी विकलांगता, और अंग विच्छेदन हो सकते हैं। यह समस्या विकासशील देशों, विशेषकर कृषि प्रधान ग्रामीण और वन बस्तियों में देखी जाती है। ये घटनाएं स्वास्थ्य संकट नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी डालती हैं। हालांकि, इस समस्या को मानव-वन्यजीव संघर्ष की अन्य घटनाओं की तरह गंभीरता से नहीं लिया जाता है। इसलिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की उपेक्षित स्वास्थ्य समस्या के रूप में वर्गीकृत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में लगभग 50.4 लाख लोग सांपों द्वारा काटे जाते हैं, और 81,410 से 1,37,880 लोग सर्पदंश से मृत्यु का शिकार होते हैं। इसके अतिरिक्त, लाखों लोग विकलांगता और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। हालांकि, सर्पदंश पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों में भारी अंतर होता है। 12 मार्च, 2024 को भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की शुरूआत के समय जारी विवरण के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 30-40 लाख सर्पदंश के मामले होते हैं, जिनमें से लगभग 50,000 मौतें होती हैं, जो वैश्विक सर्पदंश मौतों का लगभग आधा हिस्सा है। सर्पदंश के शिकार लोगों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही अस्पतालों में रिपोर्ट करता है, जिससे सर्पदंश की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं हो पाती। केंद्रीय स्वास्थ्य जांच ब्यूरो की रिपोर्ट (2016-2020) के अनुसार, भारत में सर्पदंश के मामलों की औसत वार्षिक आवृत्ति लगभग 3 लाख है और लगभग 2,000 मौतें सर्पदंश के कारण होती हैं। वास्तविक स्थिति यह है कि भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है, क्योंकि ये घटनाएं अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों और वन बस्तियों में होती हैं, जहां पुलिस और अस्पतालों तक मामले नहीं पहुंचते और रिपोर्टिंग नहीं हो पाती। भारत में मानसून का मौसम, जो आमतौर पर जून से सितंबर तक रहता है, सर्पदंश के लिए सबसे संवेदनशील माना जाता है। इस मौसम में बाढ़ और पानी के कारण सांपों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाते हैं, जिससे वे भोजन और आश्रय की तलाश में मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं। मानसून के दौरान कृषि गतिविधियां भी चरम पर होती हैं, और किसान व मजदूर अनजाने में सांपों के संपर्क में आ सकते हैं, जो ऊंची घास या मलबे के नीचे छिपे होते हैं। गर्म और गीली परिस्थितियों में शिकार की उपलब्धता बढ़ जाती है, जिससे सांपों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। जनसंख्या वृद्धि और मानव-जीव संघर्ष के कारण भारत में सांपों और मनुष्यों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। मानव आवास विस्तार प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण करता है, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सांपों के काटने की संभावना बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन सांपों के व्यवहार को प्रभावित कर रहा है। वनों की कटाई और कृषि विस्तार के कारण सांप भोजन और आश्रय की तलाश में मानव बस्तियों की ओर खिंचे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर चिकित्सा सहायता और एंटीवेनम की कमी मृत्यु दर को बढ़ाती है। भारत सरकार ने सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य 2030 तक सर्पदंश से होने वाली मौतों और विकलांगता की संख्या को आधा करना है। हालांकि, इस समस्या का असली समाधान सावधानी और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने में है। सांप हमारे शत्रु नहीं हैं, वे वास्तव में खेतों में चूहों को नियंत्रित करके किसानों की फसलों की रक्षा करते हैं। वाइल्ड लाइफ एसओएस के अनुसार, भारत में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 60 से अधिक विषैले, 40 हल्के रूप से विषैले और लगभग 180 जहर रहित प्रजातियां हैं। कोबरा, रसैल और वाइपर जैसी प्रजातियां अत्यंत विषैली होती हैं, जबकि जहर रहित सांप बिना कारण मारे जाते हैं। सांप आमतौर पर आत्मरक्षा के लिए काटते हैं, इसलिए सतर्कता सबसे अच्छा बचाव है। घास, झाड़ियों और ढीली चट्टानों के आसपास जाते समय लंबी पैंट और मजबूत जूते पहनें। किसानों को भारी घास या लकड़ी का सामान ढोते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां सांप तो नहीं हैं। स्थानीय सांपों की प्रजातियों को पहचानें और बिना वजह झाड़ियों या घास में न घुसें। यदि सांप काट ले, तो घरेलू उपायों की बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता प्राप्त करें और एंटीवेनम का उपयोग करें। खुद से इलाज करने की कोशिश न करें, जैसे घाव को काटना या चूसना, क्योंकि यह स्थिति को और खराब कर सकता है।

बिना राशन कार्ड के भी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बनेगा आयुष्मान कार्ड : डीएम

एप के माध्यम से स्मार्ट फोन पर खुद ही ले सकते हैं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ : डीपीसी

5 लाख रुपए तक के मुफ्त उपचार का उठाएं लाभ

जिले के 20 सरकारी एवं 09 प्राइवेट संस्थानों में उपलब्ध है मुफ्त इलाज की सुविधा



मोतिहारी/सं। समहरणालय कक्ष में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारियों व आयुष्मान भारत के जिला प्रतिनिधि की बैठक आयोजित की गई जिसमें डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश देते हुए जिले में चल रहें कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान आयुष्मान भारत के डीपीसी जयंत कुमार ने बताया की पहले जिले के आम राशन कार्ड धारियों को प्रधानमंत्रीध्मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभुक बनाया जाता था। परन्तु बिहार सरकार के नए फरमान के अनुसार एक खुशखबरी मिली है की राज्य समेत जिले भर के वैसी आशा व आंगनबाड़ी सेविकाध्सहायिका जिनका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाया है, अपना खुद का आयुष्मान कार्ड खुद अपने ही स्मार्ट फोन पर एप्प के माध्यम से बना सकती है, एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ (5 लाख रुपए तक के मुफ्त उपचार) ले सकती है। वहीं जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दोपहर 2 बजे से योग्य व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है ये बातें जिले के आयुष्मान भारत के डीपीसी जयंत कुमार ने बताई है। उन्होंने कहा की इस योजना के अन्तर्गत जिले के 20 सरकारी एवं 09 प्राइवेट संस्थानों में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। डीपीसी जयंत कुमार ने बताया की योजना का लाभ देश के किसी भी सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में लिया जा सकता हैं। देशभर में 28000 से ज्यादा सरकरी एवं निजी अस्पताल योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। यह योजना सार्वजनिक व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती और उपचार के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का कवर प्रदान करता हैं। लाभार्थी को अस्पताल में कैशलेश स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाती हैं। इसके अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने से होने से 3 दिन पूर्व और और अस्पताल से डिस्चार्ज होने के 15 दिन बाद तक का इलाज एवं दवाओं का खर्च शामिल है। वहीं सेवाओं में उपचार, दवाई, जांच, भोजन, ओटी, आईसीयू शामिल है।

28 प्रतिशत लोगों ने अब तक बनवाया है आयुष्मान कार्ड

जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया की आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगों को समाचार पत्रों, शोशल मिडिया, टेलीविजन के द्वारा प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्ड को बनवाकर इस योजना का लाभ ले सकें। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14455 या 104 पर कॉल करें।

सोमेश्वरनाथ महोत्सव (अरेराज) का होगा भव्य आयोजन : जिलाधिकारी

मोतिहारी/सं। सोमेश्वरनाथ महोत्सव-2024 के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण श्री सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें माननीय विधायक गोविंदगंज श्री सुनील मणि तिवारी,एसडीएम अरेराज, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, उप समाहर्ता जिला नजारत, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सोमेश्वरनाथ महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि यह महोत्सव अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव की तिथि निर्धारित कर ली जाए और महोत्सव की गरिमा के अनुकूल तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर विज्ञापन के द्वारा इवेंट मैनेजर तय कर लिया जाए और उसी के माध्यम से कार्यो को संपन्न कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव के लिए अच्छे कलाकारों का चयन किया जाए जिसमे स्थानीय कलाकारों को भी अवसर प्रदान किया जाए। कलाकारों के चयन में माननीय विधायक महोदय से भी परामर्श कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि महोत्सव दो दिनों की होती है और इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिस पर डीएम के द्वारा कहा कहा गया कि भीड़ का पूर्व से ही आकलन कर विधि व्यवस्था के मद्देनजर तैयारी कर ली जाए। बैठक में उपस्थित माननीय विधायक गोविंदगंज श्री सुनील मणि तिवारी ने कहा कि महोत्सव का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक कराई जाए ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके।

धूमाधम से मनाया गया बैंक ऑफ इंडिया का 119 वां स्थापना दिवस

रक्सौल/सं। बैंक ऑफ इंडिया के रक्सौल शाखा में 119 वॉ स्थापना दिवस धूमधाम से केक काट कर मनाया गया। रक्सौल शाखा के पहली महिला शाखा प्रबंधक प्रिया गुप्ता ने बताया की बैंक ऑफ इंडिया का आज 119 वॉ स्थापना दिवस है। बैंक ऑफ इंडिया का भारत में 50434 बैंक शाखा एवं 19 अन्य देशों में भी बैंक शाखा संचालित है। हमे गर्व है की हमारे पास ग्राहकों इतना बड़ा परिवार है। हमारे बैंक शाखा में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी भी 1932 में खाता खुलवाए थे। आज स्थापना दिवस के इस अवसर पर हमारे बैंक शाखा ने ग्राहकों को 150 आरडी खाता खोला है। वही 333 दिन स्कीम में 50 लाख रु जमा कराया है। साथ ही 25 ग्राहक को कार लोन, 5 ग्राहक को होम लोन, 40 लाख रु का गोल्ड लोन के साथ साथ कई ग्राहकों को मुद्रा लोन दिया गया है। भविष्य में ग्राहकों को सुविधा के लिए एटीएम के साथ पैसा डिपॉजिट मशीन और पासबुक प्रिंट मशीन लगाने की योजना है। ताकि छुट्टियों के दिन भी हमारे ग्राहकों को सुविधा मिलती रहे। इस अवसर पर कुंदन कुमार, हर्षर्धन राव, प्रियंका कुमारी, दीनानाथ प्रसाद, प्रियंका गुप्ता,डॉ अनुपमा प्रसाद, डॉ प्रिया साहा एवं रवि रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शहर के धर्मसमाज चौक पोखर की भूमि से हटेगा अतिक्रमण

मोतिहारी/सं। जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा धर्मसमाज पोखरा का भ्रमण किया गया जिसमें नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव तथा अन्य नगर निगम कर्मी एवं अभियन्तागण मौजूद थे। उक्त भ्रमण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा धर्मसमाज पोखरा के आस-पास के सरकारी भूमि का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात उक्त भूमि पर किये गए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निदेश दिया। निदेशित किया कि सरकारी भूमि के चारों तरफ चाहरदिवारी का निर्माण कराये एवं भूमि को समतल कराते हुए बाल उद्यान का निर्माण कराये।

जगजीवन नगर के अंबेडकर चौक व बाबा साहेब की स्थापित प्रतिमा का 13.59 लाख से होगा सौंदर्यीकरण : गरिमा

बेतिया/सं। जगजीवन नगर के अम्बेडकर चौक पर स्थापित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सहित उक्त प्रतिमा स्थल का के अम्बेडकर चौक के संपूर्ण सौंदर्यीकरण की कुल कुल 13,59000 की लागत वाली उनकी महत्वाकांक्षी योजना को नगर निगम बोर्ड से मिली स्वीकृति के आधार पर कायार्देश दिया गया। कायार्देश सौंपने के साथ ही महापौर ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए निर्धारित तीन माह की समय सीमा अंदर ही पूरी मानक गुणवत्ता के साथ संपन्न करने का आदेश दिया। इसकी जानकारी साझा करने के

साथ महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि विभिन्न वार्डों में पीसीसी, आरसीसी और पेबर ब्लॉक सड़क निर्माण से संबंधित कुल 99,62326 की लागत वाली करीब डेढ़ दर्जन योजनाओं का कायार्देश महापौर द्वारा सौंपा गया। जिसकी जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि वार्ड-38 में भी खुशियाल महतो के घर से अमेरिका महतो तक पेबर ब्लॉक तथा प्रेमचन्द्र मिश्र के घर से रामशीष मिश्र के घर तक ईट सोलिंग एवं पीसीसी सड़क का निर्माण प्राक्कलित राशि- 3,39400/ शामिल है। वही वार्ड-25 में सरस्वती नगर के नारायण चौबे के घर से नंदकिशोर प्रसाद के घर तक और दीपक पाण्डेय के घर से भगवती नगर मेन रोड तक, तथा हरिवाटिका चौक के श्रवण चौधरी के घर से दशरथ चौधरी के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य की कुल राशि- 11,51000 पारित है। इसी प्रकार वार्ड-29 में धोबिया टोला में रोहित श्रीवास्तव के घर से सुनील सहाय के घर तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण पर 944400 की लागत को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड 40 में चरगाहां पीपल पेड़ से छठ घाट पुल तक पीसीसी सड़क निर्माण की योजना पर 7,19000 के खर्च को स्वीकृति दी गई है। इसी के साथ वार्ड- 18 में भोला एमपी चौक से छेदी लाल शर्मा के घर होते हुए मवेशी हॉस्पिटल से इमली चौक तक नाला निर्माण की स्वीकृत योजना पर 1492600 के लागत राशि की स्वीकृति दी गई है।

तीन नाबालिग बच्चे बरामद

रक्सौल/सं। उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ स्थित मदरसा में पढ़ने वाले तीन नाबालिग बच्चे मदरसा छोड़ कर रक्सौल पहुंच गये थे। जिन्हे रक्सौल में रेलवे सुरक्षा बल, चाइल्ड लाइन और स्वच्छ रक्सौल संस्था की टीम के द्वारा स्टेशन से रेस्क्यू करते हुए बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि रक्सौल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित पार्सल कार्यालय के पास तीन नाबालिग बच्चों को देखा गया। शंका होने पर आरपीएफ की टीम के द्वारा पास जाकर पूछताछ की गयी तो तीनो बच्चों ने बताया कि हम लोग अलीगढ़ में मदरसा में पढ़ते है। वहां पर शिक्षक के द्वारा मारा पिटा जाता है इसलिए हम तीनो मौका देखकर वहां से भाग आये तथा अपने गांव अररिया जा रहे है। भटककर हम लोग रक्सौल आ गए है। तीनो बच्चों की उम्र काफी कम होने व नासमझ होने के कारण प्रथम दृष्ट्या यह प्रतीत हुआ कि उक्त बच्चे कहीं गलत हाथो में न पड़ जाए, ऐसे में सभी को आवश्यक कार्रवाई के बाद बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। इस अभियान में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक तेज कुमार, आरक्षी रामनारयण प्रसाद के साथ-साथ रेलवे चाइल्ड लान के राहुल व आनंद कुमार के साथ-साथ स्वच्छ रक्सौल संस्था के रंजीत सिंह , सावरा खातून सहित अन्य शामिल थे।

प्रेस विज्ञप्ति

अधिवक्ता सुनिल ठाकुर हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने किया सरंडर

एएसपी से मिला अधिवक्ताओं का शिष्टमंडल

मोतिहारी/सं। अधिवक्ता सुनील ठाकुर हत्याकांड का मुख्य आरोपी सुजीत कुमार पुलिसिया दबाव के बाद शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-6 के न्यायालय में आत्म-समर्पण कर दिया। जानकारी देते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिखर चैधरी ने कहा कि मामले में लगातार पुलिस दबाव बना रही थी, फलस्वरूप तुरकौलिया थाना कांड संख्या-374/24 के मुख्य अभियुक्त सुजीत कुमार को आत्मसमर्पण करना पड़ा, वहीं एक और अन्य अपराधी की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जाहिर है कि मुख्य आरोपी के सलाखों के पीछे जाते हीं न्याय की आश लगाए अधिवक्ताओ की आश जगी है। जिला बार

एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन की कमेटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत थी। इस बाबत पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर भी जिला बार एसोसिएशन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। जिसका परिणाम सामने आया है। अब उसे सजा दिलाने की दिशा में काम किया जायेगा। इस कार्य के लिए महासचिव श्री दुबे ने जिला पुलिस कप्तान, सहायक पुलिस अधीक्षक सहित थानाध्यक्ष तुरकौलिया को धन्यवाद दिया है।

मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित प्रारूप का प्रकाशन

मोतिहारी/सं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सांसद गण के प्रतिनिधि, विधायक गण एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में बैठक हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इस पर 7 सितंबर से 17 सितंबर तक दावा आपत्ति की जा सकेगी। जिला में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की संख्या 3496 थी। युक्तिकरण के पश्चात अब मतदान केंद्रों की कुल संख्या 3628 हो गई है। युक्तिकरण के दौरान कुल 132 नए मतदान केंद्र की संख्या बढ़ी है। युक्तिकरण के समय सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया गया है।

पानी भरे गड्ढे से युवक का शव बरामद

सुगौली/सं। एक दिन से लापता युवक का शव पानी भरे गड्ढे से बरामद हुआ है। परिजनों का आरोप है कि उसकी किसी ने हत्या कर शव को फेंक दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना सुगौली थाना क्षेत्र के छोटा बंगरा की है। मृतक की पहचान गांव के ध्रुव ठाकुर का पुत्र सुनील ठाकुर के रूप में हुई है। श्री ठाकुर ने बताया कि कल से वह कही नजर नहीं आ रहा था, कई जगहो पर खोजा गया। लेकिन पता नहीं चला। आज सूचना मिली कि आपके बेटे का शव पानी भरे गड्ढे में पड़ा हुआ है। जैसे ही इसकी जानकारी परिजन को लगी घर में कोहराम मच गया। मृतक की दो शादी हुई है। पहली पत्नी छोड़कर भाग गई है। उसके बाद दूसरी शादी बगल की एक महिला ने कराई थी। इससे लोगो ने जमीन खरीद लिया था और यह हमेशा पैसा के लिए दौड़ता था। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना कि सूचना मिली की पानी भरे गड्ढे में एक युवक का शव है, पुलिस टीम भेज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

लड़की का फोटो वायरल करनेवाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

रक्सौल/पू.च/सं। प्रेम जाल एवं झूठा प्रलोभन देकर एक लड़की का फोटो वायरल करने की धमकी देना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने उक्त लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि रामगढ़वा थाना क्षेत्र के खरकटवा गांव निवासी विपिन पांडेय के पुत्र नूतन पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक के द्वारा रक्सौल की एक लड़की को पहले प्रेम जाल में फंसाया और इसका फायदा उठाकर लड़की के साथ कुछ तस्वीर ले ली। इसके बाद वह लगातार लड़की को फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसकी शिकायत लड़की ने परिजनों से की। तब जाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

तेजी से चल रहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान

मोतिहारी/सं। शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला कार्यालय मोतिहारी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई है, बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ई.रमेश पासवान ने एवं संचालन जिला प्रधान महासचिव प्रो. सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान पुरे प्रदेश में चालाया जा रहा है, बैठक सदस्यता अभियान को तेज करने हेतु आहूत थी। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी ठाकुर धर्मेंद्र सिंह एवं जिला प्रभारी ई.शौकत अंसारी उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार ने कार्यकर्ताओ को आह्वान करते हुए कहा की पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है, पार्टी प्रत्येक प्रखंड में कैम्प लगा कर सदस्यता अभियान चलाएगी। बैठक को अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा ने सम्बंधित करते हुए कहा की सदस्यता अभियान के अंत में पार्टी के पंचयात अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नियमानुसार किया जायेगा।

महावीरी झंडा जुलूस के दौरान करंट से युवक की हुई मौत

सिकरहना/पू.च/सं। चिरैया थाना क्षेत्र के मठ कोलासी गांव में शनिवार को महावीरी झंडा जुलूस के दौरान एक युवक की बिजली के करंट लग जाने से मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान उक्त गांव निवासी सकल दास के 17 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि गांव के लोग महावीरी झंडा को लेकर सेमरा चैक से पूरब विषहर देवी व सपही देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने जा रहे थे, इसी क्रम में हरे बांस के झंडा में 11 हजार वोल्ट विद्युत धारा प्रवाहित हो गई। जिसके कारण युवक बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गया। तत्काल आनन-फानन में ईलाज के लिए मोतिहारी ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। विषहर देवी मंदिर में पूजा करने के बाद महावीरी झंडा जुलूस को कोलासी गांव स्थित महावीर मंदिर परिसर में जाना था। लेकिन युवक की मौत के बाद जुलूस बिखर गया और मेले का रंग फीका पड़ गया। मृतक के पिता खड़तरी पूर्वी पंचायत के वार्ड न. 16 के ग्राम कचहरी पंच है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर कारवाई की जा रही है।

अपहृत युवती बरामद

हरसिद्धि/पू.च/सं। मुरारपुर पंचायत के एक गांव से कथित अपहृत युवती को पुलिस ने शनिवार को घोड़ासहन से बरामद कर लिया है। मालूम हो कि 19 अगस्त को मुरारपुर की एक लड़की घर से गायब हुई थी। मामले में गायब युवती की मां ने थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। बरामद युवती को दारोगा अमित रंजन ने कोर्ट में दाखिल किया। जहां युवती ने मेडिकल जांच कराने से इंकार कर दिया। युवती ने खुलासा किया कि तुरकौलिया के एक निजी अस्पताल के कोई कंपाउंडर का हाथ उसके भागने में नही है।

राम जानकी मंदिर का शिलान्यास

पताही/पू.च/सं। बखरी पंचायत स्थित चंपापुर में शनिवार को चम्पापुर बाबा दुख-हरण नाथ शिव मंदिर परिसर में पूर्व से स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर के ऊपर राम जानकी मंदिर का शिलान्यास शिव पूजा सेवा समिति चम्पापुर के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर के भूमिदाता राममिश्वर सिंह एवं अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष भरत पासवान, नरेश राय, रामसेवक सह सचिव संजीव सिंह, सचिव हरगोविन्द, श्यामल कुमार सिंह, गंगा राय, उमाशंकर सिंह, विजय कुमार सिन्हा जवाहर लाल राय, कपिलेश्वर पाठक, बिनोद प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

एसपी कांतेश मिश्र की अब बड़ी जिम्मेवारी, बने आईबी के डिप्टी डायरेक्टर

जिले में स्वर्णिम रहा कार्यकाल, जाली नोट, मादक पदार्थ, असलहों की बरामदगी, शातिर अपराधी की गिरफ्तारी की लंबी फेहरिस्त

बिनोद कुमार सिंह

मोतिहारी। भारत सरकार के गृह विभाग के निर्देश पर भारतीय पुलिस सेवा 2015 बैच के आईपीएस व वर्तमान में पूर्वी चंपारण जिले के एसपी कांतेश कुमार मिश्र को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा रहा है। गृह मंत्रालय के द्वारा बिहार के चीफ सेक्रेट्री को भेजे गये पत्र में उन्हे रिलीव करने को कहा गया है। श्री मिश्र को इंटेलिजेंस ब्यूरो में ज्वाइंट डिप्टी डायरेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इनकी सेवा पांच सालों की होगी। उल्लेखनीय है, कि श्री मिश्र की पहचान एक ईमानदार, मृदुभाषी, कवि

हृदय के अलावे क्विक रिस्पॉन्सिबल पदाधिकारी के रूप में रही है। पुलिस कप्तान होते हुए कवि की सोंच अपने आप में बड़ी बात है, तभी तो पुलिस अधीक्षक की पाटलिपुत्र की छांव व मगध सा मन काव्य संग्रह खूब सराहा गया। अपराध नियंत्रण के मामले में भी उनकी कार्यशैली काफी सराहनीय रही है। संवेदनशील घटना के बाद पुलिस की तात्कालिक एक्शन श्री मिश्र का लाजवाब रहा। घोड़ासहन में डकैतों का इनकाउंटर हो या फिर एके 47 की बरामदगी, कार्रवाई काबीले तारीफ कही जायेगी। दूसरे प्रदेश से अपराधियो की गिरफ्तारी में भी पुलिस कप्तान पीछे नही रहे, कुख्यात राहुल सिंह हों या फिर एटीएम चोर का अन्तरार्जीय गैंग कोई नही बख्शा गया। घटना बड़ी हो या छोटी उसे होम वर्क बनाकर टीम वर्क कर के उदभेद्ति किया गया। उल्लेखनीय है कि लगभग फरवरी मार्च में अमूमन सभी थानाध्यक्ष का पदोन्नति पाने के बाद दूसरे जिले के लिए ताबदला कर दिया गया, ऐसे में पुलिस पदाधिकारियो की बिल्कुल नई टीम जिले में आई, जिससे बेहतर काम लेते हुए एसपी अपराध को नियंत्रित रखने में अपनी बुद्धिमता का पूरा प्रयोग किये। श्री मिश्र की उपलब्धि शराब तस्करी पर लगाम लगाने में भी अव्वल रही। वही जाली नोट व मादक पदार्थ के कई खेप पकड़े गए और दर्जनों तस्कर जेल भेजे गए। सीमाई इलाको में तस्करी को लेकर पुलिस कप्तान की खुफिया तंत्र भी काफी मजबूत रहा है, तभी तो एक के बाद एक बड़े तस्कर आज जेल की सलाखों के अंदर है। बहरहाल इतना तो तय है कि सूबे से आगे अब पांच वर्ष श्री मिश्र को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेवारियो का निर्व्हन करना है। माना जा रहा है कि आईबी के उच्चे ओहदे पर रहते हुए आईपीएस कांतेश कुमार मिश्र अपनी बारीकियों और सहजता का तारतम्य रखते हुए इसका भरपूर उपयोग करेंगे, जिससे उनमें और निखार आएगा।

पूर्व मध्य रेल
ई–ऑक्शन सूचना
सं:–कॉम/डब्लूआर/डीएनआर–1
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:– **1. कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत राजेन्द्र नगर टर्मिनल (प्लेटफार्म संख्या–01 पर्यटन भवन निचले तल पर स्थित) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव । **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष , **3. कैटलॉग संख्या :** कॉम–डब्लूआर–डीएनआर–1, **4. लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पीपीटीए–डब्लूआरएल–91–24–1, **5. ई–नीलामी की तिथि व समयः** दिनांक 23.09.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक। लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–आरजेपीबी–डब्लूआरएल–91–24–1) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **7. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:www.ireps.gov.in.**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01082/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

पूर्व मध्य रेल
ई–ऑक्शन सूचना सं. :–
कॉम–एनएफआर–डब्लूआर–डीएनआर2
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है :– **क्रम सं (01) कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत पटना जंक्शन (प्लेटफार्म संख्या–10) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव। **(02) अनुबंध की अवधी :** 05 वर्ष **(03) कैटेलॉग संख्या :** कॉम–एनएफआर–डब्लूआर– डीएनआर2 **(04) लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पी–डब्लूआरएल–89–24–2 **(05) ई–ऑक्शन की तिथि व समय :** दिनांक 25.09.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–पीएनबीइ–डब्लूआरएल–89–24–2) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **(07) वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन से संबंधित पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in.**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दानापुर
पीआर/1084/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), कार्य का नाम एवं स्थान :** उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल में बरौनी–बछवाड़ा के बीच तीसरी और चौथी लाइन के सम्बन्ध में तेघरा और बछवाड़ा यार्ड सहित बरौनी–बछवाड़ा खंड और सुगौली–वाल्मीकिनगर दोहरीकरण कार्य के संबंध में बगहा यार्ड सहित बगहा – खरपोखरा खंड के 25 केवी ओएचई और पीएसआई कार्य का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और किसी खंड के लिए खुली निविदा। e-Tender No. EL/C/N/MHX/ETEN/04/24-25 **(2) अनुमानित कार्य की लागत:–** रू० 35,01,71,110.33, **(3) जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू० शून्य **(4) कार्य पूर्ण करने का समय :** 12 माह **(5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 27.09.2024 दोपहर 12.00 बजे तक **(6) वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:–** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर/ महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1087/सीएसपीजे-1/ईजीईएन/टी/24-25/36

पूर्व मध्य रेल
"सार्वजनिक सूचना"
करौटा–पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच नई बीजी रेल (विद्युतिकृत) सर्फेश ट्राईंगल लाइन का स्पीड ट्रायल की सूचना
"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि करौटा–पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच अप एंव डाउन दोनों दिशाओं में नई बीजी रेल (विद्युतिकृत) सर्फेश ट्राईंगल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्व परिमंडल, कोलकता द्वारा निरीक्षण के संबंध में **दिनांक 10.09.2024** को विशेष ट्रेन द्वारा तीव्र गति से "स्पीड ट्रायल" किया जाएगा। किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। अतः सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि रेलवे लाईन के निकट नहीं आवें और मवेशियों को भी दूर ही रखें। साथ ही समपारों (लेवल क्रासिंग) को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देख कर ही रेल लाईन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेंदार नहीं होगा।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / नि०/ दक्षिण
पीआर/1088/सीओएनएस/ईएनजीजी/एन/24–25/56

पटना, रविवार 08 सितंबर 2024
सन्मार्ग Live News & Epaper http://www.live7tv.com

भूमि सर्वेक्षण में स्वयं ही वंशावली जमा करें : डीएम

सोशल मीडिया से गलत प्रचार करनेवालों पर कसेगा शिकंजा

डीएम के जनता दरबार में भूमि संबंधित मामलों की छायी रही समस्या

बक्सर/सं। राजपुर प्रखंड मुख्यालय सभा कक्ष में सरकार के निर्देश पर डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव में हो रहे जमीनी विवाद एवं आपसी बंटवारे की प्रक्रिया को कानूनी रूप से अमली जामा पहनाने के लिए भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया गया है. इसके पहले फेज में गांव गांव में ग्राम सभा के माध्यम से लोगों को जागरुक कर दिया गया है। अब इसके अगले चरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए लोगों के बीच कई प्रकार की भ्रांतियां फैला दी गई हैं। जिससे लोगों को दूर रहने की जरूरत है। इन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि इसके लिए लोग प्रपत्र दो में सही आंकड़े भरेंगे और प्रपत्र 3 में स्वयं या सादा कागज पर वंशावली बनाकर जमा करेंगे। इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। विभाग के कर्मियों को हिदायत दिया कि भ्रांतियों को दूर करें। किसी प्रकार का दावा आपत्ति होने पर उसकी अलग प्रक्रिया है सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी अधिकतर गलत है।ऐसे में लोगों को इन सब बातों में नहीं आना है। सरकार के तरफ से हो रहा यह सर्वेक्षण अच्छा कार्य है। खतियान का अपडेट अब तक नहीं हुआ है। इस सर्वेक्षण के बाद सभी का खतियान अपडेट हो जाएगा। इसके कार्यों के निष्पादन के लिए तेजी लाया जाएगा। सोशल मीडिया पर गलत प्रचार करने वाले लोगों की पहचान की जाएगी जो लोग अफवाह भरी बातें सामने रख रहे हैं। वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। डीसीएलआर सुधीर कुमार ने कहा कि अधिकतर लोगों का जो जमाबंदी लॉक हो गया है उसको अनलॉक करने के लिए पंजी टू में उपलब्ध खतियान, शुद्धि रशीद एवं अन्य कागजात के बाद उसे अनलॉक किया जा रहा है जिसके लिए राजपुर में लगभग 700 आवेदन जांच कर प्रक्रिया में लाने के लिए सीओ को सौंप दिया गया है। उसके बाद लोगों से आवेदन प्राप्त किया गया। इसी मौके पर आवेदन कताओं ने अपने अलग अलग मामलों की फरियाद इन सभी मामलों से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव देते हुए डीएम ने निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा, सहायक अपर समाहर्ता प्रतीक्षा सिंह, अपर समाहर्ता अनुपम सिंह, निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग निखिल कुमार, सौरव आलोक, बीडीओ सिद्धार्थ कुमार,सीओ डॉ शोभा कुमारी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

रंगदारी मांगने के आरोप में पूर्व सभापति समेत अन्य तीन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

बिक्रमगंज/सं। नगर परिषद बिक्रमगंज के सभापति मनोरंजन सिंह ने पूर्व सभापति रबनवाज खान उर्फ राजू समेत अन्य तीन लोग भाई नफीस नवाज खान उर्फ टिंकू खान दोनो पिता शहनवाज खान, पुत्र मोहम्मद अकील नवाज पिता रबनवाज खान उर्फ राजू एव असगर हुसैन उर्फ असगर नेता पिता हैदर मिया पर रंगदारी मांगने के आरोप में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।दर्ज प्राथमिकी में रंगदारी मांगने,चरित्र हनन करने आदि का आरोप लगाया गया है।उधर पूर्व सभापति के पत्नी पूर्व वार्ड पार्षद तनवीर बेगम ने नगर सभापति द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी में को झूठ का प्रतीक बताते आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है कि न्याय मुझे मिलेगा और जनहित का आवाज उठाने वाले पर दबिश बनाकर राजनीतिक रूप से कमजोर करने की साजिश रचने वाले धराशाही होंगे।पूर्व सभापति की पत्नी पूर्व वार्ड पार्षद तनवीर बेगम ने रोहतास के पुलिस कप्तान को पत्र भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कर न्याय संगत करवाई करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय सहायता समिति के सभापति समेत सदस्यों को डीएम ने जिले में चल रहे विकास कार्यों से कराया अवगत

पर्यटन के दृष्टिकोण से रोहतास बेहद महत्वपूर्ण

सासाराम/सं। बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के स्थल अध्ययन यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को सर्किट हाउस में सभापति मो. नेहालुद्दीन की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में जिलाधिकारी नवीन कुमार, अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह सहित समिति के आठ सदस्य और सभी विभागों एवं शाखाओं के पदाधिकारीगण मौजूद थे।पर्यटन को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों को जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह जिला पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम, मंझार कुंड सहित अन्य पर्यटन स्थलों के सम्पूर्ण विकास को लेकर प्रस्ताव बनाकर पटना भेजा गया है। इस बाबत पर्यटन विभाग की एक टीम ने भी सभी पर्यटन स्थलों का दौरा कर जायजा लिया है। उम्मीद है जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक खबर मिलेगी और रोहतास के पर्यटन स्थलों का कायाकल्प देखने को मिलेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिले में ज्यादातर पर्यटन स्थल जंगल के अंदर हैं और वहां की जमीन वन प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने समिति को बताया कि लगभग 100 एकड़ की जमीन जंगल के अंदर या फिर जंगल के किनारे बिहार सरकार की है।जिलाधिकारी ने बताया कि वे रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम आदि पर्यटन स्थलों के पास की वन प्रमंडल की जमीन से बिहार सरकार की वन के अंदर या वन के किनारे वाली जमीन से साझा करने की बात चल रही है। इस पर जल्द ही सहमति बनने की उम्मीद है।उन्होंने समिति को अवगत करवाया कि शहर के अंदर सलीम शाह मकबरे एवं तालाब का जीणोर्धार किया गया है और वहां से अतिक्रमण हटाया गया है। यह लगभग 29 एकड़ में बना हुआ है। इसके चारों तरफ बाउंड्री की जा रही है। अगले महीने में इसे पूर्ण कर लिया जाएगा।बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

मुक्त कारागार से बंदी गायब, प्राथमिकी दर्ज

बक्सर/सं। गुरुवार को केंद्रीय कारा परिसर स्थित मुक्त कारागार का बंदी गायब हो गया है। जिसकी जानकारी मिलने के साथ ही जेल प्रशासन के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। खोजबीन में बंदी के नहीं मिलने पर सहायक जेल अधीक्षक विजय कुमार सिंह द्वारा नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस बंदी के खोजबीन में जुट गई है। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सहरसा जिला के सलखुआ थाना क्षेत्र के गौरीडीह गांव के उमेश यादव पिता बमभोली यादव मुक्त कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। मुक्त कारागार से गुरुवार को बंदी नई बाजार जाने की बात कह जेल से बाहर निकला था। करीब छह बजे तक बंदी वापस लौट कर नहीं आया। बंदी के वापस नहीं लौटने पर जेल प्रशासन के द्वारा काफी खोजबीन की गई। बंदी के नहीं मिलने पर मुक्त कारागार सहायक अधीक्षक विजय कुमार सिंह के द्वारा नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस गायब बंदी की तलाश में जुट गई है। नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मुक्त कारागार से गायब बंदी की तलाश की जा रही है। जल्द ही खोज कर कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।

सभी प्रखंडों में लगेगा सुरक्षा जवान व सुपरवाईजर भर्ती कैंप, तिथियां घोषित

बक्सर/सं। जिले में प्रखण्डवार सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती कैम्प का आयोजन किया रहा है इसमें एसआईएस इंडिया लिमिटेड भाग लेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में अलग अलग तिथियों को सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती के लिए एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सभी प्रखंडों में कैम्प जरिये आवेदन लेगी। इस दौरान उन्होंने बताया कि 10.09.2024 को राजपुर प्रखंड परिसर में 11.09.2024 को चौसा प्रखंड परिसर में, 12.09.2024 को इटाढी प्रखंड परिसर में, 13.09.2024 को संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई परिसर 14.09.2024 को डुमराँव प्रखंड परिसर में, 17.09.2024 को नावानगर प्रखंड परिसर में, 18.09.2024 को ब्रह्मपुर प्रखंड परिसर में, 19.09.2024 को केसठ प्रखंड परिसर में, 20.09.2024 को चौगाई प्रखंड परिसर में एवं 21.09.2024 को सिमरी प्रखंड परिसर में निर्धारित किया गया है। इस संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करेंगे तथा उक्त शिविर में आवेदकों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड के माप दण्ड के अनुसार की जायेगी। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का एक माह का आवासीय प्रशिक्षण एवं किटया सामग्री दी जायेगी। जिसका शुल्क अभ्यर्थियों को वहन करना होगा।

मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को ले डीएम ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

प्रारूप सूची प्रकाशित

सासाराम/सं। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित न्यू मीटिंग हॉल में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा शनिवार को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची प्रकाशित कर दी गई है।उक्त प्रारूप सूची को लेकर दावा या आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर निर्धारित की गई है।इस दौरान जो भी दावा या आपत्ति आएगी, उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा 25.9.2024 तक निष्पादन कर लिया जाएगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ राजनीतिक दलों की अगली बैठक 26 से 28 सितंबर, 2024 तक होगी।ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के संबंध में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का निर्देश दिया गया था।इस निर्देश के उपरांत मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। तत्पश्चात मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता हैं, उन जगहों पर वहीं दूसरे उपलब्ध कमरे में या वहीं परिसर में या फिर अन्य पोलिंग स्टेशन पर नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे नए मतदान केंद्रों की कुल संख्या 85 हैं।वैसे मतदान केंद्र जो जर्जर स्थिति में है, उनका स्थान परिवर्तन किया गया है। नए स्थान परिवर्तित किए गए केंद्र मतदान केंद्रों की संख्या कुल 17 है।जिन मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया गया है उसकी कुल संख्या 10 है। सम्पूर्ण जिले में कुल 14 चलंत मतदान केंद्र हैं।

कस्तूरबा विद्यालय में छात्रा हुई बेहोश

कोचस/रोहतास/सं। बीती रात करस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय भागीरथा नरवर की छात्रा की देर रात तबियत बिगड़ने से बेहोश हो गई। घटना के बाद विद्यालय मे अफरा तफरी मच गई। विद्यालय मे तैनात वार्ड इंचार्ज के द्वारा इलाज के लिए बेहोशी की हालत मे छात्रा को उपचार के लिए कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां रात्रि में रोस्टर के अनुसार तैनात डॉक्टर विकास कुमार गायब रहे। इस दौरान छात्र की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। इसके बाद इसकी सूचना पर पहुंचे पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को सासाराम रेफर कर दिया । हालांकि वहां भी स्थिति बिगड़ने के बाद चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया है।

धूमधाम से मनाया गया गणिनाथ पूजा महोत्सव

काराकाट/रोहतास/सं। नगर पंचायत गोरई में गणिनाथ पूजा महोत्सव का धूमधाम से किया गया आयोजन। बताते चले कि हलुवाई समाज का प्रसिद्ध यह गणिनाथ पूजा प्रत्येक वर्ष भाद्रपद महीने में मनाया जाता है जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों का सहयोग एवं श्रद्धा देखा जाता है। शनिवार को इसी क्रम में नगर पंचायत गोरारी में दुर्गा स्थान के पास गणिनाथ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जहां पर महाप्रसाद का वितरण हुआ एवं पूजा पाठ के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।इस अवसर पर नगर पंचायत के अलावे आसपास के हलुवाई समाज एवं अन्य वर्ग के पुरुष महिला समान रूप से शामिल हुए और एक मेले का रूप दिखाई दिया।

धूमधाम से मनी भगवान श्रीकृष्ण की बरही

दावथ/रोहतास/सं। प्रखंड मुख्यालय से नजदीक स्थानीय दावथ गांव में श्रीराम जानकी मंदिर दावथ में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की बरही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान दोपहर तक हवन - पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया और दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। राम जानकी मंदिर समिति की ओर से 27 अगस्त से ही यहां पर भगवान का संकीर्तन, मंगलगीत और सोहर आदि का कार्यक्रम लगातार चल रहा था। शनिवार को बरही के अवसर पर हवन, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

करंट से एक की मौत

नोखा/रोहतास/सं। थाना क्षेत्र के सोतवा गांव में विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोतवा गांव निवासी नंदलाल राम के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। गांव में बिजली मिस्त्री का काम कर जीविकोपार्जन करने वाले नंदलाला राम की मौत विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से होने के बाद गांव में और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम केलिए सासाराम भेज दिया है।प्रभारी थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अभी तक से थाने में आवेदन नहीं दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में दो घायल

नोखा/सं। थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में दो घायल हो गए। दोनों घायल पति-पत्नी बताया जा रहे हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर में ट्रैक्टर एक बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिन्हें बाइक दो घायल हो गए। दोनों घायल को112 नंबर की पुलिस गाड़ी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और ट्रैक्टर चालक को हीरासत में ले कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों घायलों की पहचान दरीगांव गांव। निवासी सत्येंद्र कुमार और उनकी पत्नी ज्योति कुमारी बताई जा रहे हैं।

वाहन चोरों पर कसा शिकंजा

सीवान/संवाददाता। सिवान जिले के पचरुखी थाने के द्वारा मोटरसाइकिल चोरों पर शिकंजा कसने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बताया जाता है कि वाहन चोरो पर पुलिस का शिकंजा कसा गया है।

युवक की हत्या नहीं, बल्कि बिजली का तार काटने के दौरान करंट से हुई थी मौत : एएसपी

एएसपी परिचय कुमार ने कांड का प्रेसवार्ता कर उद्भेदन किया

आरा/सं। भोजपुर जिले उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में आटा चक्की से लापता युवक का शव गजराजगंज ओपी के बड़कागांव अख्तियारपुर गांव के बनास नदी से बरामद मामले में भोजपुर पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। युवक की हत्या नहीं हुई बल्कि बिजली के तार कटाने के दौरान करंट के चपेट में आने से हुई है। युवक के दोस्तों ने कानूनी प्रक्रिया में फस जाने के डर से शव को बाइक पर मृत अवस्था में बैठाकर उसे बनास नदी मे फेक दिए । इस मामले में मृत युवक के एक दोस्त को उदवंतनगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है । पकड़ा गया आरोपी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी राज किशोर प्रसाद का पुत्र गोरख कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक बिजली का तार काटने वाला कटर मशीन,बिजली के पोल पर चढ़ने वाला चप्पल,गंजी,टीशर्ट बरामद किया है। बता दे की मृत युवक जैतपुर गांव निवासी अरुण कुमार उर्फ पवन कुमार का 25 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार है। ऋतिक मर्चेंट नेवी में छह पूर्व मालदीव में ज्वाइन किया था और अभी ट्रेनिंग कर रहा था। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी अरुण कुमार सिंह और पवन कुमार सिंह द्वारा 3 सितंबर को स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया गया था कि उनका पुत्र लापता है। इसके बाद उदवंतनगर क्षेत्र में कांड संख्या 388/24 प्राथमिक की दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस एवं डीआईयू की टीम लगातार खोज में लग गई थी और साक्षी संकलन किया जा रहा था। किसी बीच 4 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बड़कागांव अख्तियारपुर स्थित बनास नदी से लापता ऋतिक का शव बरामद किया गया। अनुसंधान जारी था और अनुसंधान के क्रम में इस कांड का उद्भेदन हुआ और पता चला कि मृतक ऋतिक कुमार,गौरव कुमार, आदित्य कुमार और अमन कुमार चारों मिलकर बिजली का तार काटकर चोरी किया करते थे। वह उस रात आयर थाना क्षेत्र के चिरापुर गांव चोरी करने के लिए गए थे। वहीं पर बिजली का तार काटने के दौरान उसे बिजली का झटका लग गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। अनुसंधान के क्रम में प्रथम दृष्टया अभी तक यही सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पुष्टि हो पाएगा। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपीय उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी राज किशोर का पुत्र गौरव कुमार है। उसके पास से बिजली का तार काटने वाला कटर मशीन,बिजली के पल पर चढ़ने के लिए इस्तेमाल करने वाला चप्पल एवं कपड़ा बरामद किया गया है। इस कांड में अभी दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को होनी बाकी है। एएसपी ने बताया कि अन्य साथी योजना बनाकर ऋतिक कुमार के शव को साक्ष्य छुपाने की नीयत से मोटरसाइकिल पर लेकर असनी पुल के ऊपर से नदी में फेंक दिए थे। रितिक कुमार के शव को बड़का गांव अख्तियारपुर के बनास नदी से बरामद किया गया था ।

76 बच्चों को ग्रामीण ने विद्यालय जाने से रोकने के मामले में डीएम ने लिया संज्ञान

सासाराम/सं। करगहर प्रखंड के लेहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का एक मामला प्रकाश में आया है, जहां विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 76 बच्चों को वहां के स्थानीय ग्रामीण के द्वारा विद्यालय जाने से रोका जा रहा है। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने करगहर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और डीपीओ (एसएसए) को निर्देश दिया है कि सभी पदाधिकारी सोमवार को स्वयं बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचाएंगे और जो भी व्यक्ति बच्चों को स्कूल जाने से रोकता है, उस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे और विद्यालय को जल्द से जल्द सुचारू रूप से चालू कराएंगे।

टेंपो चालक ने गंडक में लगाई छलांग, मौत

गुठनी/सिवान/संवाददाता। गुठनी थाना क्षेत्र के यूपी बिहार स्थित मेहरौना पुल से शनिवार की दोपहर गंडक में छलांग लगा दी, जिसमें टेंपो चालक की डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान थाना क्षेत्र के गुठनी पूर्वी निवासी जनार्दन सिंह के (25) वर्षीय पुत्र छोटू सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि यूपी के लार में किसी कार्य से गए थे और नदी में कूदकर जान दे दिया. नदी में छलांग लगाने के बाद जब वह गहरे पानी में पहुंचा तो डूबने लगा. जहां उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर घाट के समीप मछुआरे मौके पर पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास किया. गंडक नदी में उसे ढूंढने के लिए आसपास के ग्रामीण और परिजनो ने काफी कोशिश किया. लेकिन उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने इसकी सूचना रिश्तेदारों, ग्रामीणों, आसपास के लोग और स्थानीय प्रशासन को भी दिया. वहीं खबर प्रेषित तक नदी में डूबे युवक का पता नहीं चल सका है।

वीकेएसयू के परीक्षा नियंत्रक अनवर इमाम को हटाने पर छात्र जदयू ने राज्यपाल को दी बधाई

आरा/सं। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अनवर इमाम को राजेंद्र विश्वनाथ द्वारा हटाने पर छात्र जदयू विश्वविद्यालय अध्यक्ष आजाद सिंह ने राज्यपाल को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन और प्रदेश छात्र जदयू प्रभारी रंजीत कुमार झा ने भी करवाई की सराहना की है।संगठन के नेताओ ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मुहिम जारी रहेगा। विश्विद्यालय अध्यक्ष ने बताया कि राज्यपाल से - मिलने पर करवाई का आश्वासन मिला था जो आज करवाई के रूप में देख संगठन से राज्यपाल को बधाई का ताता लग गया। छात्र जदयू नेता आजाद सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार के पर्याय - बने अनवर इमाम के विरुद्ध 11/07/24 से 17/7/24 तक छात्र जादयू के नेताओं द्वारा इनको - हटाने के लिए आमरण अनशन पर बैठना पड़ा था। इस अनशन को जदयू नेता विश्वनाथ सिंह,प्रिंस बजरंगी और प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन समझा-बुझाकर तुड़वाने का काम किया गया था । इन लोगों ने आश्वासन दिया था कि इन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी जो आज देखने को मिली है।बधाई देने वालों मे सदा शंकर राय, राजेश पाण्डेय, प्रिंस बजरंगी, विनोद यादव, दीपक यादव, नवीन राम, सुशील टाइगर, पासवान, सुमित, भोला जी, हरिओम, श्रीभगवान राम, मोहम्मद तौकीर, पंकज गुप्ता, अल्का पाण्डेय, अनिल यादव, अंकित कुशवाहा, आलोक मेहता, मनीष यादव, गुदु यादव, पवन सह, प्रिंस बाबुवान शामिल थे।

भ्रष्ट अफसर और बर्बर पुलिस की साठगांठ से हुई है किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई : अशोक प्रसाद

बक्सर/सं। चौसा थर्मल पावर से प्रभावित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की बैठक में पुनः आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया। बैठक की अध्यक्षता बनारपुर की जुझारू और वृद्ध महिला तेतरी देवी ने किया। बैठक में यह घोषणा की गई कि जब तक किसानों की सारी मांगे मान नहीं ली जाती और किसानों के उत्पीड़न में शामिल अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि बक्सर का किसान आंदोलन अब यह राष्ट्रीय आंदोलन का रूप धारण कर चुका है और अब इसे सत्ता के अधिकारों और दमन की ताकतों से कुचला नहीं जा सकता। बक्सर के किसानों के घरों को तोड़फोड़ और लूट पाट करते हुए पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी सीसीटीवी और अन्य कैमरों में कैद है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। फिलहाल राज्य सरकार द्वारा एफआईआर दर्ज कराने में टालमटोल किया जा रहा है। इस मामले में पटना उच्च न्यायालय में शीघ्र ही रिट दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा एक गैर राजनीतिक जनांदोलन है और यह किसानों के सवाल को लेकर मजबूती से लड़ रही है। बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि बक्सर के किसानों को न्याय दिलाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा शीघ्र ही आंदोलन तेज करने की योजना को मूर्त रूप देने जा रही है। बक्सर के भ्रष्ट अफसर, चोर नेता और बर्बर पुलिस की सांठगांठ के चलते किसानों के साथ जिस तरह की दमनात्मक कार्रवाई हुई, उसी का परिणाम है कि पूरे शाहाबाद और मगध रीजन में भाजपा और जदयू का खाता नहीं खुला। यही भ्रष्ट अफसर कुछ दिन और रह ग?ए तो विधानसभा में भी सुपरा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि ग्यारह सुत्री मागें पुरी नही होगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

सीएम ने विष्णु चरण पर मत्था टेककर राज्य की खुशहाली की मांगी दुआ

- मुख्यमंत्री ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों का लिया जायजा, गया वासियों को दी सौगात
- पंडा समाज ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

गया/संवाददाता। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गया पहुंचे। एयरपोर्ट से सबसे पहले वे विष्णुपद मंदिर पहुंचे, जहां गर्भगृह में सीएम ने भगवान विष्णु का विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के गर्भगृह में स्थित भगवान विष्णु चरण पर डिप्टी सीएम को गयावाल पंडा ने वैदिक मंत्रोंच्चारण एवं विष्णु सहस्त्रनाम के साथ तुलसी पत्र, पुष्प, चंदन एवं दुग्धाभिषेक कराया। उन्होंने विष्णु चरण पर मत्था टेककर अपने राज्य के खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत सीएम ने फल्गु नदी के पश्चिमी तट पर स्थित सीता को बाईपास से विष्णु पद मंदिर तक 450 मीटर लंबी एवं 12 फीट चौड़ी पाथ-वे का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, डीजीपी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी,पर्यटन व उद्योग मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन पूर्व विधायक कुमार सर्वजीत, जद यू के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सह प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। उनके आगमन को लेकर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी।विष्णुपद मंदिर प्रांगण में श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति की ओर से सीएम को अंग वस्त्र एवं विष्णु चरण भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।समिति के सदस्यों ने डिप्टी सीएम को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा विष्णुपद मंदिर को अधिग्रहण नहीं के लिए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि व्यापार तृतीय पुरोहित अनादि काल से सनातन परंपरा में विष्णुपद आने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिये तत्पर रहा है। हमारी आजीविका का साधन एकमात्र मंदिर है।राज्य सरकार पंडों के हित के लिए सकारात्मक कदम उठाए।मौके पर समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल,सचिव गजाधर लाल पाठक, सदस्य मणि लाल बारिक, अमरनाथ धोकड़ी, मुन्नालाल महतो समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

जावा और येजदी बाइक शोरूम का मेयर ने किया उद्घाटन

गया/संवाददाता। शहर के गेवाल बिगहा मोड़ के समीप, सौदागर सिंह वृंदा रेसीडेंसी में रामायण मोटर्स शो रूम का गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। गया में ही बाइक के शौकीनों की चाहत होगी पूरी अब क्लासिक लीजेंड के तहत जावा और एचडी जैसी दो मोटरसाइकिलें आती हैं। इसमें जावा मोटरसाइकिल्स ने 2024 जावा 42 और 2024 जावा पेराक लॉन्च की हैं। वो भी उपलब्ध है। जावा की कुछ और बाइक्स में जावा 42 बॉबर और जावा 350 शामिल हैं। जावा 42 बॉबर, जावा 42, येजदी एडवेंचर,येजदी रॉड स्टार उपलब्ध हैं। जावा पेराक जावा की सबसे लोकप्रिय बाइक है। जावा की सबसे महंगी बाइक जावा पेराक है वो भी यहां उपलब्ध होंगी। इस शो रूम के खुल जाने से गया के लोगों को इस कंपनी की बाइक खरीदने में सहूलियत होगी।इस मौके पर रामायण मोटर्स के प्रबंध निदेशक गौतम कुमार निदेशक बिपिन बिहारी प्रसाद, दिलीप कुमार, युवा जदयू नेता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा, जदयू नेता अरविंद सिंह ने लोगों का अभिवादन किया वहीं शोरूम के चंदन कुमार, अलीशा पांडेय, रवि कुमार, अमित कुमार, स्वीटी बर्णवाल आदि उपस्थित थे।

एक झलक

जदयू के प्रदेश महासचिव चंदन सिंह ने सीएम का किया स्वागत

गया/सं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गया आगमन पर विष्णुपद मंदिर के मुख्य द्वार पर जदयू के प्रदेश महासचिव,मुख्यालय प्रभारी सह राज्य बीस सूत्री समिति सदस्य चंदन कुमार सिंह ने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ मुख्यमंत्री को गुलाब के फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भगवान विष्णु की धरती पर जोरदार स्वागत किया।स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद,जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अरुण राव, धनंजय शर्मा, अजीत शर्मा, मुन्ना पटवा, राजकुमार शाह,वीणा देवी, रेशमा खातून, कुमार शानू, बीरेंद्र शर्मा, डा जितेंद्र दास, अवधेश प्रसाद, दयानंद विश्वकर्मा, सोनम दास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नंदलाल मांझी बने सांसद प्रतिनिधि, बधाइयों का तांता

वजीरगंज/गया/सं। सांसद जीतन राम मांझी ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता व सहयोग नंदलाल मांझी को गया सदर अनुमंडल क्षेत्र के लिये प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया है। इसके लिए सांसद ने पत्र जारी करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देश भी दिये हैं। सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर हम पार्टी के वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष रामबली मांझी, सावित्री कुमारी, प्रभारी दयाल मांझी, जिला सचिव सुनील मांझी, निरंजन कुमार मांझी, बड्डू कुमार, मिथलेश चौधरी, उमेश मांझी सहित अन्य ने मनोनयन पर बधाई देते हुए कहा कि नन्दलाल मांझी पार्टी हित एवं आम लोगों की समस्याओं को संसद तक पहुंचाने एवं उसके समाधान का प्रयास करेंगे।

बिजली चोरी मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

कोंच/गया/सं। प्रखंड क्षेत्र के देवरा एवं बलवापर गांव में बिजली चोरी मामले में 7 लोगों पर जुमार्ना लगाया गया और प्राथमिकी दर्ज शनिवार को हुआ है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विद्युत कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन किया गया और रेड किया गया है। जिसमें गुलबिया देवी पति अवधेश यादव पर 15788 रुपए, कौशल्या देवी पति लालदेव पासवान पर 29960 रुपए, सनोज पासवान पिता कपिल पासवान पर 15524 रुपए, राजकुमारी देवी पति जयराम चौधरी पर 23231 रुपए, अशोक चौधरी पिता रामदास चौधरी पर 20550 रुपए, फूलमती देवी पति बाल मुकुंद ठाकुर पर 23307 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उक्त सभी लोग गरारी पंचायत के ग्राम देवरा के हैं। वहीं, गौहरपुर पंचायत के ग्राम बलवा पर के रहने वाले रामरतन चौहान पिता रामेश्वर चौहान पर 2305 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है और उपरोक्त सभी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

जनता दरबार में निबटाया गया मामला

कोंच/गया/सं। थाना और आंती थाना में भूमि से संबंधित मामले को लेकर जनता दरबार लगाया गया। वही सिआइ सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की कोंच थाने में दो मामले आए जिसमें आवेदक सरफुद्दीन अंसारी ग्राम रेवाड़ी थाना चाकंद प्रतिवादी कमलेश यादव ग्राम धनछुही जमीन धनछुही में दोनों पक्षों को अगला शनिवार को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। वही जोधा यादव ग्राम कमल बीघा प्रवीण यादव वगैरह बंटवारे से संबंधित मामले को लेकर सक्षम प्राधिकार में जाने की सलाह दी गई। वहीं मौके पर कोंच थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी उज्जवल कुमार, आंती थाने में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार राजस्व कर्मचारी मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रैयतों की सुविधा के लिए कैंप शिविर का किया जा रहा आयोजन

औरंगाबाद/सं। भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत वाराणसी-कोलकाता खण्ड के 4/6 लेन पथ निर्माण हेतु परियोजना अन्तर्गत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु दिनांक -09 सितंबर 2024 को 10.00 बजे पूर्वा० प्रखंड कार्यालय नवीनगर ,कुटुम्बा एवं देव के सभागार में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन निर्माण परियोजना अन्तर्गत रैयतों को भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु दिनांक -09 सितंबर 2024 को 10.00 बजे पूर्वा० प्रखंड कार्यालय बारुण के सभागार में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त कैम्प मे संबंधित अंचल / मौजा के राजस्व कर्मचारी/अचल निरीक्षक / राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेगें तथा कैम्प में ही सबंधित रैयतों को एल०पी० सी० निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे।

लंबित कार्यों को शीघ्र करें पूरा : जिलाधिकारी

औरंगाबाद/संवाददाता। समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान भवन निर्माण के कार्य से संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को भवन निर्माण के क्रम में चयनित स्थल तक पहुंचाने हेतु पहुंच पथ का प्रावधान भी अपने प्रोजेक्ट में शामिल करने का सुझाव दिया गया, ताकि निर्मित भवन की सार्थकता सिद्ध हो सके। पीएचडी विभाग के अभियंता को नल जल योजना के तहत सभी वार्डों में सुचारू रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग के अभियंताओं का शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यथोचित विद्युत आपूर्ति के निमित्त सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के अभियंता को डीएमएफटी मद से स्वीकृत ऐसे कार्य जिसमें वर्तमान में विभिन्न कारणों से कार्य बंद है, के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए राशि वापस करने का निर्देश दिया गया। सभी अभियंताओं को अपने-अपने विभागीय कार्यों के स समय निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग के कार्यों के लिए चयनित अभियंताओं को अविलंब कार्य प्रारंभ करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि भविष्य में तकनीकी पदाधिकारी की बैठक में संबंधित विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारी को भी बुलाया जाए।बैठक में सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला योजना पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दिनदहाड़े लूट की घटनाओं से तंग आकर दुकानदारों ने पुलिस के खिलाफ निकाला शांति मार्च

शेरघाटी/गया/सं। शहर में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिसपर शेरघाटी पुलिस क्राइम पर काबू पाने में कही न कही असफल साबित हो रही है। जिसके चलते शेरघाटी शहर में अपराधियों का हौसला बुलंद दिख रहा है। बढ़ते लूट कांड की घटनाओं से दुकानदार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिसके कारण लोग डरे सहमे से है। ऐसा लग रहा है कि पुलिस प्रशासन का भय अपराधियों में खत्म हो चुका है। दिनदहाड़े अपराधी दुकानदारों को टारगेट कर लूट रहे हैं।बढ़ते अपराध को लेकर शहर के व्यवसायिक संघ के द्वारा रविवार को बाजार बंद का आह्वान किया गया। जिसका समर्थन जनप्रतिनिधि,समाजसेवी एवं शहर के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर हजारो की तदाद में एकजुट होकर जेपी चौक से मुख्य बाजार होते हुए थाना मोड तक पुलिस प्रशासन के खिलाफ हाथो में काला पट्टी बांधकर शांति मार्च निकाला गया।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के दौरान निर्बाध व सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सारी तैयारियां पूरी : सीएमडी

- 12 विद्युत शक्ति उपकेंद्रों के रख-रखाव का कार्य संपन्न
- नंगे एलटी तार को एलटी एबी केबल से बदला गया

गया/संवाददाता। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने गया में हर वर्ष लगने वाले पितृपक्ष मेला में निर्बाध व सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेला में देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए 12 विद्युत शक्ति उपकेंद्रों के रखरखाव का कार्य पूरा कर लिया गया है। पितृपक्ष मेला अंतर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से नंगे एलटी तार को एलटी एबी केबल से बदल दिया गया है। 11 केवी नंगे तारों को कवर्ड कंडक्टर से बदलने का कार्य किया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बैजनाथ बैठक में एक अस्थायी कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम का नंबर 9262595902 है। मेला के दौरान बिजली से संबंधित किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है।पितृपक्ष मेला अंतर्गत विद्युत आपूर्ति करने वाले 33 केवी के कुल 9 और 11 केवी के कुल 24 फीडरों के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इतना ही नहीं, विष्णुपद मंदिर को आपातकाल में भी निरंतर बिजली उपलब्ध कराने के लिए दो विद्युत शक्ति उपकेंद्र टेकना फार्म और चंदौती को भी पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है। विष्णुपद मंदिर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु आपातकाल में 11 केवी फीडर टाउन 1 तथा टाउन 2 से उपलब्ध रहेंगे।पितृपक्ष मेला में बिजली आपूर्ति को लेकर किसी तरह की समस्या न हो, इसके लिए कई स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी अधिष्ठापित किए गए हैं। जिन स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, उनमें प्रमुख हैं नारायण चुआं, बंगाली आश्रम, सरस्वती वेदी, प्रेतशिला आदि। आगंतुकों की सुरक्षा के मद्देनजर 210 रेलपोलों एवं स्ट्रीट लाइट पोल पर डाईलेक्ट्रिक पेंट कराया गया है।सुरक्षा के लिहाज से जिन इलाकों में नंगे एल.टी. तार को एल.टी. एबी केबल में बदला गया है।मेले के दौरान सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति की तैयारियों का जायजा लेने ऊर्जा विभाग के सचिव सह बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने गया स्थित विष्णुपद मंदिर एवं बोधगया के दांडी बाग पीएसएस का दौरा किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने की हिदायत दी एवं सुचारू व्यवस्थाओं के लिए पूरी टीम को अलर्ट रहने को कहा।चूंकि पितृपक्ष मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, उनकी सुरक्षा के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में महत्वपूर्ण ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कर दी गई है। ये भीड़भाड़ वाले महत्वपूर्ण इलाके हैंरू श्मशान घाट, बैजनाथ घाट, लखनपुरा घाट, विष्णुद्वार, शगुन गेस्ट हाउस, दक्षिणी दरवाजा, दुर्गा स्थान, अक्षयवट, बंगाली आश्रम, अन्नपूर्णा मार्केट, वैतरनी तालाब और कामदेव बाबा।जिला प्रशासन के सहयोग से स्थापित कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा। बिजली से संबंधित किसी भी तरह की असुविधा होने पर यहां संपर्क किया जा सकता है। ट्रांसफार्मर खराब होने या फिर जलने की स्थिति में उसे तुरंत बदल दिया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए गए हैं। मेले में चिन्हित स्थानों पर अस्थायी फ्यूज कॉल गैंग की अस्थायी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। अंतरविभागीय समन्वय हेतु जिला/विद्युत प्रमंडल स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।

बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निवेश बढ़ाया : निकिता झा

- सीयूएसबी में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पर पैनल संवाद का आयोजन

गया/संवाददाता। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास पर तैयार किया गया सबसे अधिक चर्चित और बहस वाला नीतिगत दस्तावेज है। यह रिपोर्ट परंपरागत तौर पर नियमित रूप से वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट पेश करने से एक दिन पहले संसद में पेश की जाती है । इस रिपोर्ट का समाज के सभी वर्गों से संबंधित है और ऐसे में रिपोर्ट में प्रस्तुत सामग्री पर चर्चा और बहस समयोचित है। इसी पृष्ठभूमि में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के आर्थिक अध्ययन और नीति विभाग के तहत कार्यरत स्कॉलर्स डिस्कशन क्लब ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। विस्तृत जानकारी देते हुए सीयूएसबी के जनसम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णन चालिल के नेतृत्व में पैनल चर्चा में अर्थशास्त्र विभाग के पांच शोधार्थियों ने पैनल वक्ताओं ने भाग लिया। अंकित राज ने परिचयात्मक भाषण में अर्थव्यवस्था की स्थिति और इसके विभिन्न आयामों पर चर्चा की। अन्य शोधार्थी आकाश सोनी ने मौद्रिक प्रबंधन और वित्तीय मध्यस्थता के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और भारत सरकार के मौद्रिक प्रबंधन की सराहना की। निकिता झा ने अपनी प्रस्तुति में भारत में बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में हो रही क्रांति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निवेश बढ़ाया है जो उत्पादन और रोजगार में तेजी लाएगा जो अंततः अत्यधिक गरीबी को कम करेगा। वहीं कुमारी पलक ने अपने भाषण में भारत में जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संक्रमण पर बात की, जिसमें उन्होंने कार्बन उत्सर्जन और जलवायु वित्त पर नीतियों पर जोर दिया गया। अंतिम वक्ता यश कुमार ने अपनी प्रस्तुति में प्रदर्शन उद्योगों विशेष रूप से सीमेंट उद्योग से जुड़े विभिन्न आयामों को साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णन चालिल ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि परिचर्चा ने युवा दिमागों को प्रज्वलित करने के लिए कई अंतर्दृष्टि सामने लाईं। पैनलिस्टों की प्रस्तुति के बाद मंच को सभागार में मौजूद विद्यार्थियों के प्रश्नों के लिए मंच खोला गया जिसमें विभागाध्यक्ष प्रो. चालिल ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। डॉ. आतिश कुमार दाश (सहायक प्राध्यापक) ने पैनलिस्टों को सम्मानित किया वहीं कार्यक्रम में डॉ. रिकिल चिरमंग (सहायक प्राध्यापक) और डॉ. संजय कुमार (सहायक प्राध्यापक) ने भी अपने विचार साझा किए द्य स्कॉलर्स डिस्कशन क्लब के संकाय समन्वयक डॉ. आर.के. ओझा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कॉलर्स डिस्कशन क्लब की छात्रा समन्वयक सुश्री सानिया इकबाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गणेश चतुर्थी पर श्रद्धा भाव से की विघ्नहर्ता की पूजा

- 10 दिनों तक चलेगी विशेष पूजा अर्चना

गया/संवाददाता। भाद्रपद गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के आजाद पार्क में शनिवार से 10 दिनों तक चलने वाले गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो गया। श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ समिति के बैनर तले आयोजित वार्षिक गणेश पूजनोत्सव कार्यक्रम में रंग- बिरंगी और रोशनी, विद्युत साज- सज्जा के साथ भव्य और आकर्षक वॉटरप्रूफ पंडाल में मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा के तर्ज पर 12 फीट ऊंची भव्य भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान कराया गया है। विशेष पूजा के बाद भगवान गणपति जी को आवाहन कर नेत्रोंमिलन एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दिया गया । सुबह 7:00 से 11:00 तक गणपति जी की विधि-विधान के साथ गणेश सहस्त्रनाम के मंत्रों से दुग्धाभिषेक, दुर्वाभिषेक, लावाभिषेक से षोडशोपचार पूर्वक पूजा- अर्चना पं सुरेंद्र पांडेय, पं राकेश पांडेय एवं पं दीपक पांडेय के निर्देशन में समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया एवं उनकी धर्मपत्नी रेणु देवी डालमिया के द्वारा गणेश जी की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से की गई।गणपति जी को प्रतिदिन 100 किलो बूंदी का लड्डू का भोग लगाकर दर्शनार्थियों के बीच वितरित किया गया। शाम 4:00 बजे से मंगल आरती के बाद आम श्रद्धालु दर्शन किया।कथा वाचिका साध्वी सुश्री डॉ महंत प्रज्ञा भारती जी के द्वारा संध्या 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक गणेश महिमा पर आधारित प्रवचन किया। पहले दिन प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणेश महोत्सव को लेकर समिति के सदस्यों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आजाद पार्क का पूरा परिसर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गूंज रहा है। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य तन- मन-धन से लगे हुए हैं। मौके पर अनिल स्वामी वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सिंह, सारिका वर्मा, धर्मेंद्र कुमार,विनोद जसरपुरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल, विजय शर्मा, विकास शर्मा, राजेश झुनझुनवाला एवं रोहित कुमार सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

महिलाओं की सुरक्षा में राज्य सरकार नाकाम : माले

- शेरघाटी व इमामगंज रेप पीड़िता के परिवार से भाकपा माले व महिला संगठन ने की मुलाकात

शेरघाटी/गया/सं। शेरघाटी गैंगरेप व हत्या और इमामगंज में हुए बलात्कार मामले में शुक्रवार को भाकपा माले व महिला संगठन ऐपवा के एक संयुक्त जांच दल ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली।जांच दल में महिला संगठन ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, शेरघाटी विधानसभा प्रभारी राम लखन प्रसाद, ऐपवा जिला अध्यक्ष शिला वर्मा, झल्लू दास व राम स्वरूप दास शामिल थे।शेरघाटी गैंगरेप व हत्या मामले में पीड़ित परिवार ने बताया कि अगर सरकार हमलोग को आवास दे दिया होता तो शायद यह घटना नहीं होती। मजबूरी में हमलोग बाहर सोते हैं और आरोपियों को मौका मिल गया। यहां तक कि राशन, आवास भूमि का पर्चा और पक्का मकान भी नहीं मिला है।ऐपवा जिला सचिव रीता बरनवाल ने कहा कि तमाम दावों और वादों के बावजूद राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जिले में भी लगातार बलात्कार व हत्या की घटनाएं हो रही हैं।पीड़ित परिवार काफी गरीब है। तत्काल जिला प्रशासन को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतनी दुखद घटना के बाद भी स्थानीय सांसद व विधायक का पीड़ित परिवार से नहीं मिलना उनकी संवेदनहीनता को दिखाता है।वहीं इमामगंज बलात्कार मामले पर पीड़ित परिवार ने अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस प्रशासन पर गुस्सा जताया। जांच दल सदस्य तारिक अनवर ने कहा कि आरोपी का गिरफ्तार नहीं होना पुलिस की नाकामी है।दोनों ही घटनाओं में गांव टोले के ही आरोपी हैं।

मनरेगा ऑपरेटरों ने पीएम आवास योजना की राशि में बड़े पैमाने पर किया हेरफेर : प्रमुख

बाराचट्टी/गया/सं। प्रखंड प्रमुख कविता देवी के द्वारा सभी समितियों के साथ शनिवार को प्रखंड प्रमुख कार्यलय में अध्यक्षता कर बैठक आयोजित कि गई जिसमें उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं में अनियमितता को बर्दास्त नही किया जायेगा साथ ही उन्होंने लिखा है कि मनरेगा पीओ और जेई के द्वारा विभिन्न पंचायतों में हजारों हजार पेड़ पौधा लगाया गया है और गैवियन लगाया गया जिसमे संबंधित पदाधिकारी अपने लोगो के वेंडेरो में पैसा डालकर उगाही कर लिए हैं और पेड़ पौधों कि गहनता से अगर जांच कि जाय तो 80 प्रतिशत पौधे धरातल पर नहीं है आगे उन्होंने बताया पीएम आवास योजना की राशि में जो मनरेगा से लाभुको को मजदूरी कि राशि मिलती है उसमे मनरेगा कार्यलय में कार्यरत विनय कुमार और नंदन कुमार के द्वारा अपने नजदीकी लोगो के खाते में डालकर हड़प लिया गया है और अगर इस राशि को पूरे प्रखंड में जांच कराई जाय तो ऐसे अनेकों मामले सामने आ सकते है मनरेगा में व्याप्त धांधली को क्षेत्रीय विधायक ज्योति देवी ने भी दिशा कि बैठक में उठाई थी हालांकि जांच नही होने के कारण इनलोग का मनोबल और बढ़ा हुआ है आगे प्रमुख ने लिखी है कि भ्रष्टाचार से संबंधित मामला अपने समिति सदस्य के साथ लगातार उठाते रहेंगे और पदाधिकारियों के मनमानी और भ्रष्टाचार पर कार्यवाही हमारी जारी रहेगी।

एफसीआई गोदाम से पीडीएस विक्रेताओं को मिला सड़ा हुआ चावल, गोदाम में होता है खेल

- गोदाम पर पीडीएस विक्रेताओं का लगा हुआ रहता है जमावड़ा

बाराचट्टी/गया/संवाददाता। बिहार और केंद्र सरकार गरीबों को मुफ्त अनाज के नाम पर पैसे कि बारिश करके प्रचार प्रसार करने वाले विभाग और सरकार के पास यही सड़ा हुआ चावल देने के लिए आम जनता का धूप पशीना से कमाई हुई पैसे के टैक्स से किया जाता है ऐसा ही मामला बाराचट्टी प्रखंड मुख्यालय के समीप एफसीआइ गोदाम से है जहां के कुछ पीडीएस विक्रेताओं को सड़ा हुआ चावल भेज दिया गया जिससे नाराज लोगो ने सड़े हुए अनाज लेने से इंकार कर दिया आपको बताते चले कि चावल की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि जानवर भी खाने से इंकार कर जाता , कुछ पीडीएस विक्रेता संवाददाता को नाम नही छापने के शर्त पर बताते है कि सड़ा हुआ अनाज मिलना यहां से कोई नई बात नही है जिस विक्रेता से गोदाम प्रबंधक और ऑपरेटर का लगाव होता है उसे पक्का और अच्छा चावल मिलता है और लगाव किसलिए होता है ये बताने की बात नही है या यूं कहे कि कुछ विक्रेताओं के साथ दुनित किया जाता है साथ हीं उनलोगो ने यह भी कहा कि ये सब जो यहां जिस प्रकार का खेल चल रहा है इसकी उजागर भी मिडिया के माध्यम से बहुत जल्द किया जायेगा गोदाम खुलने से लेकर बंद होने तक कई पीडीएस विक्रेता का जमावड़ा लगा हुआ रहता है इसपर उनका कहना है कि अगर यहां नही आयेंगे तो यही सड़ा हुआ चावल भेज दिया जायेगा आपको बताते चले कि गोदाम प्रबंधक का काम होता है कि विक्रेताओं के गोदाम तक सही और अच्छे अनाज को पूरा भेजना लेकिन जिस प्रकार विक्रेताओं का जमावड़ा गोदाम पर लगा हुआ रहता है इससे तो यही प्रतीत होता है कि कुछ तो विक्रेताओं को समस्या होती है तभी गोदाम पर आकर अपने से अनाज लोड करवाते है इस पर सहायक गोदाम प्रबंधक सुनील कुमार ने सड़ा हुआ चावल के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि खराब चावल को वापस कराकर उन्हें दूसरा दिया जायेगा वही कुमार ने गोदाम पर विक्रेताओं के रहने पर कुछ भी बोलने से इंकार किया।

सन्मार्ग
Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

एक झलक

हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार

थरथरी/सं.। स्थानीय थाना क्षेत्र के संतन बिगहा गांव से हत्यारोपी अभियुक्त को थरथरी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि दो माह पूर्व संतन बिगहा गांव में जहर देकर विवाहिता उषा देवी की हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में थरथरी थाना क्षेत्र के बेलदरिया निवासी नगीना यादव ने विनेश्वर यादव सहित पांच लोगों पर पुत्री को जहर देकर हत्या का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी के बाद से सभी अभियुक्त संतन बिगहा गांव छोड़कर फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर संतन बिगहा गांव से विनेश्वर यादव को गिरफ्तार कर हिलसा न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। शेष की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

कानूनगो का विशेष प्रशिक्षण प्रारंभ

बिहारशरीफ/सं.। अपर समाहर्ता -सह-प्रभारी बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा मंजीत कुमार की अध्यक्षता में राजस्व एवं भूमि सुधार, बिहार पटना एवं बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा के तत्वावधान में नगर भवन, बिहारशरीफ में बिहार विशेष भू-सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 105 नव नियोजित विशेष सर्वेक्षण कानूनगो का छह दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु ब्रीफिंग किया गया। ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने कहा कि वे गहनता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ हीं प्रशिक्षण के उपरांत वे अपने कार्यों का संपादन निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

डूबने से दो बालक की मौत

बिहारशरीफ/सं.। जिले के दो थाना क्षेत्र में इस पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से दो बालक की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना इस्लामपुर और गिरियक थाना क्षेत्र में घटी है। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बालमत बीघा गांव में सुबोध सरकार 12 वर्षीय पुत्र रवि रौशन माँ के साथ तीज पर्व के बाद गौरा गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए जलाशयी नदी गया था। इसी दौरान बालक नदी में स्नान करने लगा और गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया। महिला की जब नजर बच्चे पर गई तो वह चीख पुकार मचाने लगी। इसके बाद गांव के गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं दूसरी घटना गिरियक थाना इलाके के अमदाहा गांव में घटी है। जहां जहां दोस्तों के साथ प्रतिमा विसर्जन करने गए बृजराज बिहारी का 13 वर्षीय पुत्र पवन कुमार स्नान के दौरान बहराईन नदी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई।

नवनिर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र जनता को समर्पित : मंत्री

राजगीर/संवाददाता। राजगीर प्रखंड के ग्राम भूई में नवनिर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन सह कार्यारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह, डीपीएम श्याम कुमार निर्मल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आज से यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ हो गया है। मरीजों का इलाज भी आज से सुचारू रूप से चालू हो जायेगा। जब हमारी सरकार 2005 में आयी थी, उस समय

स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब थी। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी थी। अस्पतालों में दवा एवं अन्य सुविधाएँ भी नहीं थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तो इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन 1 या 2 मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा, स्वास्थ्य जाँच एवं एम्बुलेंस की सुविधा दी गई। साथ हीं डॉक्टरों की बहाली की गयी और अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई गयी। अब सुविधाएँ काफी अच्छी हो गयी हैं जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11 हजार से अधिक मरीज पहुँच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले राज्य में केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, इस कारण यहाँ के छात्र डॉक्टर की पढ़ाई करने राज्य के बाहर जाया करते थे और डॉक्टर की कमी होने के कारण यहाँ के लोग इलाज के लिए भी राज्य के बाहर जाते थे। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया कि राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई जाये। अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 6 से बढ़कर 11 हो गयी है। इसके अतिरिक्त 15 और नये मेडिकल कॉलेज बनाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल (पीएमसीएच) को 5 हजार 462 बेड की क्षमता वाले आधुनिक विश्वस्तरीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है। साथ हीं पुराने सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बेड की संख्या भी बढ़ायी जा रही है। इस अवसर पर सुधीर मुखिया, उपप्रमुख जिया-उल-हक, जदयू नेता मुन्ना कुमार, विनोद प्रसाद, संतोष प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, विजय कुमार निराला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया के नारों से इलाका गुंजयमान

बिहारशरीफ/सं.। श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला जब एतवारी बाजार स्थित गीता निवास में पाठक परिवार ने भगवान श्री गणेश की भव्य स्थापना की। यह वार्षिक परंपरा अब अपने पाँचवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जो परिवार की अटूट आस्था का प्रतीक बन गई है। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पाठक परिवार के सभी सदस्यों और मोहल्लेवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विपिन पाठक, जो परिवार के मुखिया हैं उन्होंने बताया की हमारे लिए यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि परिवार की एकता और श्रद्धा का प्रतीक है। पिछले पाँच वर्षों से हम इस परंपरा को निभा रहे हैं, और हर साल यह हमें एक नई ऊर्जा से भर देता है। गीता निवास में स्थापित गणेश जी की मूर्ति की भव्यता देखते ही बनती है। सजावट में परंपरा के साथ-साथ आधुनिकता का भी खयाल रखा गया है साथ ही दुब्भी और फूल की माला श्री गणेश की प्रतिमा की शोभा बढ़ा रहा है। आस-पड़ोस के लोग भी दर्शन के लिए आ रहे हैं, जो इस उत्सव को एक सामुदायिक स्वरूप दे रहा है।

गणेश पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रहें अधिकारी : डीएम

बिहारशरीफ/संवाददाता। जिलाधिकारी, नालंदा शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में श्री गणेश पूजा के शुभ अवसर पर बिहारशरीफ शहरी क्षेत्रों में शांति व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्री गणेश पूजा के अवसर पर मूर्ति, पंडाल स्थापना हेतु लाइसेंस अनिवार्य होगा। थाना स्तर पर मूर्ति विसर्जन की तिथि, समय, स्थल, रूट हर हाल में सुनिश्चित की जाए। श्री गणेश पूजा के अवसर पर मेला के लिए परमिशन लेना अनिवार्य होगा। साथ हीं

प्रत्येक पूजा संस्थानों के 20 वॉलिंटियर्स का पहचान पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर लेना अनिवार्य होगा। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रखें, ट्रैफिक मैनेजमेंट सुदृढ़ रखें, अग्नि शमन दस्ता तैयार रखें, अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती करते हुए चैकसी बरतें। संबंधित थानाध्यक्षों द्वारा बताया गया कि थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि शांतिपूर्वक, हर्षोल्लास के साथ श्री गणेश पूजा संपन्न कराने के उद्देश्य से आप सभी अलर्ट मोड में रहे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ सदर, हिलसा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

भारत को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए भाजपा को मजबूत करना आवश्यक : नवल

- सदस्यता कैंप का किया उद्घाटन

बिहारशरीफ/संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता नवल किशोर यादव ने बिहार शरीफ में किया सदस्यता कैंप का उद्घाटन किया। इसी क्रम में आज नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के नई सराय स्थित एक सभागार में जिला अध्यक्ष ई रविशंकर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान की विधिवत शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उप नेता नवल किशोर यादव रहे। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नवल किशोर यादव ने कहा कि भारत को सशक्त, समृद्ध, विकसित भारत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना अति आवश्यक है। भाजपा ही देश को सुरक्षित और समृद्ध बना सकता है। पिछले दस वर्षों के सफल कार्यकाल में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तीव्र गति से विकास के पथ पर दौड़ पड़ा है। पूरे विश्व में आज भारत की मान सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दुनिया में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था मुश्किल में है जबकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत होती जा रही है और निश्चित रूप से आगे भी मजबूत होती ही जाएगी। शीघ्र ही हम पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि इस सदस्यता अभियान के माध्यम से नालंदा जिला में प्रत्येक गांव, शहर में प्रत्येक बूथों पर कम से कम 200 लोगों को भाजपा परिवार के साथ जोड़ने का लक्ष्य है, जिसे देवतुल्य भाजपा कार्यकताओं के कठिन परिश्रम से निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाएगा।

आरक्षण के मुद्दे पर राजद सड़क, सदन और अदालत में लड़ेगी लड़ाई

बिहारशरीफ/सं.। जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय बड़ी पहाड़ी बिहारशरीफ में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता धनंजय कुमार उर्फ पप्पू यादव एवं दीपक कुमार सिंह ने कहा की राजद की याचिका पर कल सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में बढ़ाए गए 65 प्रतिशत आरक्षण पर पटना हाई कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के मामले में नोटिस जारी किया है। इस तरह से अब तय हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाए गए रोक के मामले में जो लकीर है उसके एक तरफ आरजेडी तो दूसरी तरफ भाजपा और जदयू है। जब तक नीतीश कुमार राजद के साथ थे तब तक वह आरक्षण के पक्ष में जरूर थे क्योंकि उन पर राजद का दमदार प्रेशर था लेकिन भाजपा के गोद में बैठते ही नीतीश कुमार, मोदी-शाह को खुश करने के की भूमिका में आ गए है। पटना हाई कोर्ट में जब बढ़े हुए आरक्षण पर रोक लगाने की याचिका पर बहस हुई तो निश्चित तौर पर राज्य सरकार ने भाजपा को खुश करने के लिए अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। नतीजा हुआ की पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण संशोधन कानून पर रोक लगाने का फैसला सुना दिया। अब बिहार और देश के नागरिक विश्वास कर चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है तो वह तेजस्वी यादव है कोई और नहीं।

करंट से तीन की मौत मामले के आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

कतरीसराय/सं.। शुक्रवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के टॉप 10 अपराधकर्मी व कांड संख्या 152/24 के मुख्य आरोपी प्रमोद महतो स्थानीय थाना में संध्या में आत्मसमर्पण कर दिया है। बताते चलें कि 27 अप्रैल 24 को तारा बिगहा गांव में करेंट से एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी। इसी कांड के आरोपी पिता पुत्र को बनाया गया था। उक्त आरोपी द्वारा तालाब में बिजली के नंगा तारा से जानबूझकर घेराबंदी कर दिया गया था। इसकी सूचना स्थानीय लोगों को नहीं दिया था। अंजाने में शादी समारोह में अपने ननिहाल आए बच्चे शौच के बाद पानी छुने चला गया था जो बिजली कि चपेट में आ गया था उसी को बचाने के क्रम में उनके दो मामा की जान भी चली गई थी। जबकि ग्रामीणों का आरोप था कि अभियुक्त प्रमोद महतो पिता बाले महतो साकिन खिरभोजना थाना वारिसलीगंज जिला नावादा के रहने वाले है। नवादा नालंदा का तारा बिगहा गांव सीमावर्ती क्षेत्र है। उक्त आरोपी अवैध शराब का धंधा करता है। उसी शराब को तालाब में छुपाकर रखता था तथा चोरी से बिजली का करंट उसमें प्रवाहित कर दिया करता था। इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से कुर्की वारंट प्राप्त करने के उपरांत घर पर पहुँच कर तामिला कराया गया था। पुलिस द्वारा लगातार गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा था बढ़ते कानून दबिश के भय से थाना में आत्मसमर्पण किये हैं।

ड्यूटी जा रहे कर्मी की हार्ट अटैक से मौत

हरनौत/सं.। स्थानीय हरेका में ड्यूटी पर जा रहे एक रेल कारखाना कर्मी की मौत अचानक हार्ट अटैक से हो गई। घटना शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है, जब वे क्वार्टर से व्हील वर्क शॉप में ड्यूटी करने जा रहे थे। व्हील शॉप पहुँचने के पहले वर्क शॉप में ही डायवर्सन पर अचानक वे गिर गए। मृतक रेल कारखाना कर्मी की पहचान नवादा जिले के वारसलिगंज थाना क्षेत्र के बच्चु दास के 42 वर्षीय पुत्र प्रेम प्रदीप सक्सेना के रूप में की गई है। मृतक व्हील शॉप में सीनियर टेकनीशियन के पद पर कार्यरत थे। वे अपने परिवार के साथ सरकारी क्वार्टर में रहते थे। अन्य सहयोगियों ने बताया कि वे अपने क्वार्टर से ससमय नास्ता कर ड्यूटी आ रहे थे। व्हील शॉप में आते ही डायवर्सन पर अचानक गिर गए। वहां मौजूद अन्य सहयोगियों के द्वारा तुरंत ही एम्बुलेंस की सहायता से रेल कारखाना परिसर स्थित अस्पताल केंद्र ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक अपने पीछे 8 वर्ष के एक पुत्र व 12 साल की एक पुत्री को छोड़ गए।

पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक

करायपरसुराय/सं.। पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाए जाने को लेकर शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करायपरसुराय के प्रांगण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। करायपरसुराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि 22 सितंबर से 26 सितंबर तक पल्स पोलियो उन्मूलन को लेकर पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को जड़ से खत्म करना इसका उद्देश्य है। वृहत पैमाने पर अभियान चलाकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक विकास आनंद, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक संजीत कुमार, क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

विशेष शिविर का आयोजन

बिहारशरीफ/सं.। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालन्दा के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नालंदा को सूचित किया गया है कि छत्र योजना (सम्बल) अंतर्गत वितरण किए गए बैट्री चालित तिपहिया साईकिल के तकनीकी मरम्मति, खराब बैट्री, चार्जर बदलने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है। छत्र योजना (सम्बल) अंतर्गत वितरण किए गए बैट्री चालित तिपहिया साईकिल के खराब बैट्री, चार्जर तथा तकनीकि खराबी रहने के कारण लाभुक प्रखंड स्तर, जिला स्तर पर आवेदन किया करते हैं। उनकी समस्याओं का ससमय निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संदर्भ में कुमार सर्जिकल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर द्वारा वितरित किए गए बैट्री चालित तिपहिया साईकिल के संदर्भ में वरान्टी दी गई है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नालंदा इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

एक झलक

हाइवा व पोकलेन मशीन से डीजल और बैट्री चोरी

रजौली/नवादा/सं.। शुक्रवार की रात्रि रजौली थाना क्षेत्र कुंभयातरी के जंगल में रेलवे ट्रैक की निर्माण कर रही अग्रवाल इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में अग्रवाल इंफोकॉम प्राइवेट कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश राय ने रजौली थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस दौरान अग्रवाल इंफोकॉम के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश राय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सभी लोग और मशीन काम कर वापस 28 नंबर प्लांट के समीप बेस कैंप में हाइवा, पोकलेन तथा जेसीबी मशीन को खड़ा किया और खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए, जब सुबह सो कर उठा तो देखा कि हाइवा, पोकलेन और जेसीबी मशीन में बैट्री एवं डीजल नहीं है। अज्ञात चोरों ने बैट्री सहित लगभग 500 लीटर डीजल की चोरी कर लिया है। इस संबंध में रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

प्रखंड व नगर क्षेत्र में धूमधाम से मना तीज व गणेश चतुर्थी का त्योहार

हिसुआ/नवादा/सं.। प्रखंड व नगर क्षेत्र में धूमधाम से तीज एवं गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाई गई। त्योहार को लेकर बाजार में पिछले दो दिनों से काफी चहल-पहल देखी गई। इस दौरान कपड़े, फल तथा मिठाई की दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ रही। तीज का त्यौहार एक दिन पूर्व शुक्रवार को मनाई गई, जबकि गणेश चतुर्थी का त्यौहार शनिवार को मनाया गया। तीज के दिन महिलाओं ने सुबह-सुबह तालाब एवं नदी किनारे से मिट्टी लाकर माता गौरा और भोलेनाथ सहित भगवान गणेश की मूर्ति बनाकर रात्रि में पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया।

मतदान केन्द्रों के प्रारूप प्रकाशन लेकर बैठक

- आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीएलओ के कार्य से मुक्त करने की उठी मांग
- वारिसलीगंज के चलंत मतदान केन्द्र संख्या-258 व 260 को सदा के लिए हटाने की मांग

नवादा/संवाददाता। शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, विधायक तथा सांसद के साथ मतदान केन्द्रों का प्रारूप प्रकाशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। अहत्रा तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त

पुनरीक्षण, 2025 के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर मतदान केन्द्रों का प्रारूप प्रकाशन किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के लिए सर्वप्रथम शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। 20 अगस्त से 29 अगस्त 2024 तक भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन एवं निर्वाचकों के मानक प्रतिवेदन (एक जुलाई की अर्हता तिथि के आलोक में अद्यतन निर्वाचक सूची) के आधार पर युक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे सभी मतदान केन्द्रो पर, जहां निर्वाचकों की संख्या 1400 से अधिक है, वहां 7 सितम्बर से 17 सितम्बर 2024 तक मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त किया जाना है। डीएम श्री वर्मा द्वारा बताया गया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, संबंधित विधायक और सांसद के साथ बैठक मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची का प्रकाशन के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति निस्तार को लेकर 26 सितम्बर से 28 सितम्बर 2024 तक की अवधि के बीच में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, विधायक तथा सांसदों के साथ बैठक कर मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची को अंतिम रूप दिया जायेगा। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व सचिव के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम से संबधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही साथ प्राप्त आपत्तियों का ससमय निस्तार करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने बताया गया कि 52 ऐसे मतदान केन्द्र हैं, जिनका युक्तिकरण के लिए प्रारूप प्रकाशन में चिन्हित किया गया है, जिसमें रजौली में 2, हिसुआ में 14, नवादा मे 14, गोविंदपुर में एक तथा वारिलीगंज में 11 मतदान केन्द्र चिन्हित हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के द्वारा मांग की गई कि ऐसे मतदाता जिनको मतदान केन्द्र जाने में 2 किलोमीटर से ज्यादा दूरी सफर करना पड़ता है, ऐसे मतदाताओं को उसके निश्चित मतदान केन्द्र पर चिन्हित कर रखने का काम किया जाय। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा मांग की गई कि जो बीएलओ आंगनबाड़ी सेविका हैं, उन्हें हटाकर उनके स्थान पर किसी अन्य विभाग के कर्मी को बीएलओ बनाया जाय। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज के द्वारा मांग की गई कि मतदान केन्द्र संख्या-258 एवं 260 चलंत मतदान केन्द्र है। संबंधित मतदान केन्द्र क्षेत्रान्तर्गत कोई भी सरकारी भवन नहीं रहने के कारण चलंत मतदान केन्द्र बनाया गया।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधायक विभा देवी ने दर्जनों गांवों का किया दौरा

नवादा/संवाददाता। विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नवादा के राजद विधायक विभा देवी एवं जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने षनिवार को सदर प्रखंड के लोहरपुरा पंचायत के सभी गांवों का दौरा कर आवश्यक विकास योजनाओं को चिन्हित किया। पंचायत के चिलौंगिया, लोहरपुरा, विशनपुर, सिकन्दरा, हरिहर बिगहा तथा झरायन गांव सहित दर्जन भर गांव जाकर विधायक ने लोगों से बातचीत करते हुए सर्वसम्मति से योजनाओं का चयन किया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने विधायक से बात करते हुए अपनी समस्याओ से रु-ब-रु कराया। मुख्य रूप से चापाकल, सड़क, नली-गली, नल-जल, पुल-पुलिया तथा गाईडवाल आदि योजनाओं पर आम सहमति बनी और विधायक मद् समेत अन्य स्त्रोतों से कार्य निष्पादित करने का भरोसा दिया गया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र यादव, विवेक कुमार, अजय यादव, पप्पू महतो, राजेंद्र प्रसाद, कुलदीप यादव, पिंटू कुमार, सारो देवी तथा सुरेश प्रसाद सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

नवादा-किउल-जमालपुर होकर खगड़िया तक कल से दौड़ेगी बुद्ध एक्सप्रेस

नवादा/संवाददाता। पूर्व मध्य रेल अन्तर्गत दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड से यात्रा करने वाले यात्रियों को अब भीड़ से निजात मिलेगी। राजगीर तक चलने वाली बुद्ध एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन का विभाग ने विस्तार करते हुए खगड़िया तक चलाने का निर्देश दिया है। अब यह ट्रेन राजगीर से चलकर तिलैया-नवादा-किउल-जमालपुर तथा मुंगेर के रास्ते खगड़िया स्टेशन तक जाएगी। इस ट्रेन का ठहराव तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किउल, अभयपुर, जमालपुर तथा मुंगेर स्टेशन पर रूकते हुए खगड़िया स्टेशन पर पहुंचेगी। बुद्ध एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन 9 सितम्बर से होगी। इस ट्रेन का परिचालन किउल-गया रेलखंड से होने की खबर मिलते ही यात्रियों में खुशी देखी जा रही है। ज्ञात हो कि किउल-गया रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। लखीसराय से नवादा और तिलैया से मानपुर तक दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, सिर्फ नवादा से तिलैया स्टेशन तक होहरीकरण का कार्य बाकी रह गया है, जिसे जल्द पूरा होने की संभावना है।

दो सुहागिनों का उजड़ गया सुहाग

- एक की करंट से तो दूसरे की नदी में डूबने से मौत

नवादा/संवाददाता

जिले के पकरीबरावां प्रखंड के दियौरा गांव में एक सुहागिन के सामने उस समय पहाड़ टूट गया, जब वह अपने पति की लंबी उम्र के लिए हरतालिका तीज व्रत करने जा रही थी। उसी दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से महिला के पति की मौत हो गई। विवाहिता को क्या पता था कि उसके लिए तीज व्रत का दिन कयामत का दिन साबित होगा। एक तरफ पत्नी पूजा की तैयारी में लगी थी, तो दूसरी तरफ पति का शव दरवाजे पर लाया गया। घटना जिले के पकरीबरावां प्रखंड के दियौरा गांव की है। मौत की खबर के बाद से परिवार में मातम छा गया है। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी कायानंद सिंह का 53 वर्षीय पुत्र गणेश दत्त शर्मा किसानी का काम करता था। षुक्रवार की षाम मृतक खेत में लगा धान का फसल देखने जा रहा था। इसी दौरान युवक पर बिजली का तार टूट कर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना बाद परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनने के बाद से मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। उनकी मौत से परिवार व गांव में कोहराम मचा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां मामले की तहकीकात करते हुए षव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया। वहीं दूसरी ओर नगर थाना क्षेत्र के सिसवां गांव निवासी 42 वर्षीय डिंगल मांझी की मौत नदी में डूबने से हो गई। मौत की खबर मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया।

कौआकोल के पूर्व मुखिया को पत्नी शोक, इलाके में शोक की लहर

कौआकोल/नवादा/सं.। कौआकोल पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ चन्द्रिका प्रसाद की पत्नी एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुशीला देवी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र व समाजसेवी शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उनकी माता का नवादा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, वे लगभग 74 वर्ष की थी एवं पिछले कुछ समय से बीमार चल रहीं थी। उनकी पुत्र वधु नीभा कुमारी वर्तमान में कौआकोल पंचायत की मुखिया हैं, जबकि ससुर स्व तेतर साहू भी पूर्व में इस पंचायत के मुखिया रह चुके थे। उनके निधन की खबर के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। कौआकोल पंचायत के सरपंच मुन्नी देवी, समाजसेवी शैलेष कुमार आर्य, उपसरपंच योगेंद्र प्रसाद यादव,गपैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार, जिला पार्षद अजित यादव, पंचायत समिति सदस्य निकुंज विष्वकर्मा, साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष कुमार, युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार सोनू, बाजार समिति के अध्यक्ष समीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष लाल तथा सचिव दिलीप कुमार सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक जताते हुए शोक की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए ईष्वर से प्रार्थना किया।

महिला अपहरणकांड का मुख्य अभियुक्त पुलिस गिरफ्त से बाहर

हिसुआ/नवादा/सं.। जिले के चर्चित ट्रिपल महिला अपहरण कांड का मुख्य अभियुक्त कई दिनों बीतने के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हालांकि, इस हाई प्रोफाइल अपहरण कांड के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, बावजूद पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। बता दे कि पिछले 24 अगस्त 2024 को थाना क्षेत्र के अरियन गांव की तीन महिलाओं का अपहरण गांव के ही अरविंद कुमार सिंह उर्फ टुन्नी सिंह एवं उनके बेटों के द्वारा कर लिया गया था। इस संबंध में पीड़ित राजेश मांझी के द्वारा अपनी मां, पत्नी और भभू की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही हिसुआ पुलिस एक्टिव हुई और 72 घंटे के अंदर जिले के षाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से अपहृत तीनों महिलाओं मंजू देवी, सुग्गी देवी तथा बबिता देवी को सकुशल बरामद कर लिया था। पुलिस दबिश के कारण अपहरणकर्ता तीनों महिलाओं को छोड़कर फरार हो गया था। मुख्य अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अब तक पटना, नवादा तथा नालंदा के कई जगहों पर अब तक लगातार छापेमारी कर रही है, जिसमें अभी तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है।

गोलीकांड के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

हिसुआ/नवादा/सं.। स्थानीय थाना पुलिस ने गुरुवार की रात्रि एवं शनिवार की सुबह अवैध बालू के धंधा में वर्चस्व को लेकर थाना क्षेत्र के लटावर गांव में की गई फायरिंग के तीन आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे की अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में छोटेलाल सिंह अवैध बालू कारोबार में मुखबिरी की भूमिका निभाया करता था। छोटेलाल सिंह मंझवे लाईन होटल पर बैठकर लाईनर की भूमिका अदा करता था तथा पुलिस की हर गतिविधियों की सूचना बालू माफियाओं तक पहुंचानें का कार्य करता था। वहीं गिरफ्तार उमेश सिंह गोली कांड के मुख्य आरोपी अखिलेश सिंह का सहयोगी था। वहीं गोली चलाने के बाद अखिलेश सिंह घटना में प्रयुक्त पिस्टल को रखने के लिए दयानंद साव को दिया था, जिसने स्वंय पुलिस को अपने घर में पिस्टल रखे जाने की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस ने उसके घर से घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया।

सन्मार्ग

Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

7 से 17 तक की जा सकती है दावा/आपत्ति : आयुक्त

■ मतदान केंद्रों के युक्तीकरण को लेकर बैठक

नवगछिया/संवाददाता। भागलपुर समीक्षा भवन में उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिला पदाधिकारी प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि- 01 जनवरी 2025 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व मतदान केंद्रों के युक्तीकरण को लेकर भागलपुर जिला के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई। संबोधित करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 01 जनवरी 2025 से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाना है, जिसके लिए मतदान केंद्रों का युक्तीकरण किया जा रहा है। वैसे मतदान केंद्र जिनका भवन जर्जर है, उसके लिए उसी क्षेत्र के समीप नया मतदान केंद्र बनाया गया है तथा जिस मतदान केंद्र पर 1400 से अधिक मतदाता हो गए हैं वहां के मतदाता को पास के ही मतदान केंद्र में जहां 1400 से कम मतदाता हैं, वहां शिफ्ट किया गया है, शनिवार को इसका प्रारूप प्रकाशन किया जा रहा है, इसके संबंध में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने-अपने विधानसभा के बढ़े हुए मतदान केंद्रों की जानकारी देंगे। बैठक में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से बताया गया की 152- बिहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं, मतदान केंद्रों की संख्या 251 से बढ़कर अब 267 हो गई है। वही 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 8 नए मतदान केंद्र बने हैं, कुल मतदान केंद्रों की संख्या 272 हो गई है। 154- पीरपैंती में 9 नए मतदान केंद्र बने हैं कुल मतदान केंद्रों की संख्या 359 हो गई है। 155- कहलगांव में 16 नए मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, कुल मतदान केदो की संख्या 359 हो गई है। 156- भागलपुर में 7 नए मतदान केंद्र बने हैं, मतदान केंद्र की संख्या 343 हो गई है। 157- सुल्तानगंज में 21 नए मतदान केंद्र बने हैं, मतदान केंद्रों की संख्या अब 373 है और 158- नाथनगर में 18 नए मतदान केंद्र बने हैं। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 356 हो गई है। इस प्रकार भागलपुर में मतदान केंद्रों की संख्या 2234 से बढ़कर 2330 हो गई है। कुल 96 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जबकि 126 मतदान केंद्रों, जहां 1400 से अधिक मतदाता थे, के कुछ मतदाताओं को अन्य मतदान केंद्र में शिफ्ट किया गया है। वैसे मतदान केंद्र में 152- बिहपुर के 12, 153- गोपालपुर के 21, 154- पीरपैंती के 28, 155- कहलगांव के 13, 156- भागलपुर के 22, 157- सुल्तानगंज के 10 एवं 158- नाथनगर के 20 मतदान केंद्र शामिल हैं। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि 7 सितंबर से 17 सितंबर 2024 तक मतदान केंद्रों के संबंध में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के यहां या जिला निर्वाचन कार्यालय, भागलपुर में दावा/आपत्ति की जा सकती है। दावा/ आपत्ति की जांच कर यथोचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रकाशित प्रारूप की छायाप्रति राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को निर्देश दिए।

खुली पार्थ लाइब्रेरी, छात्र-छात्राओं को होगी पढ़ाई में सहूलियत

■ सांसद सिग्रीवाल ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

इसुआपुर/संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पार्थ लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि सुदूर देहाती क्षेत्र में ऐसी लाइब्रेरी की आवश्यकता थी। जिसमें छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शांतिपूर्ण माहौल में कर सकते हैं। जिससे वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। लाइब्रेरी के प्रबंधक प्रियांशु कुमार ने बताया कि यहां प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को शांतिपूर्ण माहौल में बैठकर पढ़ने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहूलियत मिलेगी। पूर्णतः वातनुकूलित लाइब्रेरी कैंपस में 24 घंटे वाई फाई नेट तथा बिजली की व्यवस्था रहेगी। बच्चे अपनी सुविधा के अनुसार 24 घंटों में कभी भी यहां बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं को अन्य कई तरह की सुविधाएं देने की भी बात बताई । इस मौके पर भाजपा नेता धीरज सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह, चंदन कुमार प्रसाद, कुंदन सिंह, अनिल प्रसाद, जितेंद्र सिंह समेत सैकड़ों शिक्षाविद छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग थे।

एक झलक

बिजली चोरी मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

पतरघट (सहरसा)/सं। विद्युत उर्जा चोरी के मामले में कनीय अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पतरघट ने थानाध्यक्ष को आवेदन देते 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराया है। दिये आवेदन में कनीय अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पतरघट स्वराज आंनद ने कहा है कि शुक्रवार को विद्युत उर्जा चोरी रोकथाम के लिए छापेमारी दल का गठन किया। जिसमें उनके आलावा मानव बल अमर नारायण सिंह, विक्रम कुमार, विटु कुमार विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पतरघट ने पामा निवासी सुरेन्द्र पंडित पर राशि 49910, प्रमोद मेहता पर राशि 16803, सुरेन्द्र सादा पर राशि 19386, फुल्लो सादा पर राशि 28695, राजकुमार सादा पर राशि 29767, विनोद विश्वास पर राशि 16843, हीरो देवी पर राशि 27036, संजू देवी पर राशि 32781, दिनेश कुमार पर राशि 74602, गणेश शर्मा पर राशि 14412 का विद्युत उर्जा चोरी किये जाने से एनबीपीडीसीएल को क्षति होने का रिपोर्ट दर्ज कराया है।

बीडीओ ने आवास लाभुकों का किया स्थल निरीक्षण

सलखुआ (सहरसा)/सं। प्रखण्ड के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा के कबिरा पंचायत अंतर्गत कबीरा व कामास्थान गांव में शनिवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने पीएम आवास योजना के नये लाभार्थी के यहां पहुंच कर निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा की नए लक्ष्य में वैसे लाभुक का निरीक्षण किया गया जिसका पक्का का भवन पहले से नही हो। गरीब परिवार को इसका लाभ मिल सके। मौके पर आवास सहायक अरुण राम, पर्यवेक्षक रमण कुमार मौजूद रहे।

ट्रैक्टर के धक्के से युवक की मौत

इसुआपुर/सं। स्थानीय थाना क्षेत्र के बंगरा गांव स्थित पुल के पास शुक्रवार को ट्रैक्टर के धक्के से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुम्हां गांव के मोहन कुशवाहा के 20 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। वहीं इस दुर्घटना में उसी गांव के शत्रुघ्न कुशवाहा के पुत्र सोनू कुमार भी घायल हो गए हैं। जिनका उपचार सीएचसी इसुआपुर में चल रहा है। ट्रैक्टर उसी गांव के मोखतार पड़ित की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने वहां पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही लोगों को लगी गांव में भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, स्थानीय रामचौरा पंचायत के मुखिया संजय रजक, सरपंच पति विजय सिंह, बीडीसी राजेंद्र यादव, रमेश राय, नितेश सिंह, शिक्षक सुनील राम, सुधीर राम व अन्य ने पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों का ढ़ाढस बंधाया तथा अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्ति की।

नवजात शिशु की मौत के बाद हंगामा

सीवान/सं। सीवान शहर के हास्पीटल रोड के रामाजी चौधरी मोड़ के पास स्थित मातुल्य न्यूबर्न एंड चाइल्ड केयर सेंटर में शुक्रवार की सुबह एक नवजात की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही महादेवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया। बताते चलें कि मृतक नवजात का परिवार सिसवन थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव का रहने वाला है। परिवार के सदस्य विनोद यादव ने बताया कि 3 सितंबर को सामान्य प्रसव के बाद बच्चे की तबीयत ठीक थी। परिवार के आत्मसंतुष्टि के लिए उन्होंने नवजात को जांच के लिए मातुल्य न्यूबर्न एंड चाइल्ड केयर सेंटर में भर्ती कराया। डॉक्टर खवीश कुमार ने बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए उसे एक-दो दिन अस्पताल में रखने की सलाह दी। वहीं दो-तीन दिन भर्ती करने के बाद उन्होंने कही रेफर करते हुए दूसरे अस्पताल में जाने को कहा परिजन जब नवजात शिशु के पास पहुंचे तो बच्चे की मौत हो चुकी थी। जिसको लेकर परिजन हंगामा करने लगे तथा चिकित्सक को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से करने लगे। मौके पर पहुंचकर महादेव अप की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं समाचार प्रेषण तक चिकित्सा फरार बताया जाता है।

दिव्यांगजनों के लिए बैट्री चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध

■ मुख्यमंत्री दिव्यांजजन सशक्तिकरण योजना से अब तक 251 लाभुक अच्छादित

सहरसा/संवाददाता। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के अंतर्गत संबल योजना के तहत चलंत दि०?यांग छात्र छात्राओं व रोजगारपरक दिव्यांगजनों की विशेष श्रेणी के लिए आवागमन की मूलभूत आवश्यकता के दृष्टिगत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा बैट्री चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत चलंत दिव्यांगजन छात्र-छात्राएं जिनका आवासन बिहार राज्य स्थित महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिसर से तीन किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर है अथवा चलंत दिव्यांगजन जो स्वावलंबन के उद्देश्य से बिहार राज्य में अपना रोजगार करते है। वही उनका रोजगार स्थल तीन किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हो। बिहार राज्य के स्थायी निवासी एवं बिहार में आवासन अनिवार्य है। आय

ओला इलेक्ट्रिक ने आकर्षक डील और ऑफर पेश किए

खगड़िया/संवाददाता। ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीजन से पहले आकर्षक डील और ऑफर पेश किए। ग्राहकों को चुनिंदा एस1 स्कूटर खरीदने पर 5,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा, एक्सेसरीज और चुनिंदा बैंक के क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर कंपनी ने 11,000 रुपये तक के अतिरिक्त लाभ की घोषणा भी की है। ग्राहकों को 12,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है। इस ऑफर का लाभ ग्राहक नजदीकी ओला इलेक्ट्रिक स्टोर पर आकर ले सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा शहरों में 15 सितंबर तक लागू रहेगा। कंपनी अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल या 80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करती है। ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा दूर हो सकेगी। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं।

17 तक ही दावा/आपत्ति स्वीकार होंगे : डीएम

■ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक

सहरसा/ब्यूरो। शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 74, 75, 76 एवम 77 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर श्री ललित कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार झा, सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पदाधिकारी अनीषा सिंह, अपर समाहर्ता श्री ज्योति कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की अर्हता तिथि 01.01.25 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण हेतु अपेक्षित कार्यों के तहत शत प्रतिशत मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन पश्चात मतदान केंद्रों संबंधी प्रारूप सूची को 05 सितम्बर तक तैयार करने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुरूप सात सितम्बर को प्रारूप सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त/निबंधित राजनीतिक दल प्रतिनिधियों को तत्संबंधी सूची उपलब्ध कराई गई एवं उनसे अपेक्षा की गई की वे इसका गंभीरता से अध्ययन करने के पश्चात अपने मंतव्य संबंधित प्रतिवेदन लिखित रूप में जिला निर्वाचन शाखा को उपलब्ध कराएंगे। जानकारी दी गई कि 07 से 17 सितम्बर तक दावा/आपत्ति स्वीकार किए जाएंगे एवं 25 सितंबर से पूर्व दावा/आपत्ति का निपटारा कर लिया जाना है। इसके पश्चात 26 से 28 सितम्बर के बीच मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के साथ पुन बैठक का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आगे की कारवाई की जाएगी।

विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया में लाएं तेजी : डीएम

■ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर भू-अर्जन के लिए डीएम ने की बैठक

छपरा/संवाददाता। जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिये भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने बैठक किया। मुख्यरूप से भारत माला परियोजना के तहत एन एच-139, गंगा नदी पर जेपी सेतु के समानांतर पश्चिम में नये 6 लेन पुल निर्माण, राम-जानकी मार्ग , रिविलगंज बाईपास, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना के लिये किये जा रहे भू-अर्जन कार्य की समीक्षा की गई। भारतमाला परियोजना के तहत एन एच-139 के बाकरपुर-मानिकपुर खंड में सारण जिला के 22 राजस्व ग्राम में लगभग 99 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इसमें कुल 584 पंचाटियों में से 23 को मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है।

फैमिली प्लानिंग सिस्टम से संबंधित आशा कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

पतरघट (सहरसा)/संवाददाता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पतरघट में शनिवार को प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ताओं को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।अब स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कार्यकर्ता परिवार नियोजन के लिए उपयोग आने वाली गर्भ निरोधक सामग्रियों की मांग कागजों के बजाय ऐप के द्वारा की जाएगी। इसे श्रम के साथ समय की भी बचत होगी। इस दौरान ऐप पर पता चलेगा की वर्तमान में स्टॉक कितना है। प्रशिक्षण में शामिल सभी आशा कार्यकर्ता को पीएसआई इंडिया के जिला प्रबंधक मासूम इकबाल ने मोबाइल में एफपीएलएमआईएस ऐप इंस्टॉल कराया। इसके साथ ही ऐप से संबंधित सभी जानकारी आशा कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया। उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से परिवार नियोजन सामग्रियों की उपलब्धता तथा मात्रा का भी पता चल जाएगा। मात्रा के हिसाब से लाभार्थियों के बीच सामग्री वितरण करने में आसानी होगी। यह प्रशिक्षण चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी. के प्रशांत की अध्यक्षता में दी गई। जिसमें प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक राहुल कुमार, प्रखंड अनुश्रवण एवम मूल्यांकन सहायक दीनू कुमार, परिवार नियोजन परामर्शी राजेश कुमार,पीएसआई इंडिया के असिस्टेंट मैनेजर प्रफुल कुमार शर्मा सहित सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

पेज एक का शेष

श्रद्धालुओं की...

है, ऐसे में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा प्रबंध रखें। घाटों, तालाबों एवं रास्तों की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। तालाबों की स्वच्छता का विशेष रुप से ख्याल रखें क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु तालाबों में स्नान करते हैं इसलिए पानी की स्वच्छता के साथ-साथ उसकी निकासी भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने की आवश्यकता है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सहूलियत का पुख्ता इंतजाम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि गया ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल है। यहां का अतीत गौरवशाली है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के अन्य हिस्सों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आते हैं। अब इनकी संख्या और बढ़ेगी, इसको ध्यान में रखते हुए सारी तैयारी तेजी से पूर्ण करें। ऐसी व्यवस्था रखें कि सभी लोग यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। समीक्षा बैठक में पितृपक्ष मेला-2023 पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी, जिसमें यहां पर पधारे श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष मेले के इंतजाम की प्रशंसा की और अपने-अपने सुखद अनुभव साझा किये। पितृपक्ष मेले की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया। समीक्षा बैठक के दौरान पंडा समाज के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री द्वारा गयाजी के विकास के लिए किये गये कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गया में गंगाजल को पहुंचाकर अद्भुत कार्य किया है। समीक्षा बैठक में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, गया जिले के प्रभारी मंत्री सह पर्यटन एवं उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, पूर्व मंत्री सह विधायक कुमार सर्वजीत, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक आलोक राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस सिद्धार्थ, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी राजेन्दर, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन सरवन कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संजीव पुडक्कलकट्टी, मगध प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम, गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

गयाजी डैम के...

शुद्ध पेयजल के रूप में यहां उपलब्ध कराया गया है, सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर इसकी व्यवस्था हो और इसे अंकित भी करा दें। जो लावारिस पशु शहर के अंदर विचरण कर रहे हैं उन्हें पकड़कर गौशाला में रखने की तत्काल व्यवस्था की जाये। पितृपक्ष मेले में आने वाले दिव्यांग एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। शौचालय की नियमित सफाई होनी चाहिए।

पिंडदान गया मोबाइल...

को बेहतर व्यवस्था के संचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध हो सके, इसके लिए पिंडदान गया मोबाइल एप विकसित किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिलेगी।

सीएम ने विष्णुपद...

सीताकुंड, गयाजी धाम, विष्णुपद मंदिर और एनएच-82 तक एक कॉरिडोर के रूप में दिखेगा। इससे आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से मनसरवा नाला पर घुघरी टांड़ मोड़ से फल्गू नदी तट तक बॉक्स नाला-सह-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। एनएच-82 से विष्णुपद मंदिर के समीप तक पीसीसी पथ व नाला का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर के समीप बंगाली आश्रम से एनएच-82 सुब्रत पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य एवं एनएच-82 पथ के किनारे एक तरफ वाहन पड़ाव एवं रैम्प निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बह्मयोनि एवं प्रेतशीला पहाड़ी पर मृदा जल संरक्षण कार्य का भी शिलान्यास किया।

रैयतों की समस्याओं...

है। पूर्व की ऑफलाइन रसीद भी पूरी तरह से मान्य है। श्री जायसवाल ने साथ ही वंशावली को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि रैयतों को वंशावली खुद से बनाना है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति या कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं है। न ही किसी से उसे सत्यापित कराने की आवश्यकता है। सादे कागज पर अपनी वंशावली बनाकर और स्व-घोषणा के साथ इसे जमा करना है। यह पूरी तरह मान्य है। मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति 12 प्रकार के राजस्व दस्तावेजों की डिजिटली हस्ताक्षरित प्रति भी ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। इसके लिए रैयतों को मामूली शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना पड़ता है। चाहें, तो रैयत घर बैठे दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं। रैयतों को सिर्फ विभागीय वेबसाइट पर माउस क्लिक करना है।

विदिशा में भीषण...

में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मृतकों की पहचान झालावाड़ जिले निवासी किशन लोधा (60), विनोद माली (34), वर्दी बाई लोधा (70) और राजबाई भील (48) के रूप में हुई है। लटेरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में लगभग 10 लोग सवार थे, जिसमें चार की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि सभी लोग छतरपुर के बागेश्वर धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। हादसा जिले के लटेरी पेट्रोल पंप के पास हुआ। श्रद्धालुओं की कार सिरोंज की तरफ से आ रही थी, इसी दौरान ट्रक पेट्रोल पंप से बाहर की ओर निकला। तभी कार पीछे से ट्रक में जा घुसी।

विकसित भारत का...

प्रयोग शाला और विद्यार्थियों की तुलना कच्चे माल की और कहा,आप वो लोग हैं आपके मन में जो सपना आए, उस सपने को साकार करने के लिए वो लैबोरेटरी (प्रयोगशाला) आपके सामने ही है, कच्चा माल आपके सामने ही है, वो बच्चे आपके सामने ही हैं। आप अपने सपनों को लेकर के उस प्रयोगशाला में प्रयास करेंगे, आप जो चाहें वो परिणाम लेकर के आएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अपने बच्चों को बड़े विश्वास के साथ स्कूल को सुपुर्द करते हैं। वे न केवल अपने बच्चे का परीक्षा परिणाम अच्छा देखना चाहते हैं बल्कि मां-बाप को लगता है कि शिक्षक उन्हें बच्चों का उससे भी कुछ अच्छा विकास करेंगे, उसके संस्कार और उसकी आदतों में सुधार लाएंगे।

सेवा से बर्खास्त...

आईएएस प्रोबेशनर (एमएच:2023) द्वारा सीएसई-2012 से सीएसई-2023 के बीच अपने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) आवेदन पत्रों में प्रस्तुत की गयी जानकारी के अनुसार पाया गया है कि उन्होंने सीएसई में अपनी दावा की गयी श्रेणी (ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी) में अधिकतम अनुमेय नौ (09) प्रयासों की संख्या से अधिक प्रयास किये थे। उन्होंने 2012 और 2020 के बीच यानी सीएसई-2022 से पहले सिविल सेवा परीक्षाओं का प्रयास करके अधिकतम अनुमेय नौ (09) को समाप्त कर दिये थे।

सुनीता विलियम्स...

आठ दिनों के लिए आईएसएस में रहने के लिए निर्धारित किया गया था। तकनीकी जटिलताओं के कारण हालाँकि वे पहले ही तीन महीने अंतरिक्ष में बिता चुके हैं। नासा ने अंततः फैसला किया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्टारलाइनर पर घर भेजना बहुत जोखिम भरा है। अब नयी योजना के तहत दोनों अंतरिक्ष यात्री फरवरी 2025 में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर पृथवी पर लौटेंगे और स्टारलाइनर बिना चालक दल के पृथ्वी पर वापस आ गया।

विकसित भारत के...

से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। श्री धनखड़ ने विद्यार्थियों की समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता, सफलता की शुरूआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर का डर मन से निकाल दें और डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया।

प्रकाशक एवं मुद्रक प्रेम द्वारा स्वामी सन्मार्ग प्रा. लि. के लिए सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्रा. लि. 502 मां भगवती कॉम्पलेक्स, बोरिंग रोड चौराहा, पटना-1, बिहार से प्रकाशित तथा मॉर्निंग इंडिया प्रिंटिंग प्रेस, महादेव नगर (गांधी मार्केट), प्लॉट नंबर-3459, खाता नंबर-1923, थाना नंबर- 01, दीघा, पटना-11 से मुद्रित, संपादक : **प्रेम शंकर*** फोन नं: 0612-2577643, फैक्स : 0612-/2577644, आरएनआई नं: BIHHIN/2007/23300 (*पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

सन्मार्ग Live News & Epaper http://www.live7tv.com

दलीप ट्रॉफी

पंत के नैसर्गिक खेल से इंडिया 'बी' को 240 रनों की बढ़त

पंत ने 47 गेंदों पर 61 रनों की खेली विस्फोटक पारी

भारत 'ए' ने पहली पारी में बनाये 231 रन

एजेंसी/बेंगलुरु। ऋषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया बी के वशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया 'बी' की पारी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत की 47 गेंदों पर 61 रन की विस्फोटक पारी रही। उन्होने यह रन नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाये। पंत ने अपने नैसर्गिक खेल का प्रदर्शन उस समय किया कि जब भारत बी अपनी पकड़ खोता दिख रहा था। वह ऑफ स्पिनर तनुश कोटियन के शिकार बने, लेकिन उनकी पारी ने शुरुआती झटकों के बाद पारी में जरूरी गति ला दी। सरफराज खान ने 36 गेंदों में 46 रनों की जोरदार पारी खेली। वह आवेश खान की तेज गेंद को छूने के प्रयास में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों आउट हुए। दिन के अंतिम ओवरों में भारत बी ने आखिरी 10 ओवरों में केवल 27 रन बनाए और इस बीच दो विकेट खो दिए। आकाश दीप के तेजतर्रार स्पैल ने दबाव बनाए रखा। उनके लगातार सीम मूवमेंट ने भारत बी के बल्लेबाजों को नियंत्रित रखा। इससे पहले, भारत ए पहली पारी में 90 रन से पिछड़ते हुए 231 रन पर आउट हो गई। तनुश कोटियन (32) और आकाश दीप (11) ने हालांकि कुछ देर तक संघर्ष किया। खलील अहमद आखिरी खिलाड़ी के रूप में आउट हुए। इंडिया 'बी' के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन सस्ते में आउट हो गये। एक समय तीन विकेट 22 पर गंवा कर भारत बी मुश्किल में लग रहा था मगर पंत और सरफराज ने पारी को आगे बढ़ाया।

यूएस ओपन

जननिक सिनर व टेलर फ्रिट्ज फाइनल में

सेमीफाइनल में सिनर ने जैक ड्रेपर को 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराया

एजेंसी/वाशिंगटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर शुक्रवार को यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन गये, जबकि टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों के कठिन मैच के बाद फाइलज में अपनी जगह बनायी। सिनर ने ब्रिटिश उभरते सितारे जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही कठिन मैच था। मैं बस मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश कर रहा था। ड्रेपर को हराना आसान नहीं था। यदि सिनर फाइनल जीतते हैं, तो वह एक ही सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों जीतने वाले इतिहास के चौथे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल में, 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने साथी अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो को रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। इसके लिए उन्होने तीन घंटे और 18 मिनट तक संघर्ष किया और वापसी की। 2006 के बाद से यूएस ओपन पुरुष फाइनल में जगह बनाने वाले पहले स्थानीय खिलाड़ी थे। फ्रिट्ज ने आंसुओं के साथ कहा, यही कारण है कि मैं इतनी कड़ी मेहनत करता हूं। मैं यूएस ओपन के फाइनल में हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने जा रहा हूं। महिला युगल फाइनल में, चीन की अनुभवी झांग शुआई और उनकी फ्रांसीसी जोड़ीदार क्रिस्टीना म्लादेनोविक सातवीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको से 6-4, 6-3 से हार गयी। झांग ने कहा कि किकी के बिना, निश्चित रूप से मैं आज सेंट्रल कोर्ट में खड़ी नहीं रह सकती थी। मैं किचेनोक और जेलेना को बधाई देना चाहती हूं, आपका प्रदर्शन इस ट्रॉफी का हकदार है।

अंतरस्कूल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट : क्रिकेट 11 की टीम ने ड्रीम 11 को हराया

पटना/का.सं। प्रथम दीन दयाल मेमोरियल अन्तर स्कूल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट 11 की टीम ने ड्रीम 11 को 179 रनो से हराया। प्रतियोगिता के सचिव पवन कुमार ने बताया की टॉस ड्रीम 11 की टीम ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट 11 की टीम ने आयुष के तूफानी 63 रनो की मदद से निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर 250 रन बनाए। रौशन ने 39 और प्रियांशु ने 34 रन बनाए।

पेरिस पैरालंपिक-2024

सेमा ने शॉटपुट स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

एजेंसी/पेरिस। भारतीय एथलीट होकाटो सेमा ने पहली बार पैरालंपिक खेलों में भाग लेते हुए पुरुषों की शॉटपुट एफ57 के फाइनल मुकाबले में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।नागालैंड के रहनेवाले एथलीट होकाटो सेमा ने शुक्रवार देर रात खेले गये गोला फेंक मुकाबले मे 14.65 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ पैरालंपिक में छह स्वर्ण, नौ रजत, 12 कांस्य के साथ भारत के पदकों की संख्या 27 हो गयी है। इस स्पर्धा में ईरान के यासिन कोसावनी ने 15.96 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक और वहीं थिएगो पॉलिनो ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक मिला। 24 दिसंबर 1983 को जन्में होकाटो सेमा नागालैंड के किसान परिवार से आते है। वह सेना में थे और वर्ष 2002 में जम्मू कश्मीर के चौकीबल में आंतकवाद विरोधी अभियान में होकाटो सेमा ने भाग लिया।

चोटिल मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड को दाहिनी कोहनी में लगी है चोट

एजेंसी/लंदन। दाहिनी कोहनी में चोट के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के आगामी दौरों में नहीं खेलेंगे। वुड ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, पहले से परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी की हड्डी में कुछ तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि यह मेरी कोहनी की जांच कराने का एक अच्छा समय है क्योंकि इसमें थोड़ी जलन थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य चोट के बराबर रखूंगा और जिसके माध्यम से मैं खेल रहा था। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से आश्चर्यचकित हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और मैंने अपनी गति बढ़ा रखी है।इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के दौरान वुड को अपनी कोहनी में बढ़ती परेशानी का अनुभव हुआ था। हालाँकि, उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भाग लिया और दो विकेट लिए। इसके बाद उन्हें दूसरे और तीसरे टेस्ट से अंतिम एकादश से आराम दिया गया।आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे टेस्ट में उनकी जगह ओली स्टोन को लिया गया और तीसरे टेस्ट में अनकैप्ड तेज गेंदबाज जोश हल ने पदार्पण किया।ईसीबी मेडिकल टीम उनके प्रबंधन और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए वुड के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी। चोट का मतलब है कि वुड अक्टूबर में इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे और दिसंबर में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान मैदान से बाहर रहेंगे।

अजमेर में छह दिवसीय 'खेल स्पैक्ट्रम' का उद्घाटन

एजेंसी/अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने कहा है कि अपने पेशे में व्यस्तता के कारण तनावग्रस्त रहने वाले चिकित्सकों के जीवन में खेलकूद की अहम भूमिका है , जिसके जरिए वे 'रिलैक्स' रह सकते हैं। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डा. भीमराव अम्बेडकर सभागार में रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन की ओर से छह दिवसीय ' खेल स्पैक्ट्रम ' के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि चिकित्सक रिलैक्स रहेगा तो उसके जीवन में स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ मस्तिष्क सक्रिय रहेगा, जिससे वह चिकित्सक के रूप में समाज की ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सर्व संस्कारित व्यक्ति के जीवन में अनुशासन भी आता है।

भारतीय हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार

आज से शुरू होगा टूर्नामेंट

मोकी (चीन)। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम आठ सितंबर से यहां शुरू होनेवाली हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए कमर कस चुकी है। मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भारत खिताब बचाने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, जबकि मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद के साथ पहुंचे हैं। पिछले साल, भारत ने घरेलू मैदान पर चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही शुरूआत हासिल की और इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर पहुंचने की जीत हासिल की। ??इस बार भी, हम यह टूनार्मेंट जीतकर नए सिरे से ओलंपिक चक्र शुरू करना चाहते हैं। हालांकि इस टूर्नामेंट में हमारे ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल रहे हैं, हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो टीम में अपना प्रभाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारे आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं लेकिन हम ऐसा करेंगे विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ एक संरचित रक्षा खेलना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग अंकों के मामले में यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

शरद कुमार ने पैरा एथलेटिक्स में भरी ऊंची उड़ान

एजेंसी/नयी दिल्ली। भारत के पैरा-एथलीट शरद कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में रजत पदक हासिल कर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा किया। एक मार्च 1992 को बिहार के मोतीपुर में जन्मे शरद को दो साल की उम्र में ही पोलियो हो गया था। उनका बचपन स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से भरा हुआ था, जिससे उन्हें ठीक करने के लिए अस्पतालों के दौरे के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुष्ठानों की आवश्यकता पड़ी।चार साल की उम्र में, शरद को एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया गया जहां उन्हें खेलकूद से बाहर रखा गया। ऐसी स्थिति ने उसे बहुत निराश किया।

पाकिस्तान : चार आत्मघाती हमलावर ढेर

एजेंसी/इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैन्य मुख्यालय पर आतंकवादियों के हमले को विफल कर दिया गया है और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में चार आत्मघाती हमलावर मारे गये हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक मोहमंद जिले में स्थित अर्धसैनिक फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर एक समूह में आये चार आतंकवादियों ने हमला किया। सुरक्षा बलों ने शिविर में घुसने के प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। इस दौरान सभी चार आत्मघाती हमलावर मारे गये।

बीएसएफ के डीजी ने सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर के डीजीपी के साथ की बैठक

एजेंसी/श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नवनियुक्त प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ रोधी उपायों पर चर्चा करने के लिए श्रीनगर में बैठक की। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और अन्य शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत की।इस दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष डीजी और डीजीपी नलिन प्रभात भी मौजूद थे।प्रवक्ता ने कहा, बातचीत के दौरान अधिकारियों ने सीमा और अंदरूनी इलाकों में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित किया और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घुसपैठ रोधी उपायों पर जोर दिया।अधिकारियों ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में खुफिया जानकारी साझा करने और बीएसएफ तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच सहयोग बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

आंध्र प्रदेश में बारिश व बाढ़ से अब तक 33 लोगों की मौत

20 जिलों में 1,81,538 हेक्टेयर में फसलों को हुआ नुकसान

एजेंसी/विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में पिछले सात दिनों के दौरान जारी भारी बारिश और बाढ़ से 33 लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति अभी भी लोग लापता हैं। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि राज्य में बाढ और बारिश से अभी तक 33 लोगों की जान चली गयी है। जिनमें से एनटीआर जिले में 25, गुंटूर जिले में सात और पलनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस आपदा में 106 बड़े और 356 छोटे सहित 462 मवेशी मारे गए। इसके अलावा 61,974 पक्षी भी मारे गये हैं। अधिकारी ने विशेष रूप से पशुधन के लिए 131 स्वास्थ्य शिविर स्थापित किये, जहां 14,092 जानवरों का इलाज किया गया है। बाढ़ के कारण सात विद्युत उप-स्टेशन और दो 33 केवी फीडर क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल, उनकी मरम्मत कर दी गई। बाढ़ के कारण 63 स्थानों पर सड़कें टूट गयीं। विज्ञप्ति के अनुसार, बाढ़ और लगातार बारिश के कारण 20 जिलों में 1,81,538 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है और 205194 किसानों को इसका नुकसान हुआ। इसके अलावा 19,686 हेक्टेयर में बागवानी फसलें क्षतिग्रस्त हो गयीं, जिससे 12 जिलों के 30,877 किसान प्रभावित हुए। लगातार बारिश और बाढ़ के कारण 6,44,133 लोग प्रभावित हुए और उनके लिए 230 राहत शिविर स्थापित किए गए, जबकि 344 गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा शिविरों में रखा गया। विज्ञप्ति के मुताबिक, एनटीआर जिले में राहत अभियान चलाने के लिए 18 राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), 23 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दो नौसेना टीमों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जबकि छह हेलीकॉप्टरों (दो नौसेना से और चार वायु सेना) से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोजन के पैकेट तथा पानी की बोतलें गिरायी गयीं।

अमेजन फ्रेश ने की सुपर वैल्यू डेज की शुरुआत की

नयी दिल्ली/एजेंसी। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बन गया है, जिसने देशभर में 5 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों को जोड़ा है। यह कार्ड अनलिमिटेड कैश बैक, लाइफटाइम मुफ्त कार्ड, तुरंत जारी करने, वीडियो केवाईसी और पेपरलेस ऑनबोर्डिंग जैसे फायदे देता है। उद्योग में सबसे अधिक एनपीएस स्कोर के साथ, कार्ड का प्रति उपयोगकर्ता औसत खर्च उद्योग मानकों से 22% अधिक है। 31 अगस्त से 8 सितंबर 2024 तक चलने वाले अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज में आपको त्यौहारों के दौरान अपने मेहमानों को स्वादिष्ट भोजन से खुश करने के लिए हर जरूरी चीज मिलेगी। ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में 5 मिलियन कार्ड की उपलब्धि पर बोलते हुए, मयंक जैन, निदेशक - क्रेडिट और लेंडिंग, अमेजन पे ने कहा, "हम यह देखकर उत्साहित और अभिभूत हैं कि अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पूरे भारत में ग्राहकों के साथ इतनी मजबूती से जुड़ता है।" अमेजन फ्रेश प्राइम रिपीट ग्राहकों के लिए शानदार डील्स प्रदान करता है,

पेंशन सुधार पर फिर से विचार किया जाएगा : बार्नियर

एजेंसी/पेरिस। फ्रांस के नवनियुक्त प्रधान मंत्री मिशेल बार्नियर ने विवादास्पद पेंशन सुधार पर चर्चा फिर से शुरू करने के अपने इरादे की घोषणा की। फ्रांस में पेंशन सुधार के खिलाफ जनवरी से जून 2023 तक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। सामूहिक कार्रवाइयों में देश भर में दस लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुये। लेकिन सितंबर में सेवानिवृत्ति की आयु 62 से 64 वर्ष तक क्रमिक वृद्धि पर एक कानून लागू हुआ। बार्नियर ने शुक्रवार को ह्यटीएफ1ह्ल प्रसारक को बताया, ह्लमैं सबसे कमजोर लोगों के लिए इस कानून में सुधार पर बहस शुरू करूंगा।साथ ही उन्होंने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि क्या सुधार द्वारा परिकल्पित सेवानिवृत्ति की आयु में क्रमिक वृद्धि के प्रावधान को संशोधित किया जाएगा, खुद को केवल यह कहने तक सीमित रखा कि वह देश के बजट को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहते हैं।

हिमाचल में भांग की खेती को मिलेगी मंजूरी : नेगी

ग्रामीण लोगों के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

एजेंसी/शिमला। हिमाचल में औषधीय और उद्योगों में उपयोग के लिए भांग की खेती को वैध बनाने को लेकर गठित कमेटी की रिपोर्ट सदन में पेश की गयी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से सदन के पटल पर रखी गई रिपोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार किया गया। यह रिपोर्ट हिमाचल प्रदेश में भांग के औषधीय और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल की मंजूरी से जुड़ी है। राजस्व मंत्री ने नियंत्रित वातावरण में औद्योगिक, वैज्ञानिक और औषधीय प्रयोजनों के लिए भांग की खेती को वैध बनाने से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें देने के लिए राज्य सरकार की ओर से गठित समिति की रिपोर्ट पेश की। इस खेती से आने वाले समय में प्रदेश की आय में वृद्धि का दावा किया जा रहा है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। युवाओं विशेषकर ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़ेंगे। प्रदेश सरकार ने उम्मीद जताई है कि राज्य में भांग की खेती के वैधीकरण के सफल कार्यान्वयन से शुरूआती सालों में 400 से 500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी की सिफारिश के मुताबिक, एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत राज्य सरकार को प्रदत शक्तियों के आधार पर नियंत्रित वातावरण में औषधीय और वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किसी भी भांग के पौधे की खेती, उत्पादन, निर्माण, परिवहन, आयात-निर्यात, बिक्री, खरीद खपत या भांग (चरस को छोड़कर) की खेती की अनुमति, नियंत्रण और विनियमन के लिए हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम, 1989 में संशोधन किया जाएगा।

राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन में रोपे गये 17 लाख से अधिक पाम के पौधे

एजेंसी/नयी दिल्ली। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयलपाम के अंतर्गत 'मेगा पाम पौधारोपण अभियान' में 15 राज्यों में 12 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 17 लाख से अधिक पाम पौधे लगाये गये, जिससे 10 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि 15 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित कई राज्यों में पौधारोपण किया गया है। यह अभियान 15 जुलाई को आरंभ किया गया था। इस अभियान में भाग लेने वाली कंपनियों में पतंजलि फूड प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एग्रोवेट और श्रीएफ ऑयल पाम लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।

पंजाब : 293 पदों के लिए युवाओं को सौंपे गये नियुक्ति पत्र

योग्यता के आधार पर किया गया युवाओं का चयन : मान

एजेंसी/चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को स्थानीय निकाय विभाग के सभागार में विभिन्न विभागों में 293 पदों के लिये युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे ।श्री मान ने आयोजित समारोह में इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया जो युवाओं की किस्मत बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पहले भी कई ऐसे आयोजन हो चुके हैं, जिनमें युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विभाग में रिक्तियां होते ही उन्हें भरती है। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिये एक मजबूत कार्यप्रणाली अपनायी गयी है, जिसके कारण इन 44,000 से अधिक नियुक्तियों में से एक भी नियुक्ति को अब तक किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है कि सभी युवाओं का चयन पूरी तरह से उनकी योग्यता और योग्यता के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला आयोजन नहीं है, क्योंकि पंजाब सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिये ऐसे कई आयोजन किये जा चुके हैं।